वर्ष- 12 अंक - 238
लखनऊ, रविवार 20 अप्रैल 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर कब्जा किया वही अब विरोध कर रहे : भूपेंद्र चौधरी 03

मोदी के नेतृत्व में विकसित हुई नई खेल संस्कृति : राजनाथ 12

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस 25 अप्रैल से 30 मई के बीच देश भर में करेगी रैलियां

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 25 अप्रैल से 30 मई के दौरान अलग-अलग चरणों में देश भर में रैलियां करेगी। रैलियों का आयोजन 25 से 17 मई तक राज्य स्तर, विधानसभा स्तर और जिला स्तर पर किया जाएगा और आखिरी चरण में 20 से 30 मई के दौरान घर-घर सम्पर्क किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में एआईसीसी महासचिवों, कांग्रेस प्रभारियों और विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक में किया गया। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने इन निर्णयों की पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 09 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर पार्टी आगे बढ़ेगी।

### चेन्नई-चेंगलपट्टू के बीच इलेक्ट्रिक एसी ट्रेन सेवा शुरु

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे की घोषणा के मुताबिक शनिवार को पहली लोकल वातानुकूलित इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन चेन्नई बीच और चेंगलपट्टू के बीच शुरू हुआ। 12 कोच वाली इस वातानुकूलित इलेक्ट्रिक ट्रेन का न्यूनतम किराया 35 रुपये और अधिकतम किराया 105 रुपये है। चेन्नई बीच से पहली रेल सेवा आज सुबह 7 बजे शुरू हुई। यह ट्रेन पोर्ट, पार्क, एग्मोर, माम्बलम, गुइंडी, पारंगीमलाई, त्रिशूलम, तांबरम, पेरुंगलथुर, कुडुवनचेरी, पोथेरी, सिंगपेरुमल कोविल और परनूर रेलवे स्टेशनों से होते हुए सुबह 8.35 बजे चेंगलपट्टू पहुंची। वापसी यात्रा सुबह 9 बजे चेंगलपट्टू से शुरू हुई और सुबह 10.30 बजे कोस्ट रेलवे स्टेशन पहुंची।

### एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में भारत ने जीते 11 पदक

**नई दिल्ली।** हिमांशु जाखड़ ने शनिवार को सऊदी अरब के दम्मम में एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 67.57 मीटर की दूरी दर्ज करके भारत को पहला भाला फेंक स्वर्ण पदक दिलाया। यह स्वर्ण पदक महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी है। हरियाणा के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने चीन के लू हाओ (63.45 मी.) उज्बेकिस्तान के रुसलान (61.96 मी.) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हिमांशु का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 74.56 मीटर (700 ग्राम) है, जो उन्होंने दिसंबर, 2024 में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### नरेश बाल्यान समेत सात आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान और अन्य छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत शनिवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। ड्यूटी जज जितेंद्र सिंह ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बाल्यान, रितिक उर्फ पीटर, रोहित उर्फ अन्ना, सचिन चिकारा, साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू और ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा की पेशी के बाद उन सभी की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सरकारी वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये और जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश अदालत के समक्ष पेश हुए और साहिल उर्फ पोली तथा विजय उर्फ कालू की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ाने की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

### वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित होने तक न्याय अधूरा : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक वंचित और पीड़ित वर्ग की भागीदारी तय नहीं होगी तब तक न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने कहा जब तक वंचित वर्गों की असल हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी-न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा अगर आप महिला, दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े, पसमांदा, इडब्लूएस या अल्पसंख्यक वर्ग से हैं, या इन वर्गों का नेतृत्व करते हैं- तो हमारे 'संविधान लीडरशिप प्रोग्राम' से जुड़ें अपने अधिकारों की रक्षा, जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और अपनी भागीदारी की लड़ाई को मज़बूत करने के लिए साथ आएं। कांग्रेस नेता ने इस अभियान से जुड़ने का सबसे आवाहन किया।

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए 1500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

# माफियामुक्त व दंगामुक्त बना यूपी

▸ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करते हैं विकास न कर पाने वाले

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए करीब 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं।

डबल इंजन सरकार आने के साथ यूपी आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है। यूपी की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है।

उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौका मिलने पर ऐसे लोग स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं, जनता की भलाई के लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को 2014 के पूर्व के भारत और 2017 के पूर्व के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब भारत भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था, नौजवान किंकर्तव्यविमूढ़ थे। देश की सुरक्षा के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद की चुनौती थी। दस वर्षों से आप सबने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत को भी देखा है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को पूरा करते हुए, विरासत और विकास का समन्वय स्थापित करते हुए नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। अपनी सरकार के नौवें वर्ष के कार्यकाल के शुरुआती महीने में गोरखपुर को 1500 करोड़ की सौगात देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर को हासिल अकल्पनीय उपलब्धियां की भी चर्चा की।



### शिलान्यास की प्रमुख परियोजनाएं

लोक निर्माण विभाग खंड-2 व खंड-3, प्रांतीय खंड, भवन खंड, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सीएण्डडीएस यूनिट-14 व यूनिट-42, यूपीआरएनएसएस प्रखंड प्रथम, यूपीपीसीएल, यूपी सिडको व राजकीय निर्माण निगम की कुल 95 परियोजनाएं, लागत 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये।

### सीएम के हाथों लोकार्पित प्रमुख परियोजनाएं

लोक निर्माण विभाग खंड-2 व खंड-3, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सीएण्डडीएस यूनिट-14, यूपी जलनिगम नगरीय, यूपीआरएनएसएस प्रखंड प्रथम, यूपीपीसीएल और यूपी सिडको की कुल 51 परियोजनाएं, लागत 436 करोड़ 99 लाख 71 हजार रुपये।

### जीरो पॉवर्टी की तरफ बढ़े सरकार के कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार के कदम जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ चले हैं। इसके लिए सरकार नए कार्यक्रम लेकर आ रही है इसमें ऐसे परिवार जो किन्हीं भी कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उनको चिन्हित करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के बाद उन्हें एक ही दिन में, एक साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी योजनाओं के लाभ से शत प्रतिशत संतृप्त किया जाएगा। ऐसे 15 लाख परिवारों को आवास योजना, आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने के साथ ही उनके राशन कार्ड बनवाए जाएंगे। जिन्हें पेंशन की जरूरत होगी उन्हें पेंशन दिलाया जाएगा और परिवार के बेरोजगार नौजवानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा यूपी : रविकिशन

विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 साल के कार्यकाल में गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके नेतृत्व में 25 करोड़ की राज्य वाले उत्तर प्रदेश में विकास, जन कल्याण और सुरक्षा का उत्कृष्ट माहौल बना हुआ है। योगी जी की सरकार बिना भेदभाव समाज के हर तबके का विकास कर रही है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 315 गिरफ्तार, दो नाबालिग भी शामिल

एजेंसी

▸ शमशेरगंज में भीड़ ने बनाया था हिन्दू परिवारों को निशाना

**कोलकाता ।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में बीते सप्ताह मुर्शिदाबाद जिले में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के मामले में अब तक 315 लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। गिरफ़्तार किए गए अधिकतर लोगों को अब तक ज़मानत नहीं मिली है। केवल दो नाबालिगों को ही रिहा किया गया है। अफवाह और भ्रामक सूचनाओं को फैलाने वाले कुल 1,257 इंटरनेट लिंक (यूआरएल) को भी अब तक ब्लॉक किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा की शुरुआत आठ अप्रैल को रघुनाथगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी मैदान में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान हुई। दोपहर में भीड़ अचानक उग्र हो गई और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों पर हमला करने लगी। भीड़ के पास घातक हथियार थे और उन्होंने तैनात पुलिसकर्मियों से हथियार तक छीन लिए। मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल पुलिस की एक रिपोर्ट के अनुसार जिला खुफिया शाखा को 11 अप्रैल को जुमे की नमाज़ के बाद उमरपुर (रघुनाथगंज थाना), साजुर मोड़ (सूती थाना) और ओल्ड डाकबंगला मोड़ (शमशेरगंज थाना) में संभावित आंदोलन की जानकारी पहले से मिली थी। रिपोर्ट में जिन स्थानीय लोगों की भूमिका की बात कही गई है, वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार के उस दावे पर सवाल खड़ा करती है, जिसमें हिंसा के लिए ÷बाहरी तत्वों÷ को जिम्मेदार ठहराया गया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक 12 अप्रैल को शमशेरगंज थाना क्षेत्र के घोषपाड़ा इलाके में एक स्थानीय मस्जिद के पास एकत्रित भीड़ ने विशेष रूप से हिन्दू परिवारों के घरों को निशाना बनाया। अगले दिन कंचनतला मस्जिद के पास एक और भीड़ ने हिन्दू परिवारों के घरों में तोड़फोड़ की कोशिश की। गौरतलब है कि कलकत्ता हाईकोर्ट की विशेष खंडपीठ के न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की पीठ ने 12 अप्रैल की शाम को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती का आदेश दिया था। पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार की ओर से साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए उठाए गए कदम नाकाफ़ी थे।

### सेना ने गलवान, सियाचिन ग्लेशियर सहित पूरे लद्दाख में पहुंचाया 5जी नेटवर्क

**लद्दाख।** गलवान और सियाचिन ग्लेशियर सहित दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिक अब अपने प्रियजनों के साथ संपर्क में रह सकते हैं, क्योंकि सेना ने लद्दाख क्षेत्र में विश्वसनीय हाई-स्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है। पहली बार दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे डीबीओ, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों तक विश्वसनीय 4 जी व 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच है। पूर्वी लद्दाख, पश्चिमी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम स्थानों सहित लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान कर दी गई है।

## 13 आतंकी गिरफ्तार, आरडीएक्स समेत हथियारों का जखीरा बरामद

एजेंसी

▸ बब्बर खालसा के नियंत्रण में चल रहे आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के नियंत्रण में विदेशों से चलाए जा रहे आईएसआई समर्थित दो आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक, दो रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) सहित एक लॉन्चर बरामद किया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से समर्थित आतंकवादी मॉड्यूलों को बब्बर खालसा इंटरनेशनल नियंत्रित कर रहा था, जिनके दो मुख्य संचालक फ्रांस आधारित सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और ग्रीस आधारित जसविंदर सिंह उर्फ मन्नू अगवान थे। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि खुफिया ऑपरेशनों के तहत काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर और जिला पुलिस बटाला ने दोनों मॉड्यूलों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया और एक नाबालिग सहित 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा कि उक्त आतंकियों की भूमिका पहले भी विभिन्न कार्रवाइयों में सामने आई थी।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले 56 लोगों पर केस दर्ज

**बागपत।** बागपत जनपद में प्रशासन की बिना अनुमति जुलूस निकालने वालों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जुमे की नमाज के बाद शुक्रवार को मुस्लिम वर्ग के लोगों ने बिलोचपुरा गांव में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने 56 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। जिले के बिलोचपुरा गांव में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम वर्ग सड़क पर उतर आया। सैकड़ों लोग सड़कों पर एकत्र हो गए। गांव में जुलूस निकालते हुए नारे बाजी और प्रदर्शन किया। यह जुलूस प्रदर्शन वक्फ संशोधन कानून के विरोध में किया गया। मामला पुलिस तक पहुंच गया।

## चार मंजिला इमारत गिरी, 11 लोगों की मौत

▸ पांच गंभीर रूप से घायलों का इलाज जारी 20 साल पुरानी थी इमारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए। इनमें से 5 गंभीर रूप से घायलों का इलाज अब भी जारी है। 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के गिरने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

हादसे के बाद एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमों ने घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था।



पुलिस के मुताबिक इमारत में 22 लोग थे। इनमें बिल्डिंग के मालिक तहसीन और उनके परिवार के 6 सदस्य भी मारे गए। इनमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं।

डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए थे। दरअसल, शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।

## 14 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट, मेरठ में तेज बारिश से मकान गिरे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुक्रवार को आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर दो मकान ढह गए। एक महिला और उसकी 9 माह की बच्ची की मलबे में दबकर मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए। लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। इसके चलते रास्ते बंद हो गए।

मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान-मध्य प्रदेश में तेज लू (हीटवेव) की आशंका जताई है। महाराष्ट्र में भी तेज गर्मी रहेगी। इसके अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, नॉर्थ ईस्ट समेत 14 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। बारिश के साथ यहां तेज आंधी और बिजली का भी अलर्ट है।



राजस्थान और गुजरात से आई गर्म हवाओं के असर से पूरा मध्य प्रदेश तप रहा है। सीजन में पहली बार शुक्रवार को दिन का पारा 44एष्ट के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री पार हो गया। शनिवार को पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। 5 जिलों में लू चलेगी।

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है। इस प्राकृतिक आपदा के चलते कई परिवार बेघर हो गए हैं। इधर, हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार से मौसम खराब है। तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। शनिवार को भी बारिश, ओलावृष्टि और तूफान का ऑरेंज अलर्ट था। लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है। मध्यप्रदेश में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार को सीजन में पहली बार दिन का पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री या इससे अधिक रहा।

लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। इसके चलते रास्ते बंद हो गए। जेसीबी और क्रेन बुलवाकर पेड़ों को हटवाया जा रहा है। हवा इतनी तेज थी कि मकानों पर रखे गमले, सोलर प्लेट और पानी की टंकी तक उड़ गई। कई कॉलोनियों में बिजली की सप्लाई ठप हो गई।

### पुतिन ने यूक्रेन में ईस्टर पर युद्ध विराम की घोषणा की

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में ईस्टर के अवसर पर अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की है। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह युद्धविराम शनिवार शाम 6 बजे (मॉस्को समय) से शुरू होकर रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। राष्ट्रपति पुतिन ने शनिवार को जनरल स्टाफ प्रमुख वालेरी गेरासिमोव के साथ बैठक के दौरान कहा, मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, रविवार से सोमवार रात 12 बजे तक हम ईस्टर युद्धविराम की घोषणा करते हैं। इस दौरान सभी सैन्य गतिविधियां रोक दी जाएं। पुतिन ने आशा जताई कि यूक्रेनी पक्ष भी इस युद्धविराम का पालन करेगा।

## जेईई मेन सत्र-2 के नतीजे घोषित 24 छात्रों को मिली 100 पर्सेंटाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने शनिवार को इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई-मेन) 2025 सत्र-दो के नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए। फिलहाल, एनटीए ने केवल पेपर 1 (बीई/बीटेक) के नतीजे घोषित किए हैं। पेपर 2 (बीआर्क/बीप्लानिंग) के नतीजे अभी भी प्रतीक्षित हैं। इस साल, कुल 24 छात्रों को पेपर 1 (बीई/बीटेक) में 100 पर्सेंटाइल मिले हैं।

राजस्थान में सात उम्मीदवारों ने 100 एनटीए स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में तीन-तीन 100 एनटीए स्कोर धारक हैं। पश्चिम बंगाल, गुजरात और दिल्ली में दो-दो, जबकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में एक-एक टॉपर अपने राज्यों से हैं।

एनटीए ने 2 से 8 अप्रैल तक जेईई मेन 2025 का दूसरा सत्र आयोजित किया था। जेईई मेन सत्र 2 के परिणाम में जेईई एडवांस्ड, ऑल इंडिया रैंक होल्डर्स और राज्यवार टॉपर्स के लिए कट-ऑफ शामिल है। जेईई मेन पेपर 1 के अप्रैल 2025 सत्र 2 में कुल 9,92,350 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 6,81,871 पुरुष और 3,10,479 महिला शामिल थे। इनमें सबसे ज़्यादा उम्मीदवार सामान्य श्रेणी में 3,72,675 (2,50,849 महिलाएं और 1,21,826 पुरुष) थे।

## आहार ही औषधि है का मंत्र स्वीकार कर विश्व बढ़ रहा है आगे : शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में विश्व यकृत दिवस के अवसर पर कहा कि हमारे वेदों में कहा गया है कि आहार ही औषधि है और आज इस थीम को स्वीकार कर पूरा विश्व आगे बढ़ रहा है।

गृहमंत्री शाह ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) द्वारा आयोजित स्वस्थ लिवर-स्वस्थ भारत कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृहमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए अपने बेहतर स्वास्थ्य का श्रेय नियमित व्यायाम, उचित नींद और आहार को दिया। उन्होंने युवाओं से बेहतर भविष्य के लिए शारीरिक गतिविधि और आराम को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मई 2020 से उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। शाह ने कहा शरीर की आवश्यकता के अनुसार जल, आहार, व्यायाम और नींद से उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।



उन्नति

### मॉडल सोलर गांव चयन के लिए ग्राम पंचायतें 25 अप्रैल तक करें आवेदन

## सूर्य घर योजना : हर जिले में विकसित होगा मॉडल सोलर गांव

▸ प्रदेश में रूफटॉप सोलर के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रदेश के प्रत्येक जनपद में एक मॉडल सोलर गांव विकसित करना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में एक ग्राम का चयन कर सोलराइज करना है, जिससे प्रदेश में रूफटॉप सोलर के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, प्रयागराज ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनांतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में एक मॉडल सोलर गांव के चयन हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य चयनित ग्राम में विद्युत हेतु हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, ग्रामीण समुदाय को उनकी विद्युत आश्यकता को पूरा करने हेतु आत्मनिर्भर बनाना। चयनित ग्राम के सभी घरों में सोलर होमलाइट सिस्टम, सौर आधरित जल-प्रणली, कृषि के लिये सौर पम्प, गांव की मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करना है।

योजना के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार नवीनतम प्रकाशित जनगणना के अनुसार राजस्व ग्राम-ग्राम पंचायत की जनसंख्या 5,000 की आबादी से अधिक होनी चाहिये। सम्भावित ग्राम में विशेष रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं अन्य गैर-पारम्परिक ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना कराने वाले ग्राम को प्राथमिकता दी जायेगी।



### परियोजना अधिकारी को प्रस्ताव देंगे बीडीओ

योजना के क्रियान्वयन हेतु जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड में मॉडल ग्राम की पात्रता वाले ग्रामों की प्रतियोगिता-बैठक कराकर एक गांव का प्रस्ताव परियोजना अधिकारी यूपी नेडा को एक सप्ताह में उपलब्ध करायेंगे। तत्पश्चात् जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय समिति द्वारा परीक्षण एवं परिशीलन करते हुए समेकित रूप से सबसे अधिक क्षमता के गैर पारम्परिक ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना कराने वाले ग्राम को मॉडल सोलर ग्राम के रूप चयनित किया जायेगा। ग्राम पंचायत का आवेदन 25 अप्रैल तक सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी-उप जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मितौली सभागार में अप्रैल माह के तृतीय शनिवार को जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता व उप जिलाधिकारी मितौली की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया

माह के तृतीय शनिवार को तहसील मितौली सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा तहसील मितौली में उपस्थित रहकर ÷सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण



**कुल 46 शिकायतें प्राप्त**

समाधान दिवस में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व के 26, पुलिस विभाग के 06 , विकास, विद्युत, आपूर्ति विभाग के चार- चार, चकबंदी विभाग के दो, में से राजस्व विभाग के पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर शासन की मन्सा के अनुरूप आम सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रो का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंदबुद्धि बच्चों को अपने हाथों से बस्ता और किट देकर सम्मानित किया। शिकायती रजिस्टर पर अंकित मोबाइल नंबर से कॉल कर वस्तु स्थिति का अवलोकन किया इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मितौली रेनू मिश्रा, न्यायिक श्रद्धा सिंह, तहसीलदार मितौली भीमचंद, जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी सिंह मुख्य किस्सा चिकित्सा अधिकारी प्रमोद वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे, पत्रिका मोहित कौशिक, क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार औरंगाबाद दिनेश कुमार, शेखर मिश्रा शेखर मिश्रा, थाना प्रभारी रमेश पांडे, मैगलगंज थाना प्रभारी मितौली शिवाजी दुबे, सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद कुमार, सहित समस्त जनपद तहसील विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उधारी को लेकर व्यापारी पर जानलेवा हमला, बेटे को भी बनाया निशाना

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलेलनगर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उधारी की रकम मांगने पर एक व्यापारी के साथ मारपीट कर दी गई। आरोप है कि किरायेदार महेश शर्मा और उसके पुत्र अवधेश शर्मा ने दुकान स्वामी अवधेश गुप्ता का सिर दीवार में पटका और उनके पुत्र को भी दांत से काट लिया।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित व्यापारी अवधेश गुप्ता ने बताया कि अपने किरायेदार महेश शर्मा को पूर्व में 20,000 रुपये उधार दिए थे। इसके अतिरिक्त दुकान की पगड़ी के रूप में 30,000 रुपये भी जमा कराए गए थे। व्यापारी लंबे समय से उक्त राशि की वापसी की मांग कर रहा था, लेकिन विपक्षी पक्ष लगातार टालमटोल कर रहा था।

घटना शुक्रवार सुबह करीब 9:00 बजे की बताई जा रही है। व्यापारी की दुकान पर महेश शर्मा अपने बेटे अवधेश के साथ पहुंचा। जब व्यापारी ने उधारी की रकम की मांग की तो दोनों आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान महेश शर्मा ने व्यापारी का सिर दीवार में दे मारा, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा।

**गोली मारने की दी धमकी**

पीड़ित अवधेश गुप्ता ने बताया कि महेश शर्मा ने मारपीट करते हुए अपने बेटे से कहा कि देख क्या रहा है, इसे गोली मार दो। इस धमकी से व्यापारी और उसके परिवार में दहशत फैल गई। चीख-पुकार सुनकर पीड़ित का बेटा विराज मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। इसी दौरान अवधेश शर्मा ने उसे दांत से काट लिया, जिससे उसके हाथ में गहरी चोट और खून निकल आया। घटना की सूचना पर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह मामले को शांत कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि समय रहते लोग न पहुंचे होते, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी।

**एफआईआर दर्ज, उपनिरीक्षक को सौंपी गई जांच**

पीड़ित अवधेश गुप्ता ने तत्काल कोतवाली गोला पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक गोविंद सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण भी कराया है और आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# धौरहरा तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ संम्पूर्ण समाधान दिवस



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आम लोगों की शिकायतों को सुनने के लिए एसडीएम धौरहरा की अध्यक्षता में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में आयोजित हुआ जिसमें कुल 15 शिकायती पत्रो का रजिस्ट्रेशन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आम आदमी से सम्बंधित समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराने के मामले में एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील स्तरीय अधिकारियों सगं किया गया जिसमें कुल 15 शिकायती पत्र प्राप्त दर्शाए गए जिनमें राजस्व विभाग 6, पुलिस 3, विकास विभाग 2, बिजली 2,नगर पंचायत 2 पत्रो को संबंधित जिम्मेदार को निस्तारित करने के लिए भेजा गया। इस दौरान तहसीलदार आदित्य विशाल, क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह,नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव व अखिलेश मौर्या, खण्ड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह, प्रदीप चौधरी,खण्ड शिक्षा अधिकारियों में आशीष पाण्डेय अखिलानंद राय, सीडीपीओ प्रियंका कुमारी सहित अन्य विभागों के जिम्मेदारो की मौजूदगी रही।

**समाधान दिवस में आर आई को लगाई फटकार**

समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में चलते समय ज्यादातर फरियादियों की समस्यायों में मेडबंदी कराने व मेडबंदी के बाद विपक्षियों द्वारा कब्जा करने के सवालों पर विभागीय लापरवाही होने से एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार का पारा अचानक तेज हो गया। शिकायत कर्ता सतीश निवासी मल्लापुर के जमीन पैमाइश के संबंध में कानूनगो देशराज को बुलाकर प्रकरण तीन दिन में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। दूसरी तरफ बेलागढी के किसान सिपाही,शिवप्रकाश व चंद्र किशोर के प्रार्थनापत्रो की समस्या एक हफ्ते में निस्तारित कर आख्या देने के लिए कानूनगो व लेखपाल को निर्देशित किया।

# खड़ी ट्रॉली में ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, रिक्शा सवार की मौत

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैगलगंज कस्बा के हाइवे स्थित खखरा मोड पर शनिवार को खड़ी ट्रॉली में पीछे से आ रहे ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत उस पर सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए महोली सीएचसी पहुंचे दोनों घायलों में से चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया वहीं चालक को सीतापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मैगलगंज कस्बा स्थित खखरा मोड के पास हाइवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहा ई-रिक्शा चालक रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रॉली में सीधा जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक बुजुर्ग और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर दोनों घायलों को मरणासन्न अवस्था में महोली सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त गंगाराम सक्सेना (60) पुत्र नंदलाल निवासी पीताम्बर मोहल्ला मैगलगंज के रूप में हुई है। वहीं ई-रिक्शा चालक बलराम निवासी मुबारकपुर की हालत गंभीर देखते हुए उसे सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। महोली सीएचसी पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव को लेकर घर ले आए उन्होंने शव का पीएम कराने से मना कर दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर ट्रैक्टर की पहचान कर ली है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# वर्षा से भीगा गेहूं..., सरकारी खरीद का गेहूं सुरक्षित : एसडीम

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गत रात्रि हुई वर्षा के उपरांत मोहम्मदी गल्ला मंडी परिसर से संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक पोस्ट वायरल हुई जिसमें यह आरोप लगाया गया कि मंडी परिसर में ज़िम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते हजारों कुंतल गेहूं वर्षा में भीग गया है। इस सूचना के प्रसार के पश्चात किसानों तथा आम नागरिकों के मध्य चिंता एवं असंतोष का वातावरण उत्पन्न हो गया। इस विषय में स्थिति को स्पष्ट करते हुए उप जिलाधिकारी मोहम्मदी, डॉ. अवनीश कुमार ने अवगत कराया कि वायरल हो रही खबर में जो गेहूं वर्षा से प्रभावित बताया जा रहा है, वह सरकारी खरीद के अंतर्गत क्रय किया गया गेहूं नहीं है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि मंडी परिसर में जो गेहूं भीगा है, वह स्थानीय आढ़तियों द्वारा निजी स्तर पर व्यापारिक लेनदेन हेतु संग्रहित किया गया




था। सरकारी खरीद के तहत क्रय किए गए समस्त गेहूं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से भंडारित किया गया है, जो पूर्णतः सुरक्षित है। डॉ. अवनीश कुमार ने यह भी कहा कि मंडी समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचाव हेतु भंडारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए तथा आढ़तियों को भी स्वयं अपनी उपज की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं।

# एक ऐसा स्कूल जहां परीक्षा के बाद से नहीं पहुंचे बच्चे

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की जा रही है। वहीं दूसरी ओर विकासखंड बिजुआ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमरपुर में शिक्षकों की लापरवाही से परीक्षा होने के बाद से स्कूल में एक भी बच्चा नहीं पहुंचा। जबकि स्कूल में 79 बच्चों का नामांकन है। शनिवार को स्कूल में शिक्षक स्टाफ नदारत मिला। स्कूल में सेनपुर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक बैठे मिले।



विकासखंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोगावां के मजरा अमरपुर में शनिवार को पड़ताल में प्राथमिक विद्यालय अमरपुर में विद्यालय स्टाफ नदारत था। स्कूल में एक भी बच्चा नहीं था।

स्कूल इंचार्ज पवन सिंह ने फोन पर जानकारी दी कि बाइक खराब होने के कारण विद्यालय में नहीं पहुंच सका। बताया कि विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक विजय कुमार बाहर गए हैं इसीलिए नहीं आए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात अलकेश्वरी सिंह कभी-कभार विद्यालय में आती हैं। बच्चों के न आने के कारण पर बताया कि पता नहीं बच्चे स्कूल में क्यों नहीं आ रहे हैं। लगता है की फसल कट रही है इसीलिए बच्चे स्कूल में नहीं आ रहे हैं। जबकि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में 60 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है। अमरपुर के स्कूल में अध्यापकों की लापरवाही के कारण बच्चे पढ़ाई में रूचि नहीं ले रहे हैं। अगर यही आलम रहा तो यहां के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। इस संबंध में जानकारी के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी का कई बार फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

> विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है। टीचर हो सकता है छुट्टी पर हों। मैं इलाहाबाद में हूं शीघ्र ही वहां पर पहुंचकर दिखवाता हूं।
>
> **नागेंद्र चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी, बिजुआ**

> प्राथमिक विद्यालय अमरपुर के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल अवगत करवाता हूं।
>
> **विनोद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, गोला**

# मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर बिखरी गीत-संगीत की रंगीन छटा

**स्थानीय कलाकारों ने बांधा समां**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

**सांस्कृतिक रंग में रंगी रात, गीतों व भावनाओं का दिखा संगम**

कार्यक्रम की शुरुआत राजेश गुप्ता के भावपूर्ण भजन वो काला बासुरी वाला सुध विसराय गयो मोरी रे से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद उन्होंने फिल्मी गीत लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है और दिल के टुकड़े टुकड़े करके, मुस्कराके चल दिये गाकर दर्शकों को भावनाओं के सागर में डुबो दिया।

**वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने बांधा समां**

राजेश गुप्ता और अली अहमद ने ऑर्गन की मधुर धुनों से गीतों को सजाया, वहीं महेश आजाद ने ढोलक और मुन्ना ने पैड पर साथ देकर संगीत को जीवंत बना दिया।

ऐतिहासिक मेला चैती के पंद्रहवें दिन शुक्रवार की रात छोटी काशी के सांस्कृतिक मंच पर सुरों का ऐसा जादू बिखरा कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। स्थानीय कलाकारों की दिलकश प्रस्तुतियों ने न केवल लोगों का भरपूर मनोरंजन किया, बल्कि उनकी प्रतिभा को एक नई पहचान भी दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने दीप प्रज्वलन कर की।

***समाज के उत्कृष्ट जनों का हुआ सम्मान:-*** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित भी किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रेमचंद जायसवाल, शिव गोपाल गुप्ता, केशव अग्रवाल, सुखविंदर सिंह टोनी, हरजीत सिंह भाटिया, देवी दयाल वर्मा, श्रीकांत तिवारी, साहित्यकार शिप्रा खरे, पत्रकार लोकेश गुप्ता, समाजसेवी विमलेश वर्मा, महेश चन्द्र कमल, गुरदीप सिंह, शकील, अवनि कुमार पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

***जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति:-*** इस भव्य आयोजन में भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, विजय मिश्रा, सुनील मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, काके सहगल, लवकुश अवस्थी, सभासद नानक चंद्र वर्मा, धर्मेन्द्र तिवारी, साहिद अंसारी और रियाजुद्दीन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वीट्स हाउस में घुसे छह बदमाश, मालिक व परिवार से की मारपीट, पासबुक से मिला सुराग

**गोला गोकरणनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर के भसीन स्वीट्स में गुरुवार की शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब 6 अज्ञात लोग ग्राहक बनकर दुकान में घुसे और स्टाफ से बहस के बाद मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों में 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल थीं। उन्होंने दुकान स्वामी देवराज भसीन उर्फ टीटू भसीन, उनकी पत्नी और बेटे के साथ भी मारपीट की।

शिकायतकर्ता देवराज भसीन ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उक्त लोग ग्राहक के रूप में आए थे और उनके पास एक बैग था। पहले उन्होंने स्टाफ से दुव्यवहार किया और बात बिगड़ने पर हाथापाई करने लगे। जब दुकान स्वामी ने विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके पूरे परिवार को निशाना बनाया।

**पासबुक बना जांच का अहम सुराग, मुकदमा दर्ज**

घटना के दौरान हमलावरों का बैग दुकान में ही रह गया, जिससे अवनीश ठाकुर नामक व्यक्ति की पासबुक बरामद हुई है। पुलिस अब इस पासबुक के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुट गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। एफआईआर में बताया गया है कि घटना में शामिल सभी आरोपी अज्ञात हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

# बाइक का बिगड़ा संतुलन, हुआ हादसा



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन ढखेरवा स्टेट हाइवे पर शनिवार को धर्मकांटा के पास तेज रफ्तार बाइक पहले ओमिनी वैन से टकराई और फिर असंतुलित होकर एक मैजिक वाहन में जा भिड़ी। इस हादसे में बाइक सवार धनीराम पुत्र चंद्रिका निवासी चिड़ीमारानपुरवा रकेहटी व नन्हू पुत्र तौले, निवासी सिंगाहा गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही निघासन पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुँचाया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत चिंताजनक बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक का नियंत्रण बिगड़ने के चलते यह दर्दनाक टक्कर हुई। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुँचाया। फिलहाल पुलिस ने ओमिनी और मैजिक वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# कोचिंग सेंटर पर हंगामा, शिक्षक ने कहा- जान का है खतरा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

एक दिन पूर्व शहर के त्रिलोक गिरी मार्ग स्थित एक कोचिंग सेंटर पर उस समय हड़कंप मच गया जब चार लोगों ने मिलकर एक शिक्षक को खुलेआम गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस पूरी घटना का वीडियो पीड़ित शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने रिकॉर्ड कर लिया है, जो अब सबूत के तौर पर पुलिस को सौंपा गया है।

पीड़ित प्रदीप कुमार वर्मा, निवासी मोहल्ला ऊँची भूड़, एनकेडी कैंपस, थाना गोला, ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे रवि अवस्थी उर्फ बल्ले निवासी सिनेमा रोड, राहुल भदौरिया निवासी सर्वोदय नगर थाना गोला, और उनके साथ दो अन्य अज्ञात लोग उनके कोचिंग सेंटर पर आए। इन सभी ने मिलकर पहले उन्हें भद्दी-भद्दी गालियाँ दीं और फिर फौजदारी पर उतारू हो गए। साथ ही, उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी।

प्रार्थी का आरोप है कि विपक्षीगण पहले से ही उनसे रंजिश रखते हैं, और उसी के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित ने यह भी कहा कि विपक्षी दबंग और हेकड़ किस्म के लोग हैं, जिनसे उन्हें जान का खतरा है। इस पूरे मामले में प्रदीप कुमार काफी भयभीत हैं और उन्होंने कोतवाली गोला पहुंचकर थाना प्रभारी को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा।

थाना गोला में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा को सौंपी गई है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और छात्रों के अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। प्रश्न उठ रहा है कि जब शिक्षण संस्थानों में ही लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकेगी?

# बेलवा गांव के मंदिर में देवी देवताओं की मूर्तियां खंडित

**सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की आशंका**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेलवा गांव से एक संवेदनशील और दुःखद घटना सामने आई है। गांव के एक मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियाँ अराजक तत्वों द्वारा बीती रात खंडित कर दी गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में तनाव का माहौल पैदा हो गया। सूचना पर हैदराबाद थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि मूर्तियाँ रात के अंधेरे में तोड़ी गई हैं। फिलहाल, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया था। पंडित जी को बुलाकर खंडित मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया जाएगा और शीघ्र ही नई मूर्तियाँ प्रतिस्थापित की जाएंगी।

एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गहन जांच में जुटी है और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# गांव के खलिहान-चारागाह की जमीन पर भूमाफियाओं का अबैध कब्जा

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन तहसील के अंतर्गत गांव के खलिहान और चारागाह की जमीन सार्वजनिक जगहों पर भूमाफियायो का अबैध कब्जा अतिक्रमणकारियों का कब्जा एक गंभीर समस्या राजस्व एंटी भू माफिया टीम भी अंकुश नहीं लगा पा रही है 7 ग्राम पंचायत के लगभग 270 बीघा जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा है। ब्लाक निघासन की एक ग्राम पंचायत में करीब 270 बीघा चारागाह व खलिहान की जमीन बताते हुए एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से आइजीआरएस के माध्यम से शिकायत करते हुए ग्राम पंचायत की खलिहान व चारागाह की जमीन पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा होने का दवा करते हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक निघासन एसडीएम के द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से शिकायतकर्ता में रोष व्याप्त है।

ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत भेडौरा मसुरहा में करीब 52 अलग-अलग गाटा संख्याओं की करीब 270 बीघा खलिहान व चारागाह की संयुक्त जमीन पर अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा है। जनसुनवाई के माध्यम से काबिज जमीन की गाटा संख्याओं को उजागर करते हुए कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने भूमि खाली कराने के लिए 26 मार्च 2025 को जिलाधिकारी महोदया खीरी से शिकायत की थी। जिस पर जिलाधिकारी महोदया ने संज्ञान लेते हुए 03 अप्रैल 2025 को एसडीएम निघासन को जांच करने का आदेश दिया था। शिकायत कर्ता ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई है।

अवैध अतिक्रमण की गई शिकायत को लेकर एसडीएम निघासन राजीव निगम ने बताया की जांच का आदेश मिला है टीम गठित कर जल्द ही जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण कारियों से जल्द ही जमीन खाली कराई जायेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीपुर वि.ख. इटियाथोक गोण्डा

**पत्रांक संख्याः मेमो/विविध/2025-26** **दिनांकः 19.04.2025**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर.जी.एस.ए. के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण,आंगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से टेण्डर आमंत्रित किये जाते है आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन की तिथि से लेकर दिनांक 21.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक कर्मी से दिनांक 26.04.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह तिथि 3 बजे तक प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईंट | 02 | सीधा खंजड़ ईंट |
| 03 | सफेद मौरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मौरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईंट की रोड़ी 40 एम.एम. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम.एम. इन्टरलाकिंग ईंट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेन्ट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| | | 19 | अन्य निर्माण सामग्री |

**श्रीमती मंजू**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. बेनीपुर**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

**दिलीप कुमार उपाध्याय**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. बेनीपुर**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

# प्राथमिकता से निस्तारित होगी जनसमस्या

## सीएम योगी ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं व गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के अधिकारियों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में शनिवार को तेज बारिश के बावजूद जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा और जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।



मुख्यमंत्री के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे, परंतु तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए लेकिन मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवनके सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी कोआश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

सीएम योगी ने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिककार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या कासमाधान करने के निर्देश दिए। हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

### धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं होगा बाधित

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार महिला और उसके साथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को योगी ने प्यार दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह तेज बारिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब मौसम में भी वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन.पूजन और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।

## उप्र. पर्यटन विभाग 14 करोड़ से अधिक की राशि से करेगा पर्यटन सुविधाओं का विकास

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का विकास किया जाएगा। यह जानकारी उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का अमेठी जिला सूफी संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां के कई स्थल सूफी संतों और उनकी शिक्षाओं से जुड़े रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न परियोजनाओं स्वीकृत की गयी हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि अमेठी जिले की पहचान संतों की भूमि के रूप में रही है।

# जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर कब्जा किया वही अब विरोध कर रहे : भूपेंद्र चौधरी

समृद्धि न्यूज

▸ वक्फ कानून को लेकर भाजपा की कार्यशाला

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में वक्फ कानून को लेकर भाजपा ने कार्यशाला आयोजित की। इसमें पार्टी के पदाधिकारी समेत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा वे लोग वक्फ कानून का विरोध कर रहे हैं, जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर रखा है।

भाजपा वक्फकानून को लेकर 20 अप्रैल से जन जागरण अभियान शुरू करने जा रही है। इससे एक दिन पहले लखनऊ के भागीदारी भवन में कार्यशाला की। इसकी अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास ने की। कार्यशाला में प्रदेश भर के पदाधिकारी, संसद और विधायक मौजूद रहे। यह अभियान 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वक्फकानून की सही जानकारी देंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग इस बिल का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का पैगाम है। मोदी के साथ मुसलमान। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा जो विपक्षी दलों के द्वारा एक भ्रम पैदा किया जा रहा है, उसके खिलाफ पूरी पार्टी घर-घर जाकर लोगों को समझाएंगे। गरीबों के लिए और समाज के कमजोर तत्वों के हित में जो सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है, उसके लिए हम जन जागरण करेंगे। इस कानून का विरोध केवल वे लोग कर रहे हैं, जो वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। वही माफिया लोग ही विरोध कर रहे हैं। बिल उन्हीं लोगों से छुड़ाकर जमीनों को गरीबों के हितों और उनके कल्याण के लिए इस्तेमाल करने के लिए कानून बना है। समाजवादी पार्टी का चरित्र आप जानते हैं, जिस तरह से सनातन के बारे में, हमारे धार्मिक ग्रंथों के बारे में, हमारे मठ-मंदिरों के बारे में बोल रहे हैं।



## खबरें एक नजर में

### प्रत्येक विधानसभाओं में बनाए जाएंगे कांग्रेस संविधान रक्षक




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़ ।** कांग्रेस विमुक्त घुमंतू एवं अनुसूचित विभाग की एक विशेष विचार गोष्ठी यूपी कांग्रेस मुख्यालय पर हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश के 45 जिलों से समाजसेवी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा, ई.वी.एम. हटाओ भारत बचाओ, जातिगत जनगणना करने के लिए उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में एक संविधान रक्षक बनाये जाने का निर्णैण लिया गया। आगामी 2027 चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो, इसके लिए जिले स्तर पर संविधान रक्षक सभाएं की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता तनुज पुनिया (सांसद) ने की और मुख्य अतिथि सुरेश माहल, नेशनल कोऑर्डिनेटर विमुक्त घुमंतू एवं अनुसूचित विभाग सोशल एलायंस से उत्तर प्रदेश कोऑर्डिनेटर शाम लाल. ओमप्रकाश गिहार, कर्मवीर सिंह, विद्याया गौतम, अनुसूचित विभाग कांग्रेस प्रवक्ता सिद्धिश्री सहित कई वरिष्ठ सामाजिक महानुभाव उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में युवक फांसी पर लटका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बिजनौर में एक 45 वर्षीय मजदूर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना शुक्रवार रात की है। मृतक सोनू मूल रूप से निगोहां के मदीखेड़ा शिरीष का रहने वाला था। वह पिछले 20 साल से अपनी ससुराल बिजनौर के मौलवी खेड़ा में परिवार के साथ रह रहा था। घटना के समय सोनू कमरे के अंदर था। उसका परिवार बाहर सो रहा था। रात करीब 3 बजे तेज आंधी आने पर परिवार के सदस्य कमरे में गए। वहां उन्हें सोनू का शव छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। इस दृश्य को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रामावती ने सबसे पहले सोनू के भाई कौशल को सूचना दी। कौशल ने तुरंत पुलिस को खबर की। बिजनौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक को शराब पीने की लत थी। यह घटना भी नशे की हालत में हुई है।

### सीएमएस के सर्वाधिक 141 छात्र जे.ई.ई. एडवान्स में चयनित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से 'जे.ई.ई. मेन्स' परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा घोषित जे.ई.ई. मेन्स-2025 (द्वितीय चरण) के परीक्षाफल में सी.एम.एस. के सर्वाधिक 141 छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित कर जे.ई.ई. एडवान्स में शामिल होने की अर्हता अर्जित की है। जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. के 28 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर 93 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर आशातीत सफलता अर्जित की है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्रों ने एन.टी.ए. द्वारा घोषित आधिकारिक कट-ऑफमार्क्स से कहीं अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है।

### एयरपोर्ट में डॉक्टर का आईफोन चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट में फिर चोरी हुई है। यह चार दिन के अंदर चोरी की दूसरी वारदात है। इस बार महिला डॉक्टर चोरों का शिकार बनीं। उनका आईफोन गायब हो गया। बता दें कि तीन दिन पहले एक महिला का 20 हजार रुपए भरा पर्स चोरी हुआ था। पीड़ित डॉ. पियूषा वाधवानी राजानी ने बताया कि वह थाईलैंड से को लखनऊ लौटीं। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद पार्किंग एरिया में उनका आईफोन 13 प्रो गायब हो गया। डॉ. पियूषा ने इस संबंध में सरोजनी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. पियूषा आलमबाग के सिंगार नगर में गंगाराम राजाजी मार्ग पर रहती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### 21 से शुरू होगी क्षमता वर्धन कार्यशाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में प्रातः 09 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ 21 अप्रैल को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में सामंतवादी लोगों की सरकार जाति देखकर सरकार कर रही कार्रवाई

▸ रामजीलाल सुमन से अखिलेश यादव ने की मुलाकात

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी नेता रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी की थी, इसके बाद भी अखिलेश यादव ने अपने पार्टी के नेता का समर्थन किया। इसी कड़ी अखिलेश यादव ने अपने सांसद से उनके घर पर पहुंच कर मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि कि हमारे नेता ने कुछ भी गलत नहीं कहा कि जो इतिहास में लिखा है उसी को उन्होंने कहा था, सांसद के घर पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि ये साजिश के तहत कराया गया है। मैं दलित सांसद रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सामंतवादी लोगों की सरकार है। जाति देखकर सरकार कार्रवाई कर रही है। यूपी के ज्यादातर थानों में सिंह साहब तैनात है। आगरा में तथाकथित शक्ति प्रदर्शन हुआ, वहां तलवारें लहराई गई ये सब सरकार के इशारे पर हुआ है। रामजी सुमन को जानबूझकर अपमानित किया गया है। सरकार भोले-भाले लोगों को कठपुतली बना राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

उन्होंने कहा कि 26 मार्च को सुमन जी के घर तोड़फोड़ करना सही नहीं है उन्हे जान से मारने की नियत से घर पर हमला किया गया। मुझे गोली मारने की धमकी दी गई ये सब लखनऊ और दिल्ली वालों के इशार पर हुआ है। हमारे लिए बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर द्वारा बनाए गया संविधा ही हमारी ढाल है। सामाजिक न्याय का संकल्प हमने उठाया है। अखिलेश ने कहा कि सुनने में आ रहा है योगी जी की निगरानी में उनके कुछ उस राजधानी से यहा आकर हुड़दंग किया। ये माहौल बनाने के लिए फंडिंग हुई है। उन्होंने कहा कि ये सब दलितों को डराने के लिए किया गया। करनी सेना के कार्यक्रम के लिए फंडिंग हुई कई एजेंसियां योगी जी के वीडियो वायरल करते है। सरकार पिछड़े और दलितों को डराना चाहती है,पीडीए की ताकत 27 में ताकत बनेगी। उपचुनावों में पीडीए को डराया धमकाया गया। इलाहाबाद में दलित को जलाया,आजाद भारत में संविधान होने के बाद ऐसी घटनाएं होंगी क्या, सिर्फ गेहूं ना काटने पर किसी की हत्या की जा सकती है। पुलिस हिरासत में मौतों का खेल चल रहा है। आंबेडकर जयंती में गाना बजने पर हत्या की गई ये निंदनीय है,अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जौनपुर में बाबा साहब के झंडे को पैरो से रौंदा गया।

## गुड गवर्नेंस वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से लेकर चले : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि गुड गवर्नेंस वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से लेकर चले। इससे जन और देश का हित प्रभावित नहीं होगा। बसपा प्रमुख ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि जनगणना और उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के राज्यों व केन्द्र के बीच विवाद को राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग करने से जन और देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गुड गवर्नेंस वही है जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियां अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी और स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं, सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे।

# ओबीसी रेलवे कर्मचारियों की मांग संसद में उठाएंगे : धर्मेन्द्र यादव

समृद्धि न्यूज

▸ ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उ.रे. का 25वां अधिवेशन सम्पन्न

**लखनऊ ।** शनिवार को ऑल इण्डिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी सगंठन उत्तर रेलवे का 28वाँ वार्षिक अधिवेशन 40 क्वार्टर बारातघर सामुदायिक केन्द्र आलमबाग लाखनऊ में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि सासंद धर्मेन्द्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि ओबीसी एसोसियेशन रेलवे का मजबूत तथा सबसे अधिक संख्या वाला सगंठन है, सगंठन को द्वढ़ विचारों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आपके अधिकारों के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन पहले से ही है और आवश्यकता पड़ने पर संसद में भी आपके अधिकारों के लिए चर्चा की जाएगी। उन्होने रिजर्वेशन पालिसी को मजबूत करने तथा प्रमोशन में रिजर्वेशन हेतु सरकार से बात करने का आवश्वासन दिया। बैठक में उत्तर रेलवे के महामंत्री एसके यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि यूपीएस पेंशन में ही ओपीएस पेशन के सभी प्रावधान किए जाय, स्थायी वार्ता तन्त्र (पीएनएम) तथा संयुक्त वार्ता तन्त्र (जेसीएम) में ओबीसी संगठन की शाखा स्तर पर भी कार्ड पास की मांग की तथा जोनल स्तर, मण्डल स्तर व शाखा स्तर पर शासन के साथ अनौपचारिक बैठक 2 से बढ़ाकर 3 किया जाय।

महामंत्री ने कहा कि डीए-50 प्रतिशत होने पर रनिंग कर्मचारियों का रनिंग भत्ता में 25 जनवरी-2024 से बढ़ाया जाय तथा एरियर का भुगतान भी किया जाय। वर्कशाप मण्डल के मण्डल सचिव जीएस यादव ने प्रशासन से मांग की कि जीडीसीई तथा एलडीसीई रेलवे के सभी कैटेगरी में चालू किया जाए। सहायक महासचिव विनोद कुमार सचान ने अपने सम्बोधन में कहा कि सगंठन को मजबूत करने के लिए तन-मन-धन का सहयोग आवश्यक है।

# विश्व धरोहर दिवस के मौके पर राज्य संग्रहालय में हुए कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज

▸ प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** राज्य संगहालय, लखनऊ द्वारा शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अर्न्तगत विश्व धरोहर दिवस-18 अप्रैल, 2025 के उपलक्ष्य में यूनेस्को के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक धरोहर एवं संस्कृति को संरक्षित करने, प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को अपनी धरोहरों से परिचित कराने की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से डॉ0 सृष्टि धवन निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ के मार्गदर्शन में शैक्षिक प्रभारी डॉ0 मीनाक्षी खेमका-सहायक निदेशक द्वारा विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025 तक विविध कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं।

इस श्रृंखला में 17 अप्रैल को राज्य संग्रहालय, लखनऊ में भारत की सांस्कृतिक विश्व विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जो दिनांक 23 अप्रैल, 2025 तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेंगी। इसी क्रम में आज 19 अप्रैल को दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में ''राज्य संग्रहालय, लखनऊ में संकलित धरोहरों की छायाचित्र प्रदर्शनी'' का आयोजन किया गया तथा विश्व धरोहर दिवस की थीम आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत विषय को ध्यान में रखकर प्रदर्शनी का भ्रमण कराते समय उक्त थीम पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। विश्व की विरासत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ एवं दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में किया गया, जिसमें कक्षा-09 से 12 तक के लगभग 125 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## 2027 में तीसरी बार बनेगी बीजेपी सरकार

**लखनऊ ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर कहा कि यह कानून 90 प्रतिशत से अधिक मुसलमानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला है। कुछ लोग पहले वक्फ के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर करोड़ों रुपये की रकम अपने घर ले जाते थे। नए कानून के बाद ऐसे लोग हताश हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। ये पार्टियां देश में तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। नया कानून बनने के बाद इन पार्टियों में हताशा है। वोट बैंक के लिए मुसलमानों का इस्तेमाल ये पार्टियां करना चाहती हैं, उनकी दुकानें बंद होंगी। भाजपा की अल्पसंख्यक शाखा मुसलमानों के बीच जाकर उन्हें वक्फ संशोधन अधिनियम के फायदे बताएगी।उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगरा दौरे पर भी निशाना साधा। श्री यादव राणा सांगा के बयान को लेकर विवादों में फंसे सपा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधा था।

# उपभोक्ताओं को न हो बिजली आपूर्ति की समस्या

▸ ऊर्जा मंत्री ने विद्युत व्यवस्था व आपूर्ति आदि कार्यों की समीक्षा की

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े। सभी विद्युत कार्मिक सतर्क व सावधान रहकर लोगों के लिए कार्य करे, जिस किसी भी फीडर व विद्युत् आपूर्ति ट्रांसफार्मर में 70 प्रतिशत से ज्यादा का लोड होगा तथा 30 प्रतिशत से ज्यादा का लाइन लास होगा वहां के संविदा कर्मियों को बर्खास्त किया जाए और अन्य विद्युत कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जिस किसी भी डिस्कॉम में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां के जिम्मेदार कार्मिको पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर एक भी नहीं फुंकने चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें। मुख्यालय स्तर पर शक्ति भवन में भी मुख्य अभियंता स्तर का अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट चेयरमैन तथा एमडी यूपीपीसीएल को भेजें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न तो विद्युत कार्मिकों की कार्यों में लापरवाही और न ही कोई कहानी बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने और कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग को जो भी राजस्व हानि हो रही है उसकी भरपाई नही हो पा रही है। अभी भी विद्युत कार्मिक विद्युत चोरी रोकने में तथा लाइन लास काम करने में विभाग की उम्मीद पर खरा नहीं उतर रहे है। विद्युत चोरी रोकने के लिए की जा रही विजिलेंस की कार्रवाई भी संतोषजनक नहीं है। छोटे और गरीब उपभोक्ताओं का विजिलेंस कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर अभी भी विद्युत चोरी हो रही है और लाइन लॉस एवं विद्युत लोड ज्यादा है वहां के कार्मिकों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जहां पर कार्मिक अधिक हो, उन्हें अन्य स्थानों पर भेजकर समायोजित भी किया जाए। जो भी एक्सियन एवं एसडीओ कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाए। पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर उन्होंने संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिए।

# ताराशक्ति केन्द्र बना महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्त्रोत

समृद्धि न्यूज़

▸ विधायक डॉ.राजेश्वर ने 30 उत्कृष्ट संचालिकाओं को किया सम्मानित

**लखनऊ।** राजनीति में संकल्प और सेवा जब एक साथ चलते हैं तो बदलाव की नई इबारत लिखी जाती है। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह की फ्लैगशिप सामाजिक पहल ताराशक्ति केंद्र इसका जीवंत प्रमाण है।

शनिवार को आशियाना स्थित विधायक आवास पर आयोजित एक समारोह में विधायक द्वारा 30 सेंटर संचालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को धरातल पर उतारते हुए स्वावलंबन की सच्ची मिसाल पेश की है। बताते चलें, ताराशक्ति केंद्र कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि विधायक डॉ. सिंह की व्यक्तिगत सोच और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे सीएसआर फंड के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई मशीनें, संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और परिवार की रीढ़ बन सकें। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अबतक1700 से अधिक सिलाई मशीनें प्रदान कर 150 ताराशक्ति केंद्र स्थापित कराए जा चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 7000 से अधिक महिलाएं कौशल विकास के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

## अखिलेश को धमकी देने वाला करणी सेना का नेता गिरफ्तार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले करणी सेना के नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद करणी सेना के नेता मोहन चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी उन पर मुकदमा दर्ज था। बीते हफ्ते मोहन चौहान पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन को गोली मारने वाले को इनाम देने की घोषणा पर मुकदमा लिखा गया था। इन दोनों मामलों में उन्हें शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया है।करणी सेना नेता मोहन चौहान जवां निवासी है। 15 अप्रैल को उनका एक वीडियो वायरल हुआ,जिसमें अखिलेश यादव को धमकाने की घोषणा की गई है। जिसपर नाराजगी जताते हुए सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर की ओर से 17 अप्रैल को एसएसपी को लिखित शिकायत दी गई।

**मजबूती** — यूपीएसएसएफ की नई वाहिनी के गठन के साथ उनके परिसर के निर्माण की प्रक्रिया के कार्य में तेजी

# विशेष सुरक्षा बल की वाहिनी के लिए जल्द बनेगा आधुनिक परिसर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और राज्य के सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित योगी सरकार जल्द ही एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की नई वाहिनी के गठन के साथ भविष्य की जरूरतों के अनुसार उनके परिसर के निर्माण की प्रक्रिया के कार्य में तेजी लाने जा रही है।

इस प्रक्रिया के तहत प्रयागराज में यूपीएसएसएफ की तीसरी वाहिनी तथा मथुरा में यूपीएसएसएफ की चौथी वाहिनी के लिए परिसर में विभिन्न प्रकार के आवासीय व अनावासीय खंडों के निर्माण की योजना है। इसके लिए प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में 42.03 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इसमें से देवरिया गांव में 22 एकड़ तथा भैदपुर गांव में 19 एकड़ भूमि पर परिसर निर्माण किया जाएगा।

योजना के अनुसार, इस निर्माण व विकास कार्य को पूरा करने में 198 करोड़ रुपये(जीएसटी अतिरिक्त) की रकम खर्च की जाएगी। वहीं, मथुरा के बढ़ौता गांव में 40.03 एकड़ भूमि को परिसर निर्माण के लिए चिह्नित किया है। परिसर निर्माण में 197 करोड़ रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) की रकम खर्च की जाएगी। इसी के साथ, बदायूं में भी महिला पीएसी वाहिनी के परिसर निर्माण के रुके हुए कार्य में तेजी लाने की तैयारी की जा रही है तथा इसे 177.30 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा जिसके लिए नियोजन विभाग ने खाका तैयार कर लिया है। नियोजन विभाग द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार, प्रयागराज व मथुरा में यूपीएसएसएफ की वाहिनी के लिए परिसर निर्माण के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 18 महीने के लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान 36 महीने की समयावधि को डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड रखा गया है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा जिसके आधार पर निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए कॉन्सेप्ट प्लान, 3डी व्यू, एनिमेटेड वॉक-थ्रू, सॉयल टेस्टिंग समेत विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट्स बनायी जाएगी जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिसर को भविष्य की जरूरतों के आधार पर निर्मित व विकसित किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के आवासीय व अनिवासीय प्रखंडों का निर्माण, एसटीपी, हरित क्षेत्र, क्रीड़ा स्थल, बैरक और अन्य कई सुविधाओं का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बदायूं के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी वाहिनी के परिसर निर्माण व विकास कार्यों को भी पूरा करने की प्रक्रिया को गति देने की तैयारी है। नियोजन विभाग ने निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने के लिए एक साल की समयावधि निर्धारित की गई है।

# जनभागीदारी व प्रशासनिक प्रयास से मां वाराही देवी मंदिर का कायाकल्प

- तरबगंज में मंदिर पुनरुद्धार कार्य तेजी पर
- पहला चरण सम्पन्न, सौंदर्यीकरण का दूसरा चरण जारी
- श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में विस्तार, रास्तों का हो रहा चौड़ीकरण




**डीएम की पहल से बदला मंदिर परिसर का स्वरूप**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा जनपद की तहसील तरबगंज स्थित पौराणिक मां वाराही देवी मंदिर जिसे 51 शक्तिपीठों में एक माना जाता है अब व्यवस्थित और विकसित स्वरूप की ओर अग्रसर है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सक्रिय पहल और स्थानीय जनभागीदारी से इस ऐतिहासिक मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

पहले चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें मुख्य रूप से मंदिर मार्ग का अतिक्रमण मुक्त कराना, 53 अस्थायी दुकानों को हटाकर उन्हें व्यवस्थित रूप में पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया तथा मंदिर के समक्ष बड़े कंपाउंड का निर्माण कार्य शामिल है। इससे श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन एवं आवागमन में राहत मिली है।

वर्तमान में दूसरे चरण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें मंदिर परिसर के विस्तृत सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, वृक्षारोपण तथा अन्य जनसुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में संबंधित विभाग एवं स्थानीय नागरिक मिलकर कार्य को गति दे रहे हैं।

मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, यह स्थान मां सती के दांतों के गिरने का स्थल है और यहां दो गहरे छिद्र आज भी देखे जा सकते हैं, जिनकी गहराई अब तक मापी नहीं जा सकी है। विशेष रूप से नेत्र रोगियों के बीच यह मंदिर आस्था का केंद्र माना जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है। जनसहयोग से इसे आदर्श धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने का हमारा प्रयास जारी है।

वाराही देवी मंदिर के कायाकल्प की यह योजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि प्रशासन और आमजन के सहयोग की

# डीएम ने परसपुर भूमि प्रकरण की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का किया गठन

- अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति को सौंपी गई जिम्मेदारी




**गठित समिति**

1. अपर जिलाधिकारी, गोंडा – अध्यक्ष
2. उप जिलाधिकारी, करनैलगंज – सदस्य
3. सहायक महानिरीक्षक निबंधन, गोंडा – सदस्य
4. बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, गोंडा – सदस्य

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

नगर पंचायत परसपुर अंतर्गत गाटा संख्या 559 एवं 743 से संबंधित एक गंभीर शिकायत के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए शनिवार को एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है।

अनिल कुमार पुत्र मोतीलाल, मुस्तफा व इब्राहीम पुत्रगण वाजिद अली आदि की ओर से प्राप्त शिकायती पत्र में आरोपित किया गया है कि विपक्षीगण द्वारा कूटरचित इकरारनामा तैयार कर उपर्युक्त गाटों का विक्रय फर्जी एवं अवैध तरीके से किया गया है। साथ ही यह भी आरोप है कि विपक्षी पक्ष द्वारा संगठित रूप से विद्यालय, कब्रिस्तान, पुरानी आबादी तथा अन्य व्यक्तियों की स्वामित्वाधीन भूमि पर भी अनधिकृत रूप से कब्जा कर फर्जी विक्रय किया जा रहा है। शिकायत में कुछ बाहरी जनपदों के व्यक्तियों की संलिप्तता का भी उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नगर पंचायत परसपुर क्षेत्र में भूमि क्रय-विक्रय से संबंधित जालसाजी एवं धोखाधड़ी की घटनाएं सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से भी प्रशासन के संज्ञान में आई हैं। उक्त प्रकरण प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर प्रकृति का प्रतीत होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति गठित कर विस्तृत जांच कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त समिति को निर्देशित किया गया है कि वह संपूर्ण प्रकरण की गहनता से जांच कर शिकायती पत्र में वर्णित बिंदुओं पर तथ्यात्मक रूप से परीक्षण कर दिनांक 22 अप्रैल 2025 तक जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कूटरचना अथवा अवैध क्रियाकलापों को प्रशासनिक स्तर पर किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा पीड़ितों को विधिसम्मत न्याय प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

# आज होगा निर्धन कन्याओं का सामूहिक भव्य विवाह समारोह

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में निर्धन कन्याओं हेतु सामूहिक भव्य विवाह समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हिंदू रीति रिवाज एवं पूरे वैदिक मंत्रोचार के साथ आज सायं 3:00 बजे से 14 वर वधू एक दूसरे को जयमाल पहनते हुए परिणय सूत्र में बंधेगे। यह जानकारी विवाह समारोह के आयोजक और श्री राम जानकी धर्मादा समिति के महामंत्री संजय अग्रवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि जनपद के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से वर एवं वधू पक्ष के परिवारजन दोपहर 12:00 तक विवाह स्थल पर पहुंचेगे। और 3:00 बजे जयमाल, 5:00 बजे भंवर (अग्नि फेरा) एवं 7:00 बजे तक विदाई संपन्न होगी। विवाह समारोह की प्रमुख सहयोगी मारवाड़ी युवा मंच देवी पाटन महिला शाखा की अध्यक्ष अनीता मनीरामका ने बताया की सभी जोड़ों को नई गृहस्थी एवं खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक सामान दिए जाएंगे जिसमें लोहे का बॉक्स, अटैची, एयर बैग, पलंग, गद्दा, चादर, प्रत्येक कन्या को 7 साड़ी, ब्लाउज व पेटिकोट, पायल, बिछिया व मंगलसूत्र, प्रेशर कुकर, टेबल पंखा, कंबल, बर्तन व मिठाई आदि सामान समिति द्वारा देकर विदा किया जाएगा। विवाह संयोजक अनिल अग्रवाल ने बताया की सभी मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। श्री राम जानकी धर्मादा समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल ने बताया कि इस आयोजन में सभी मारवाड़ी महिलाओं के विभिन्न संगठनों की प्रमुख भूमिका रहेगी। और नगर के संभ्रांत, प्रतिष्ठित एवं सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों के एवं जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की प्रबल संभावना है।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर आक्रोश

- बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल में हिन्दूओं पर हो रहे कत्लेआम और अत्याचार को लेकर विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन रैली निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया।

जानकारी के अनुसार बजरंग दल जिला संयोजक आकाश सागर के अगुवाई में एक विशाल हिंदू जन समूह आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें बांग्लादेश मुर्दाबाद नारा लगाते हुए गोन्डा जनपद के रामलीला मैदान से गुड्डू मल चौराहा, गुरु नानक चौराहा,एलबीएस चौराहा से होते हुए अंबेडकर चौराहा पहुंचे जहां सभी एकत्र होकर पश्चिमी बंगाल में हो रहे हिन्दूओं का कत्लेआम पर बंग्लादेशी सरकार के विरुद्ध नारे बाजी।उसके उपरांत विरोध प्रदर्शन करते हुए विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया।जिसमें मांग किया गया की पश्चिम बंगाल में लगातार हिंदुओं के ऊपर हो रहे कत्लेआम और अत्याचार को रोका जाए और वहां पर भारत सरकार हस्ताक्षेप कर राष्ट्रपति शासन लगाकर वहां के शासन सत्ता को अपने हाथ में लेकर जिहादी आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे पश्चिमी बंगाल सरकार पर अंकुश लगाते हुए सभी दोषियों के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करेंने की मांग की।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी, जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, जिला मंत्री बबलू वर्मा, राकेश वर्मा, राजकुमार शुक्ला, सर्वजीत सिंह, राजू गोस्वामी, राजकुमार, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक बीनू सिंह,सीमा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सोमानी, जिला कोषाध्यक्ष राजू मौर्या, प्रखंड मंत्री दिनेश मिश्र, सुधीर तिवारी, प्रिंस तिवारी, संतोष, संदीप यादव, सोनू सोनकर, प्रकाश कुमार, भोलानाथ सोनी, संदीप सोनी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए करेंगे संघर्ष : कृष्ण गोपाल दूरबार

- पेंशन बहाली के लिए किया गया जन आंदोलन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया एनपीएस इंप्लॉयज फेडरेशन ( शैक्षिक जनांदोलन) द्वारा जनपद गोंडा में जिला संयोजक कृष्ण गोपाल दूरबार को बनाया गया।

पूरे देश में शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली सहित उनके संवर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए अखिल भारतीय स्तर कार्यरत ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के कर्मचारी वर्ग में संघर्ष की एक नई पहचान राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल की अनुशंसा पर शिक्षकों की समस्यायों के लिए मुखर होकर लड़ने वाले निडर प्रदेश अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी विमुक्त द्वारा जनपद गोंडा में पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों पर मुखर होकर संघर्ष करने वाले कृष्ण गोपाल दूरबार को गोंडा का जिला संयोजक नियुक्त किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष/ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा यह नियुक्ति पत्र जारी करते हुए आशा जताई गई कि कृष्ण गोपाल दूरबार शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को मुखरता उठाने, उनका समाधान कराने, उनके हितों की रक्षा करने तथा संगठन को जिला स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कृष्ण गोपाल दूरबार ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शिक्षकों और कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को सभी शिक्षक कर्मचारियों तक पहुंचाएंगे। अपने और अपने सभी साथियों के सुखद और सुरक्षित बुढ़ापे के लिए पुरानी पेंशन बहाली तक तन मन धन से संघर्ष करेंगे। जनपद में शिक्षकों और कर्मचारियों के मान सम्मान और स्वाभिमान बचाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिला स्तर पर एक बैठक करके संगठन से सबको जोड़ते हुए विस्तार किया जाएगा।

ये संघर्ष और संगठन सबका है और सबको साथ लेकर संघर्ष किया जाएगा। पहले भी जिला स्तर पर एकजुट हुए हैं और अब फिर से एकजुट करने का काम किया जाएगा। पूरे देवीपाटन मंडल में संगठन को मजबूती देने के लिए जुलाई माह में मंडल स्तरीय कार्यक्रम गोंडा मुख्यालय में किया जाएगा जिसमें विभिन्न संवर्गों के प्रदेश अध्यक्ष भी शिरकत करेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि अभी रविवार को चौधरी चरण सिंह सिंचाई विभाग सभागार में ऑल इण्डिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा पेंशन जयघोष सम्मेलन किया गया था। जिसमें प्रदेश के एक दर्जन से अधिक विभिन संवर्गों के संगठनों ने प्रतिभाग करके राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल को अपना पूरा सहयोग और समर्थन देने का ऐलान किया था। उस अवसर पर ही अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल द्वारा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी का भी गठन किया था। जिसमें अंकुर त्रिपाठी विमुक्त प्रदेश अध्यक्ष, यूटेक पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह सरल प्रदेश संयोजक, तरुण भोला प्रदेश प्रभारी और नीरज पटेल को प्रदेश महामंत्री बनाया गया था। अभी पहले चरण में तकरीबन 25 से अधिक जिलों में संयोजक नियुक्त किए गए हैं। शीघ्र ही संगठन सभी जिलों, और मंडलों में अपनी कार्यकारिणी गठित करेगा।

इस कार्यक्रम में क्रांति सिंह प्रदेश अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, रामलाल यादव प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ, जे पी पांडेय प्रदेश अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, बसंतलाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य सफाई कर्मचारी संघ, पद्मनाभ त्रिवेदी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग भाईलाल यादव प्रदेश अध्यक्ष सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी संघ, यूपी सिंह प्रदेश अध्यक्ष पंचायती राज उपस्थित हुए थे।

# रुकनापुर में अवैध शराब दुकान का संचालन

- वार्ड सभासद सबिता सिंह ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत पयागपुर के वार्ड नंबर 03 रुकनापुर में अवैध रूप से संचालित की जा रही शराब की दुकान के खिलाफ वार्ड सभासद सबिता सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।

सबिता सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आबकारी विभाग द्वारा सत्र 2025-26 में पयागपुर बाजार भूपगंज (वार्ड नंबर 12) के नाम पर एक कंपोजिट शराब की दुकान का आवंटन शकुंतला जायसवाल के नाम से किया गया था। परंतु यह दुकान अपनी निर्धारित जगह भूपगंज वार्ड 12 में न खोलकर रुकनापुर (वार्ड नंबर 03) में पावर हाउस के पास गोंडा-बहराइच राजमार्ग पर संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कई परिवार रहते हैं, जिनमें महिलाएं और छोटे बच्चे बड़ी संख्या में हैं।

इसके अतिरिक्त, दुकान के नजदीक ही मौनी बाबा का प्रसिद्ध सिद्ध आश्रम स्थित है, जहाँ नियमित रूप से धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे धार्मिक और पारिवारिक माहौल में शराब दुकान का संचालन न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुँचाता है, बल्कि किसी अप्रिय घटना की आशंका को भी जन्म देता है।

शिकायत में उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि दुकान जिस वार्ड में चल रही है, वह उसके निर्धारित स्थान से पूरी तरह भिन्न है, जिससे यह स्पष्ट रूप से अवैध संचालन की श्रेणी में आता है।सबिता सिंह ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल इस अवैध शराब दुकान के संचालन पर रोक लगाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को असुविधा और असुरक्षा से राहत मिल सके। शिकायती पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, आबकारी मंत्री, पुलिस अधीक्षक, आबकारी आयुक्त समेत कुल 12 उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

**आबकारी उपायुक्त की प्रतिक्रिया**

शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच करवाई जा रही है। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# एसएसबी महानिरीक्षक ने किया अगैय्या स्थित मुख्यालय का दौरा, दिये निर्देश

- सैनिक सम्मेलन में जवानों और अधिकारियों से किया सीधा संवाद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सशस्त्र सीमा बल के महानिरीक्षक रत्न संजय ने नानपारा स्थित 59वी वाहिनी का दौरा किया। यह निरीक्षण शुक्रवार को अगैय्या चौराहा स्थित एसएसबी मुख्यालय में किया गया। महानिरीक्षक ने सबसे पहले गॉड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

उन्होंने ई समवाय मुर्तिया से मूर्तिहा कंपनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जंगल के रास्तों का जायजा भी लिया। महानिरीक्षक रत्न संजय ने जवानों के रहन-सहन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एक सैनिक सम्मेलन में जवानों और अधिकारियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में बटालियन के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# गन्ने के खेत में मिला तेंदुए का नवजात शावक, नहीं मिली मां

**शावक को भेजा गया इटावा लायन सफारी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रामपुर धोबियाहार गांव में एक अनोखी घटना सामने आई। तीरथ राम के गन्ने के खेत में एक तेंदुए का नवजात शावक मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शावक को सुरक्षित कर लिया उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शावक को वहीं रखा गया। पशु चिकित्सक से उसकी जांच करवाई गई। वन विभाग ने कई दिनों तक शावक को उसकी मां से मिलने का प्रयास किया। मां के वापस न आने पर शावक की सुरक्षा को देखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन जीव लखनऊ के आदेश पर 18 अप्रैल को उसे इटावा लाइन सफारी में स्थानांतरित कर दिया गया। शावक को सफारी तक पहुंचने वाली टीम में उप प्रभागीय वन अधिकारी नानपारा राशिद जमील वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पियूष गुप्ता और पशु चिकित्सा अधिकारी शिवपुर डॉक्टर मनोज वर्मा शामिल रहे।

# चाट खाकर पैसे नहीं देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- दबंगों ने की चाट विक्रेता से मारपीट, गुस्साए लोगों ने फूंकी बाइक




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के जिलाधिकारी आवास के पास एक चाट विक्रेता से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शुक्रवार शाम की है। बलरामपुर जिले में सुमित नाम का व्यक्ति दूरभाष केंद्र के सामने पापड़ी चाट का ठेला लगता है। कुछ दबंग युवक रोजाना उनके ठेले से सामान खाकर बिना पैसे दिए चले जाते थे। गुरुवार शाम को दो बाइक पर सवार छह लोग आए और सामान खाकर जाने लगे। जब सुमित ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे पर घुसे और थप्पड़ों से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद ग्राहकों ने विरोध किया और हमलावरों को पीट दिया। गुस्साए लोगों ने एक बाइक में आग भी लगा दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया। जांच के बाद खत्रीपुरा निवासी अहद मिर्जा, भिनगा निवासी शौर्य कांत और थाना रानीपुर निवासी रूद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बंगाल हिंसा को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

- राष्ट्रपति शासन की मांग, नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठनों ने नगर मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बंगाल में हिंदू समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया उनके वाहनों को जला दिया गया कई लोग अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हुए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वहां सुरक्षा में तैनात पुलिस बल पर भी पथराव किया गया। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा बल ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की सुरक्षा कौन करेगा उनका कहना था कि बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। संगठनों ने मांग की है कि बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई की जाए साथ ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाए। प्रदर्शन में विहिप जिलाध्यक्ष तरुण कुमार सिंह विभागाध्यक्ष राकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह संयोजक गौरव गुप्ता नगर मंत्री ध्रुव पांडे समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एसपी ने किया थाना मोतीपुर व रिसिया का औचक निरीक्षण

- बोले- फरियादियों की समास्याओं का थाने पर ही करें समाधान, नहीं आना पड़े मुख्यालय



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती थाना मोतीपुर व थाना रिसिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिसम्मत कार्यवाही के उपरांत स्वयं थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक लेने के लिए आदेशित किया। साथ ही फरियादियों/ आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और बैठने, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान मालो को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया । मेस की साफ-सफाई रखने, फिक्स मेनू के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के लिए कहा गया । एसपी ने थाना मालखाना हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ-सफाई रखने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाना प्रांगण में सी.सी.टी.वी. कैमरो की दशा व दिशा दुरस्त रखने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया। रजिस्टरों के व्यवस्थित रख रखाव एवं मालखाने में माल का क्रमवार रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगुन्तकों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी बातो/शिकायतों को सुनकर विधिक निस्तारण किया जाये, ताकि उनको अनावश्यक मुख्यालय न जाना पड़े। थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाने में शौचालय का निरीक्षण किया गया शौचालय की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने थाना परिसर की बैरकों का निरीक्षण कर उनकी बेहतर साफ-सफाई तथा सामान का उचित रख रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचना तथा क्षेत्र की जानकारी कर सीमावर्ती क्षेत्र में आने वाली समस्याओं की जानकारी की गयी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बहराइच मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा के क्षेत्र में रचा गया नया इतिहास

## पहली बार सफलतापूर्वक हुई आर्थोस्कोपिक एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले में मेडिकल कॉलेज ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चिकित्सा इतिहास में नया अध्याय जोड़ा है। कॉलेज में पहली बार आर्थोस्कोपिक एसीएल रिकंस्ट्रक्शन (दूरबीन विधि द्वारा घुटने के धागे का नवनिर्माण) सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया कि यह ऑपरेशन 16 वर्षीय मूलचंद पुत्र राकेश निवासी नानपारा, के दाहिने पैर की लिगामेंट (ACL) चोट के कारण किया गया। इस जटिल सर्जरी को अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जयदीप पटेल एवं उनकी अनुभवी सर्जन टीम द्वारा संपन्न किया गया। वहीं एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. आशीष अग्रवाल ने किया। यह संपूर्ण प्रक्रिया बहराइच मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री एवं वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथिलेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने इस अवसर पर कहा यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि पहली बार बहराइच मेडिकल कॉलेज में आर्थोस्कोपिक तकनीक से एसीएल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह हमारे डॉक्टरों की विशेषज्ञता, समर्पण और टीम वर्क का प्रतिफल है। हम लगातार अपने मरीजों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। इस उपलब्धि से अब क्षेत्रीय मरीजों को जटिल ऑपरेशनों के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यह बहराइच मेडिकल कॉलेज की तकनीकी प्रगति और चिकित्सीय क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है।बहराइच मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य सेवाओं में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों से चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है।

# मुसीबत का साथी है... खाकी
# सड़क हादसे में घायलों को लेकर अपने परिवार की तरह पहुंची खाकी

- देर रात डीएम-एसपी भी पहुंचे जिला अस्पताल, जाना घायलों का हाल

दीपेंद्र कुमार



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** महाकुंभ जैसा सफल आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस की जमकर तारीफ की थी कहते हैं कि कोई भी आयोजन तभी सफल हो सकता है जब उससे जुड़े हुए लोग तन मन से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बीती रात मिल एरिया थाना क्षेत्र के मलिन का पुरवा के पास एक सड़क हादसा हो गया जिसमें खाकी का एक मानवीय चेहरा देखने को मिला जो यादगार बन गया।

यहां खाकी वर्दीधारी मार्ग दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के इलाज को लेकर अस्पताल में ऐसे लगे थे जैसे उनके अपने घायल हुए हों। दरअसल बीती रात यहां के मिल एरिया थाना इलाके में अमेठी रायबरेली मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां अमेठी ज़िले में जामो से रायबरेली के डिडौली आ रही बारात की बोलेरो और डम्पर में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में ड्राइवर समेत चार पुरुष, चार महिलाएं और सात बच्चे सवार थे। दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मासूम बच्चों समेत बाकी सभी चौदह बोलेरो सवार बुरी तरह ज़ख्मी थे। घायलों को लेकर एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंची तो यहां कोहराम मच गया। हर तरफ घायल ही घायल लेकिन कोई ऐसा नहीं जो उनका अपना हो जो उनकी तीमारदारी कर सके। उस समय सीओ सदर अमित सिंह के निर्देश पर पहले से मौजूद पुलिस अपनों की भूमिका में नज़र आई।

### घायलों के चादर बिछाते नजर आए शहर कोतवाल

शहर कोतवाल राजेश सिंह इमरजेंसी वार्ड में चादर बिछाते नज़र आये तो उनकी टीम मासूमों को गोद में लेकर ऐसे दौड़ रही थी जैसे कोई अपना हो। इतना ही नहीं इमरजेंसी में जहाँ सीएमएस से लेकर डॉक्टरों की टीम हर पल घायलों को बचाने में लगी रही तो वर्दीधारी ग्लूकोज़ की बोतल हाथों में उठाये रहे। भीषण हादसे की जानकारी मिलते ही डीएम और एसपी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस व प्रशासन की मुस्तैदी से आश्वस्त दिखे।

### पुलिस परिवार की आर्थिक सहायता

मई 2018 में, उप निरीक्षक देवेंद्र यादव और उनकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद, रायबरेली पुलिस ने अपने वेतन से 6,30,300 रुपये एकत्र कर उनके परिवार को प्रदान किए। इस पहल में पुलिस अधीक्षक और अन्य कर्मियों ने सक्रिय योगदान दिया।

### पिछली कुछ घटनाओं में खाकी की दरियादिली

अक्टूबर 2019 में, भदोखर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को आरक्षी वीरेंद्र यादव ने गोद में उठाकर अस्पताल पहुंचाया। इस कार्य ने पुलिस की तत्परता और मानवता को प्रदर्शित किया।

### आगजनी से परिवार की रक्षा

दिसंबर 2019 में, लालगंज थाना क्षेत्र में एक कपड़े की दुकान में आग लगने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने तुरंत कार्रवाई की और मकान में फंसे चार परिवार के सदस्यों को सुरक्षित निकाला।

### मूक-बधिर बालक की मदद

फरवरी 2020 में, शिवगढ़ थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने एक मूक-बधिर लावारिस बालक को कपड़े और जूते दिलवाए। खोजबीन के बाद, उन्होंने बालक को उसके परिजनों को सौंपा, जिससे पुलिस की संवेदनशीलता उजागर हुई।

### लापता युवक को परिजनों तक पहुंचाया

नवंबर 2024 में, बजरंग मोहल्ले के 20 वर्षीय सत्यम यादव, जो लखनऊ के एक कॉलेज से लापता हो गया था, को कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने बरामद कर परिजनों को सौंपा।

# जिलाधिकारी ने छात्रावास के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रोहनिया में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास भवन के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय अधिशाषी अभियंता आर0ई0एस0 प्रभात नरायण तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना 4.17 करोड़ की है, जिसको पूर्ण करने की समय सीमा दिसम्बर 2025 निर्धारित है। वर्तमान में 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है इसमें एकेडमिक ब्लॉक में 04 क्लास रूम, 03 लैब एवं 01 स्टाफ रूम, 02 अन्य रूम तथा हास्टल ब्लॉक में जी प्लस वन बिल्डिंग प्रस्तावित है, जिसमें 26 कमरे, 04 टॉयलेट ब्लॉक, 01 डायनिंग हॉल शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु समय समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये इसके साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समयबद्ध कार्य को पूर्ण करायें।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैवेंद्र प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. व सामाजसेवी एमपी सिंह के निधन पर अंतिम दर्शन को उमड़ा जन सैलाब



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं समाजसेवी एमपी सिंह का आज निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही नगर सहित क्षेत्र में फैली शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया। बाराबंकी जनपद के रहने वाले डॉक्टर एमपी सिंह लगभग 70 वर्ष के थे करीब 40 से 45 वर्ष पूर्व महराजगंज कस्बे में आए थे और यहीं पर अपनी क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज किया करते थे। धीरे-धीरे इनकी ख्याति बढ़ती चली गई और समाज सेवा सहित राजनीति में भी सक्रिय हुए पूर्व सदर विधायक अखिलेश सिंह जब भी महराजगंज नगर आते थे तो डॉक्टर एमपी सिंह की क्लीनिक पर जरूर रुकते थे। और साथ ही डॉक्टर एमपी सिंह का और पूर्व विधायक अखिलेश सिंह का मित्रवत व्यवहार रहा है। वर्तमान में देखा जाए तो डॉक्टर एमपी सिंह राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के भी खास रहे हैं वहीं आज जैसे उनकी मौत की सूचना लोगों को मिली तो उनके आवास पर हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए और परिवार को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की ।महेश प्रताप सिंह उर्फ डॉक्टर एमपी खारिका फूल कूटी बाराबंकी के निवासी थे महराजगंज में कुछ समय तक अंतिम दर्शन के लिए उनके शव को रोका गया उसके बाद उनके पैतृक स्थान बाराबंकी के लिए उनके शव को ले जाया गया जहां पर उनका अंतिम संस्कार होना है। डॉ एमपी सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पीके श्रीवास्तव कांग्रेसी नेता दीपू चौधरी अमावा प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह भाजपा जिला मंत्री सूर्य प्रकाश वर्मा राम मेडिकल स्टोर राजेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह राज मेडिकल स्टोर तीर्थराज सिंह विजय मेडिकल स्टोर अमावा विजय सिंह सभासद रामकुमार यादव सूर्यभान सिंह आशु सिंह अजय सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज थाना क्षेत्र के युवक की ससुराल में हुई मौत राहुल पुत्र 23 वर्ष निवासी उदई का पुरवा मंज़रे कैर अपनी ससुराल साली की शादी में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कटेहटी गया हुआ था। किसी काम से सामान लाने के लिए जगदीशपुर बाजार जैसे ही पहुंचा बोलेरो ने बाइक पर सवार राहुल को जोरदार टक्कर मार दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैर मंसाराम पाल ने बताया युवक अपनी ससुराल गया हुआ था बोलेरो की टक्कर से मौत हुई है युवक को सबसे पहले तिलोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर किया तो एम्स लाया गया एम्स में बेड न होने के कारण लखनऊ लेकर गए जहां पर उसकी मौत हो गई।

### रोड एक्सीडेंट में 22 वर्षीय युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रोड एक्सीडेंट में इस समय युवा लगातार काल के गाल में समा रहे हैं महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के दुसौती गांव के पास रात्रि लगभग 10-30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्रानु उर्फ दुर्विजय सिंह पुत्र राजकरन सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी संतोषपुर मजरे जनई दुसौती गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वही घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई उसकी मौत की सूचना जैसे ही परिवारजन व घर वालों को मिली परिवारजन का रो रो कर बुरा हाल है।

### बारात लेकर जा रहे दूल्हे ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है।जहां बारात लेकर जा रहे दूल्हे ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड कर लिया।जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सलोंन कोतवाली क्षेत्र के सूची निवासी रामकिशोर के बेटे रवि यादव (28) की शादी मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के मिर्जा जमालपुर गांव के आनंद के यहां तय की थी।जिसकी बारात 18 अप्रैल को मऊ जा रही थी।इसी दौरान अमेठी जिले के गौरीगंज में दूल्हे रवि ने गाडी धीरे होते ही अचानक उतर कर भाग गया।जानकारी होने पर सभी खोजते रहे।जिसके बाद बनी हाल्ट स्टेशन के पास मालगाड़ी के आगे कूद कर जीवन लीला समाप्त कर ली।मौत की खबर सुनते ही दोनों पक्षों में कोहराम मच गया।शादी की खुशियां मातम में बदल गई।वहीं पीएम के बाद शव घर पहुंचते ही माहौल काफी गम सीन हो गया।पिता रामकिशोर ने बताया बेटा खुश था।धूमधाम से बारात लेकर जा रहे थे।पता नहीं कैसे क्या हो गया।फिलहाल सुसाइड का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया।वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हैं।

### एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी डलमऊ राजित राम गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मात्र पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देते हुए निर्धारित समय सीमा पर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जगतपुर बरदारा ग्राम सभा की सुरक्षित चारागाह और तालाब की भूमि पर लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है जिसकी शिकायत कई बार तहसील दिवस में की गई लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उच्च अधिकारियों को गुमराह करते हुए झूठी रिपोर्ट लगा देते हैं जिससे ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर लगातार अवैध कब्जा बना हुआ है जिस पर उप जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया इस मौके पर तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नवीन कुमार आदि के साथ अन्य विभाग की अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं अधिकारी : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।
जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।
पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सभासदों ने खोला राज | अध्यक्ष के कहने पर ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव किया था पास

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में हंगामा लगातार देखने को मिल रहा है।हाल की खबरों के अनुसार, अप्रैल 2025 में आयोजित बैठकों में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के खिलाफ सभासदों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान 34 में से 29 सभासदों ने अध्यक्ष पर मनमानी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए, जिसके कारण होने वाली बैठके हंगामे की भेंट चढ़ चढ़ती नजर आवारगी है।हंगामे का कारण अध्यक्ष की मनमानी के आरोप सभासदों द्वारा लगाए जा रहे है। उनका कहना है कि शत्रोहन सोनकर अपने चहेते वार्डों में ही विकास कार्य करवाते हैं और 50 लाख के भुगतान का पावर चाहते है। जिसको लेकर सदन में लगातार हंगामा हो रहा है। इसके अतिरिक्त वार्डों की अनदेखी की जाती है। स्वच्छता की स्थिति खराब होने, चोक सीवर लाइनों और भरी नालियों से जनता परेशान है।



### विकास कार्यों में अनियमितता का लगाया आरोप

सभासदों ने दावा किया कि इंटरलॉकिंग और अन्य निर्माण कार्यों के टेंडर अध्यक्ष अपने करीबियों को देते हैं और कमीशन लेते हैं। कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं होता।

### अध्यक्ष की मनमानी का एक उदाहरण ये भी... महिला सभासद का किया था अपमान

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर पर सभासद सुनीता पाल ने आरोप लगाया था कि बैठक के दौरान अध्यक्ष ने कार्यकारी अधिकारी की मौजूदगी में उनका अपमान किया। इस मुद्दे पर दर्जनों सभासदों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की ।सभासदों का प्रदर्शन सभासदों ने न केवल बैठक में हंगामा किया, बल्कि डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका में विकास कार्य ठप हैं और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

### 50 लाख की पावर चाहते हैं अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर 50 लाख का पावर चाहते है बोर्ड बैठक में एक प्रस्ताव पास किया गया था जिसमें अध्यक्ष के पास एक पावर होता था जिसमें 10 लाख तक का अधिकार अध्यक्ष के पास होता था जिसके अंतर्गत वो उस मद के अंतर्गत कोई भी कार्य करवा सकता था जिसमें सभासदों की सहमति की कोई आवश्यकता नहीं होती थी लेकिन सदन में पेश किए गए नए बिल के अनुरूप इस पावर को अब 50 लाख कर दिया गया जिसके अंतर्गत अध्यक्ष जब चाहे वह बिना सभासदों की सहमत से 50 लाख तक का कार्य करवा सकता है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

- डीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें , गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशाषी अभियंता विद्युत का एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर सदर , सीओ बलरामपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# उतरौला तहसील कार्यालय बना कुत्तों का अड्डा उपजिलाधिकारी कोर्ट में पसरा सन्नाटा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



जहां आम नागरिकों को न्याय की उम्मीद होती है, वही स्थान जब अव्यवस्था और उपेक्षा का प्रतीक बन जाए, तो व्यवस्था पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। कुछ ऐसा ही दृश्य बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कोर्ट में देखने को मिला, जहां न्याय की प्रतीक्षा करने वाले नागरिकों की बजाय फर्श पर आवारा कुत्ते आराम फरमाते नज़र आए।

वायरल हो रही तस्वीर में देखा जा सकता है कि तहसील परिसर में एक व्यक्ति बेंच पर सोया हुआ है, जबकि कोर्ट कक्ष के भीतर कम से कम चार आवारा कुत्ते जमीन पर पसरे हुए हैं। वहीं खुले दरवाज़े और खाली पड़ी कुर्सियाँ प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गवाही दे रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कोर्ट परिसर में अक्सर आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे न सिर्फ कर्मचारियों बल्कि फरियादियों को भी डर बना रहता है। कई बार कुत्ते आपस में लड़ते हैं या परिसर में गंदगी फैलाते हैं, लेकिन प्रशासनिक अमला आंखें मूंदे बैठा है। यह स्थिति न केवल तहसील की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि आम जनता के बीच भी सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। तहसील जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस तरह की दुर्व्यवस्था से यह स्पष्ट होता है कि साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी पूरी तरह शिथिल है। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि वे इस मामले का संज्ञान लें और तहसील परिसर को आवारा पशुओं से मुक्त कराएं। साथ ही ऐसे सार्वजनिक कार्यालयों की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए ताकि आमजन बिना किसी भय और असुविधा के अपने कार्य संपन्न कर सकें।

# रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवा घाट तक जाने वाली सड़क की हालत बदहाल, ग्रामीणों ने मरम्मत की लगाई गुहार

**सादुल्लानगर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



रेहरा बाजार ब्लॉक के अंतर्गत रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवा घाट तक जाने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। एक दशक से अधिक समय से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, जिसके चलते यह मार्ग अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह मार्ग न सिर्फ आवागमन का मुख्य जरिया है, बल्कि गोंडा-बलरामपुर सीमा पर बनी बिसुही नदी के पुल से जुड़ाव का भी महत्वपूर्ण साधन है। करीब दस साल पहले इस पुल के साथ ही इस सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन तब से आज तक इसमें किसी भी प्रकार की मरम्मत नहीं की गई। ग्रामीण क्षेत्र पंचायत सदस्य राम अवध शर्मा, ननकन, दिनेश, संदीप, प्रदीप, शिवा, रामजी वर्मा, आकाश, महेश निषाद और प्रमोद कुमार आदि ने बताया कि खराब सड़क के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने भी सड़क की स्थिति को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शोभा गुप्ता, दुलारे गुप्त, बजरंगी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन सड़क की खस्ता हालत उन्हें जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।



## कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया सूमन वि.ख. इटियाथोक गोण्डा

**पत्रांक संख्याः मेमो/विविध/2025-26** **दिनांकः 19.04.2025**

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर.जी.एस.ए. के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण,आंगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से टेण्डर आमंत्रित किये जाते है आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन की तिथि से लेकर दिनांक 21.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक कर्मी से दिनांक 26.04.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह तिथि 3 बजे तक प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईंट | 02 | सीधा खंजड़ ईंट |
| 03 | सफेद मौरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मौरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईंट की रोड़ी 40 एम.एम. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम.एम. इन्टरलाकिंग ईंट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेन्ट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| | | 19 | अन्य निर्माण सामग्री |

**श्रीमती शाहजहां**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. हरैया सूमन**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

**दिलीप कुमार उपाध्याय**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. हरैया सूमन**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**


# बजाज चीनी मिल इंटई मैदा में यज्ञ के साथ विशाल भण्डारे का हुआ समापन

**उतरौला, (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल में स्थित बजाज देवालय में छ- दिवसीय स्थापत्य वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्ण दिवस के उपरांत हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान एवं आसपास के लोग उपस्थित हुए।

आचार्य हिमांशु ने विधवक पूजा पाठ के बाद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया।

उद्बोधन में आचार्य सुशील बलूनी ने मनु, ध्रुव,राजा अंग, महराज पृथु, दुराचारी राजकुमार बेन तथा महाराज पृथु की कथाएं विस्तार पूर्वक सुनाई।

श्री बलूनी ने कहा भारत में जन्मी वास्तु विद्या को आज समाज ने भुला सा दिया है। यह विद्या मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि शांति यश एवं कीर्ति प्रदान करती है, यदि जन सामान्य को सुखी रहना है तो हमें वास्तविक विज्ञान के नियम सिद्धांतों का बारीकी से अध्ययन कर आत्मसात करना होगा। कथा के अंत में आचार्य बलूनी ने सुधी श्रोताओं से एकत्रित भेंट तथा स्वयं से भी एक धनराशि बजाज पब्लिक स्कूल उतरौला के बच्चों के कल्याणार्थ सामूहिक रूप से नन्हे-मुन्हों को आशीर्वाद सहित भेंट कर दिया। इस अवसर पर आचार्य सुशील बलूनी जी द्वारा इस आयोजन में उपस्थित सभी श्रोतागणों का आभार प्रकट किया गया। कथा पूर्ण होने पर उन सभी बच्चों को जिन्होंने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए को युनिट हेड शुगर, युनिट हेड पावर व आचार्य सुशील बलूनी जी द्वारा को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गये। व्यास पीठ पर श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए राशि को उन्होंने बजाज पब्लिक स्कूल को भेंट किया और कहा कि इसका उपयोग बच्चों के लिए किया जाएगा।

## क्या हम ब्रम्हांड में अकेले हैं?

सदियों से इंसान और वैज्ञानियों के लिए धरती से इतर ब्रम्हांड के बारे में जानकारियों की जिज्ञासा ही खोज का कारण बनी है। क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? क्या ब्रम्हांड के बाहर भी कोई जीवन दायिनी दुनिया है? यह सवाल मानवता को सदियों से परेशान करता रहा है, लेकिन अब इस सवाल का जवाब मिलने की उम्मीद जगी है और वो भी एक भारतीय वैज्ञानिक की ऐतिहासिक खोज से संभव हुआ है। भारतीय मूल के खगोलशास्त्री डॉ. निक्कू मधुसूदन ने जो आईआईटी-बीएचयू और एमआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अपनी टीम के साथ मिलकर ऐसा काम किया है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से 120 प्रकाश वर्ष दूर स्थित ग्रह के-2-18बी में कुछ चौंकाने वाले संकेत खोजे हैं, जो जीवन की उपस्थिति की ओर इशारा करते हैं। के-2-18बी नामक यह ग्रह एक ऐसा ग्रह है जिसे वैज्ञानिक Hycean World कह रहे हैं, अर्थात ऐसा ग्रह जहां महासागर जैसा जलमग्न वातावरण और हाइड्रोजन से भरपूर वायुमंडल हो सकता है और जो जीवन के लिए बेहद अनुकूल माना जाता है, अर्थात जहां जीवन की संभावनाएं होती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के डेटा में डाइमिथाइल सल्फाइड नामक एक अणु की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। यह वही अणु है, जिसे पृथ्वी पर केवल जीव विशेषकर समुद्री पौधे और प्लवक बनाते हैं। इसके साथ ही मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों के उत्सर्जन भी दर्ज की गई है, जो बायोलॉजिकल एक्टिविटी की संभावना को और मजबूत करती है। इसे अब तक का जीवन की खोज में सबसे ठोस वैज्ञानिक प्रमाण माना जा रहा है। डॉ. मधुसूदन वही वैज्ञानिक हैं जिन्होंने सबसे पहले 'Hycean Planets' की थ्योरी दी थी और अब उनकी ही टीम ने इस विचार को संभवता धरातल पर ला दिया है। यह खोज एक बार फिर उस बड़े सवाल को हवा देती है कि अगर ब्रह्मांड में जीवन है, तो हमें एलियंस क्यों नहीं मिले? डॉ. मधुसूदन का उत्तर बेहद सोचने पर मजबूर करता है। उनका कहना है कि अगर इस ग्रह पर जीवन की पुष्टि हुई तो इसका साफ अर्थ होगा कि हमारी आकाशगंगा में जीवन आम बात हो सकती है। उन्होंने बताया है कि अब इस ग्रह की और गहराई से जांच के लिए जेम्स वेब टेलीस्कोप और एरियल मिशन 2029 का इस्तेमाल किया जाएगा। आने वाले सालों में इस दिशा में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। एक भारतीय वैज्ञानिक द्वारा की गई यह खोज न केवल विज्ञान की दुनिया में क्रांति ला सकती है, बल्कि यह भारत के लिए भी गर्व का विषय है। भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा और योगदान ने एक बार फिर पूरी दुनिया के पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया है। यह सिर्फ एक खोज नहीं, बल्कि मानव इतिहास के सबसे बड़े सवालों में से एक का जवाब खोजने की ओर बढ़ाया गया कदम है। और बड़े गर्व की बात है कि यह कदम एक भारतीय ने उठाया है। क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? शायद नहीं!

# डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए- नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

वर्तमान में उच्च शिक्षा प्रणाली उद्योग की तेजी से बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाती, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश स्नातक रोजगार के लिए अयोग्य माने जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 45.9 प्रतिशत स्नातक ही रोजगार योग्य हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में भी यह आंकड़ा बहुत कम है। विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से उद्योग के विशेषज्ञों से समीक्षा कराना चाहिए, ताकि छात्रों को भविष्य की नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा, शिक्षा में मानवीय मूल्यों, सॉफ्ट स्किल्स और सामाजिक उत्तरदायित्व के पहलुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को न केवल पेशेवर, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा सके।

विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अधिक समन्वय से भारत को एक अधिक सक्षम, समावेशी और प्रतिस्पर्धी कार्यबल मिल सकता है जो देश को 2047 तक एक विकासशील राष्ट्र बनने में मदद करेगा। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक ज़रूरतों के मुताबिक तैयार करें। परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9त्न स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25 प्रतिशत इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली जो व्यावहारिक दुनिया की ज़रूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की ज़रूरतों से मेल नहीं खाता। आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में ज़रूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है, जो कि एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य, मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की ज़रूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वह न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं।

इस संकट का समाधान केवल एक तरफा नहीं हो सकता। इसके लिए नीति, संस्थान और उद्योग, इन तीनों को एक साथ आगे आना होगा। हर 2-3 वर्षों में उद्योग विशेषज्ञों की मदद से पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विषयवस्तु समय के साथ प्रासंगिक बनी रहे। शिक्षकों को उद्योगों में इंटर्नशिप या एक्सपोज़र दिया जाए ताकि वे छात्रों को वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप शिक्षा दे सकें। सभी विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में औद्योगिक इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और केस स्टडी आधारित मूल्यांकन शामिल करना चाहिए। तकनीकी और मानवीय विषयों का समावेश- केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स, संवाद क्षमता, टीमवर्क, सहानुभूति और नेतृत्व जैसे तत्वों का भी विकास किया जाना जरूरी है। कंपनियाँ विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर रिसर्च लैब्स, इनोवेशन हब और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करें, जैसा कि आईआईटी मद्रास का रिसर्च पार्क इसका उदाहरण है।

भारत को यह समझना होगा कि अकेले तकनीकी शिक्षा से संपूर्ण विकास संभव नहीं। हमें वैश्विक मॉडलों से सीखना चाहिए। जर्मनी का ड्यूल एजुकेशन सिस्टम एक शानदार उदाहरण है, जहाँ सिद्धांत और व्यवहार का समन्वय छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करता है। इसी प्रकार, अमेरिका में सामुदायिक कॉलेजेज़ और स्टार्टअप एक्सेलेरेटर शिक्षा को उद्योग से जोड़ते हैं। सिंगापुर जैसे देश में हर तीन साल में कौशल समीक्षा होती है और शिक्षा उद्योग के सहयोग से चलती है। भारत को भी एक ऐसा ही डायनामिक करिकुलम फ्रेमवर्क अपनाने की ज़रूरत है। हालांकि इस दिशा में कदम उठाने के अपने खतरे भी हैं। यदि हम शिक्षा को केवल उद्योग की आवश्यकता तक सीमित कर दें तो हम भविष्य के नागरिक नहीं, केवल कर्मचारी तैयार करेंगे। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति हो सकती है। अत्यधिक व्यावसायिकता छात्रों की रचनात्मकता और नैतिक सोच को कुंद कर सकती है। साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र जैसे विषयों को अगर गैर-उपयोगी मानकर नज़रअंदाज़ किया गया तो शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएगी।लगातार पाठ्यक्रमों में बदलाव, तकनीकी उन्नयन और उद्योग सहभागिता विश्वविद्यालयों के लिए महंगा साबित हो सकता है, जिससे ग्रामीण और वंचित तबकों की पहुंच सीमित हो सकती है। भारत सरकार ने स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, 'मेक इन इंडिया और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी योजनाएँ चलाई हैं। इन अभियानों की सफलता तभी संभव है, जब उच्च शिक्षा प्रणाली कुशल, समावेशी और उद्यमशील मानव संसाधन तैयार करें। यह तभी हो सकेगा जब विश्वविद्यालय शिक्षा को उद्योग की ज़रूरतों से जोड़ने की रणनीति राष्ट्रीय प्राथमिकता बने। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इस दिशा में कुछ सकारात्मक संकेत दिए हैं, जैसे लचीलापन, मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण और स्किल आधारित शिक्षा की बात। लेकिन ज़मीनी स्तर पर इन सुधारों को पूरी तरह लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय निवेश और संस्थागत समन्वय की आवश्यकता है। भारत अगर 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है तो हमें अपने विश्वविद्यालयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

**नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25 प्रतिशत इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली जो व्यावहारिक दुनिया की ज़रूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की ज़रूरतों से मेल नहीं खाता। आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहे हैं। इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में ज़रूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है।**

## विचार

# राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

**दीपक कुमार त्यागी**

देश व दुनिया में प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ वर्ष 2025 में स्थापना का 100वां वर्ष धूमधाम से मना रहा है और वह दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि संघ भारत का एक ऐसा संगठन है जो अपनी स्थापना के दशकों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, वह आज भी अपनी विचारधारा पर पूरी तरह से कायम है।

मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आज़ादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष



रूप से देखा जाए तो संघ के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आज़ाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघ ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है। हालांकि देश की आज़ादी के संघर्ष के दौर से लेकर आज़ाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहा है। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आज़ादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए संघ को बदनाम करने का कार्य तक भी किया है। यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गयी नकारात्मक स्थिति के बाद भी राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त सरकारों के दौर में शासन व प्रशासन के द्वारा बार-बार विकट स्थिति उत्पन्न करने के बावजूद संघ के स्वयंसेवकों ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्ज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। जंगें आज़ादी के दौर में संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया। देश के दूरदराज इलाकों तक में भी अपनी 55000 शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर संघ ने देश के युवाओं के एक बहुत बड़े वर्ग को अनुशासन में रहना सिखाते हुए, उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का कार्य बखूबी कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ कार्यों की बानगी देखें तो जंगें आज़ादी के दौर में संघ ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान देते हुए, समाज में राष्ट्रीय चेतना के भाव को जागृत करने का काम बखूबी किया था। संघ ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की बढ़-चढ़कर के सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए महामारी के दौर में लोगों की बढ़-चढ़कर के मदद की। संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयी प्राकृतिक आपदाओं (भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफ़ान आदि), युद्ध और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाई। आज के व्यवसायिक दौर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठन जैसे विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है।

**अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघ ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है। हालांकि देश की आज़ादी के संघर्ष के दौर से लेकर आज़ाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहा है।**

# आज भी प्रासंगिक हैं अंबेडकर के विचार

**डॉ.अजीत रानाडे**

देश में हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी। डॉ. अंबेडकर भारत के समाज और राजकीय व्यवस्था के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक बने हुए हैं। समाज के सभी वर्ग और विशेष रूप से सभी राजनीतिक दल उनकी विरासत का दावा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस दावे की यह लड़ाई तेजी से कटु हो रही है। इसका मतलब यह नहीं है कि अंबेडकर सभी लोगों के लिए सब कुछ हो सकते हैं।

इसका सीधा सा मतलब है कि लोग अपने स्वयं के हितों के अनुरूप उनके लेखन, भाषणों और कथनों का इस्तेमाल करते हैं। अंबेडकर को समझने, उनकी व्याख्या करने या उन पर रिपोर्ट देने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके मूल लेख को उद्धृत किया जाए। अंबेडकर को पढ़ना और बार-बार पढ़ना निश्चित रूप से लाभकारी है जो नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह भी उल्लेखनीय है कि वे अपने लेखन और भाषणों में कितने दूरदर्शी थे। उदाहरण के लिए, संविधान को अपनाने से ठीक दो महीने पहले, 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा के समापन सत्र में उनके सबसे प्रसिद्ध भाषणों में से एक का जिक्र करें। उस भाषण के अंतिम भाग में वे कहते हैं- हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाल दी हैं। आजादी के बाद कुछ भी गलत होने के लिए अंग्रेजों को दोषी ठहराने का बहाना हमने खो दिया है। अगर इसके बाद चीजें गलत हो जाती हैं तो हम अपने को छोड़कर किसी और को दोषी नहीं ठहरा सकेंगे। इसके बाद उन्होंने भारत के नवजात लोकतंत्र के लिए तीन जबरदस्त खतरों का उल्लेख किया। पहला है, राजनीति में नायक-पूजा या व्यक्तित्व पंथ बनाने की प्रवृत्ति। उन्होंने कहा, श्भारत में भक्ति या जिसे नायक-पूजा का मार्ग कहा जा सकता है, राजनीति में एक भूमिका निभाती है जिसकी तुलना दुनिया के किसी भी अन्य देश की राजनीति में नहीं होती है। धर्म में भक्ति, आत्मा के उद्धार का मार्ग हो सकती है लेकिन राजनीति में, भक्ति या नायक-पूजा पतन और अंततः तानाशाही के लिए एक निश्चित मार्ग है। ये शब्द आज पहले से कहीं अधिक सच हैं। यह भी विडंबना है कि जिस व्यक्ति ने पंथ पूजा के खिलाफचेतावनी दी थी, वह स्वयं पंथ पूजा की वस्तु बन गया है। वर्तमान परिदृश्य में डॉ. अंबेडकर की कोई भी आलोचना असहनीय होती जा रही है।

अंबेडकर का गणतंत्र आहत भावनाओं के गणतंत्र में परिवर्तित हो रहा है जो जरा सी कथित धमकी होने पर आपराधिक मुकदमा चलाने को आमंत्रित करता है। अंबेडकर ने जिस दूसरे खतरे की ओर इशारा किया, वह यह चेतावनी थी कि संविधान में निहित राजनीतिक समानता बढ़ती सामाजिक और आर्थिक असमानता के साथ उत्तरोत्तर असंगत होती जा रही है। उन्होंने एक सामाजिक लोकतंत्र की वकालत की थी जिसका अर्थ है जीवन का एक तरीका जो (बुनियादी) सिद्धांतों के रूप में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को मान्यता देता हैश। उन्होंने चेतावनी दी कि खतरा यह है कि अगर बढ़ती (सामाजिक और आर्थिक) असमानता को दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो वे लोग जो वंचित और उत्पीड़ित थे, वे लोकतंत्र की शानदार इमारत को उड़ा देंगे जिसे उसके संस्थापकों ने इतनी मेहनत से बनाया था। उन्होंने यह चेतावनी नक्सली हिंसा की पहली घटना से लगभग 20 साल पहले दी थी।

नक्सली हिंसा की शुरुआत 1960 के दशक के अंत में हुई जो हाल के दिनों में तेजी से बढ़ी है। हमारे चारों ओर हर जगह आर्थिक असमानता के साथ लोकतांत्रिक समानता की विसंगति के उदाहरण हैं। बढ़ते कल्याणकारी राज्य की संकल्पना और मुफ्त उपहार या सब्सिडी जो भी उन्हें कहा जाता है, अमीरों पर कर लगाकर असमानता की खाई को पाटने का एक कमजोर प्रयास है। अमेरिका में ट्रम्प का दूसरी बार राष्ट्रपति बनना लोकतांत्रिक अमेरिका में पूंजीवादी व्यवस्था की विफलता के कारण बढ़ती आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए है। ट्रम्प का समर्थन काफी हद तक उस वर्ग से आता है जिसकी पारिवारिक आय, जीडीपी का आकार बढ़ने और शेयर बाजार की संपत्ति बढ़ने के बावजूद दशकों से स्थिर है। यूके में 2016 ब्रेक्सिट वोट भी मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया गया था जो यह महसूस करते थे कि वे वैश्वीकरण की ताकतों द्वारा पीछे छोड़ दिए गए हैं।



# राशिफल

**मेषः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

# राज्यपालों की राजनीति : राजनीति के राज्यपाल

**रमाकांत नाथ**

भारत में संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन का ताजा उदाहरण हाल का सुप्रीम कोर्ट का वह ऐतिहासिक फैसला है जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति संसद या राज्य विधानसभा में पारित किसी भी विधेयक को तीन महीने से अधिक समय तक रोककर नहीं रख सकते। इसके साथ ही अदालत ने पारित विधेयक को कानून का दर्जा देने की समय सीमा तय कर दी है। कुछ लोग इसे विधायिका पर न्यायपालिका का हस्तक्षेप कह सकते हैं, लेकिन राष्ट्रपति और राज्यपाल भारतीय संवैधानिक व्यवस्था से बाहर नहीं हैं, न ही वे लोकतंत्र से ऊपर हैं। इसलिए, राष्ट्रपति और राज्यपाल विधेयक को रोकने के लिए अपने पॉकेट वीटो का उपयोग नहीं कर सकते।

415 पन्नों के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राष्ट्रपति किसी भी राज्य से आने वाले विधेयक को प्राप्ति की तारीख से तीन महीने के भीतर मंजूरी देंगे। यदि उक्त बिल के संबंध में कोई समस्या हो तो इसकी सूचना संबंधित राज्य को दी जा सकती है। इसी प्रकार, राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करेंगे तथा अपने विवेक से विधेयक को रोकने के लिए पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित राज्य सरकार कानून की शरण ले सकती है और संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यद्यपि भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 200 में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए विधेयक पारित करने की कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है, फिर भी राष्ट्रपति और राज्यपाल अपनी इच्छा से विधेयक को रोक नहीं सकते। फैसले में कहा गया है कि अगर इस आदेश का उल्लंघन होता है तो सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर सकता है।

संविधान के अनुच्छेद - 201 के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विशेषाधिकार के आधार पर विधेयक पारित करने के लिए समय सीमा निर्धारित की है। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास आने वाले विधेयक उनकी मंजूरी के बाद कानून बन जाते हैं। राष्ट्रपति और राज्यपाल संसद या विधानसभा द्वारा पारित किसी भी विधेयक को लौटा सकते हैं या विधेयक पर अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन उन्हें विधेयक को वर्षों तक अपने पास नहीं रखना चाहिए। यदि राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा भेजा गया कोई विधेयक उनके पास वापस आता है, तो वे उस विधेयक को स्वीकृत करने के लिए बाध्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्यपाल को दूसरी बार आने वाले विधेयक को एक महीने में मंजूरी देनी ही होगी।

गौरतलब है कि राज्यपाल आरएन रवि के पास 2020 से तमिलनाडु राज्य विधानसभा द्वारा पारित लगभग 12 विधेयक लंबित थे। 2023 में तमिलनाडु की द्रविड मुनेत्र कषाम (डीएमके) सरकार द्वारा राज्यपाल के असहयोग के खिलाफसुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया गया था। इस मामले की सुनवाई करके सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय लोकतंत्र में नई जान फूंक दी है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों द्वारा 2024 में तथा तेलंगाना और पंजाब सरकारों द्वारा 2023 में सर्वोच्च न्यायालय में इसी प्रकार के मामले दायर किए गए थे। इन संवैधानिक संकटों की वजह यह है कि इन सभी राज्यों में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की विरोधी सरकारें हैं। नतीजे में राज्यों में राज्यपाल राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करने की बजाय केंद्र सरकार के निर्देश पर काम कर रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक घटना घटी है। तमिलनाडु राज्य सरकार ने राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना, राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को सीधे कानून बना दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और तमिलनाडु राज्य सरकार के काम का असर अब पंजाब, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी देखा जा सकता है। तमिलनाडु में राज्यपाल ने पिछली अन्नाद्रमुक सरकार के दो और द्रमुक सरकार के 10 विधेयक, जो 2020 से 2023 के बीच पारित हुए थे, अपने पास रख लिए तथा दो विधेयक राष्ट्रपति के पास भेज दिए। राज्यपाल के व्यवहार के विरोध में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 2023 में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और पिछले विधेयकों को फिर से पेश किया।

राज्य में डीएमके सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्यपाल ने कई विधेयक लौटा दिए थे, जबकि राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) विरोध का विधेयक विधानसभा में दूसरी बार राज्यपाल के पास गया और राज्यपाल ने इसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राज्यपाल को दूसरी बार उनके पास भेजे गए विधेयक को मंजूरी देने की बाध्यता होती है, लेकिन जिस आधार पर तमिलनाडु के राज्यपाल ने विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा, उस पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। तमिलनाडु में राज्यपाल द्वारा रोके गए विधेयक मुख्यतरू राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से संबंधित विधायी अधिनियमों में संशोधन पर थे। यदि ऐसा कोई विधायी अधिनियम नहीं बनाया गया तो स्वाभाविक है कि राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली में अराजकता फैल जाएगी।

**संविधान के अनुच्छेद - 201 के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विशेषाधिकार के आधार पर विधेयक पारित करने के लिए समय सीमा निर्धारित की है। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास आने वाले विधेयक उनकी मंजूरी के बाद कानून बन जाते हैं। राष्ट्रपति और राज्यपाल संसद या विधानसभा द्वारा पारित किसी भी विधेयक को लौटा सकते हैं या विधेयक पर अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन उन्हें विधेयक को वर्षों तक अपने पास नहीं रखना चाहिए। यदि राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा भेजा गया कोई विधेयक उनके पास वापस आता है, तो वे उस विधेयक को स्वीकृत करने के लिए बाध्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्यपाल को दूसरी बार आने वाले विधेयक को एक महीने में मंजूरी देनी ही होगी।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# प्रधानमंत्री 24 को आएंगे कानपुर तैयारियां तेज

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग लिया तैयारियों का जायजा, दिए निर्देश
- अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का बखूबी करें निर्वहन : डीएम

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज नवीन सभागार, सरसैया घाट में आगामी 24 अप्रैल को मा. प्रधानमंत्री के दौरे व विशाल जनसभा की दृष्टिगत अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मा. प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा- निर्देश देते हुए कहा, जिला प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करके कार्यक्रम को सफल बनाएं। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को, जो दायित्व दिए गए हैं, उसका बखूबी निर्वहन करें। इस दौरान किसी भी अधिकारी द्वारा की गई कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने आगामी रविवार को मा. मुख्यमंत्री जी के जनपद दौरे के दृष्टिगत भी संबंधित अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आम जनमानस की भी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर इंतजाम के निर्देश दिए। साथ ही, किसी आगंतुक को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इस संबंध में भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा, उनके द्वारा अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, प्रशासन व मीडिया के बीच परस्पर समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए, जिससे कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी के अलावा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिदत्त नेमी, एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, एडीएम न्यायिक चंद्रशेखर, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, ए सी एम प्रथम राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जयसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

### सीएम के आगमन के दृष्टिगत डीएम ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



आगामी 24 अप्रैल प्रधानमंत्री के कानपुर आगमन के दौरान घाटमपुर पावर प्लांट का भी वर्चुअल उद्घाटन करने की संभावनाओं के चलते रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पावर प्लांट पहुंच रहे हैं जो वहां की व्यवस्थाओं को जानेंगे इसी के चलते आज जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पावर प्लांट पहुंचे तथा 1×660 मेगावाट पनकी तापीय विस्तार परियोजना का निरीक्षण किया गया, जिसकी उत्पादन क्षमता- 660 मेगावाट तथा परियोजना की लागत- 8305.16 करोड़ है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए कंट्रोल रूम, एडमिन बिल्डिंग, सीआईएसएफ तैनाती सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ-साथ साफ- सफाई व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के दौरे के समय चाक-चौबंद व्यवस्थाएं हो, जिससे प्रधानमंत्री के दौरे के लिए बनाई गई रूपरेखा के तहत काम करके कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में अग्निसुरक्षा से बचाव के लिए मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा शनिवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में जाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य अग्नि सुरक्षा विषयक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अग्नि दुर्घटना की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई तथा अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग एवं सुरक्षित निकासी की विधियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता एवं आत्मरक्षा के कौशल का विकास करना रहा। साथ ही, वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हीट वेव (लू) से बचाव के उपायों पर भी विशेष बल दिया गया। बच्चों एवं शिक्षकों को लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराते हुए पंपलेट्स का वितरण किया गया, जिनमें दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले व्यावहारिक सुझावों का समावेश था। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा संदेश दिया गया कि सावधानी ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। प्रत्येक व्यक्ति को अग्नि सुरक्षा से जुड़े मूलभूत ज्ञान से अवगत होना चाहिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जानमाल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। विद्यालय प्रशासन द्वारा इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की गई और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान स्कूल प्रबंधक अविजित पालीवाल, प्रधानाचार्य पुनीता तिवारी, सुधीर, अर्चना सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। जिसमें अनुष्का, लक्ष्य वोहरा, अभिजीत प्रधानाचार्या व अर्चना सिंह ने अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल भी किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 23 ने दी परीक्षा

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं शनिवार से प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में स्व सुन्दर लाल शिवहरे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के सेमेस्टर कि परीक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी है, स्व. सुन्दर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज को बब्बू सिंह महाविद्यालय खन्ना सरस्वती विद्या पीठ महिला महाविद्यालय रागौल व युग चेतना महाविद्यालय सुमेरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 2251 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं शुरूआती दिन शनिवार को उर्दू की परीक्षा द्वितीय पाली में थी जिसमें 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है।

### तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना व कस्बा निवासी हलवाई ने गेस्ट हाउस में खाना बनाते समय डीजे बजाने के विवाद होने पर बीच बचाव करने के दौरान मारपीट करने की रिपोर्ट पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया है। कस्बा कुरारा के वार्ड 9 निवासी रमेश गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल को कस्बे के एस डी पैलेस में हलवाई का कार्य कर रहा था। पास में डीजे बज रहा था। वहां डीजे बजाने के लिए वाद विवाद होने लगा। तथा उसमें बीच बचाव करने लगा वहां मौजूद चकोठी गांव निवासी सत्यम व शिवम पुत्रगण राकेश व भूपेंद्र पुत्र भोला तथा एक युवक नाम पता अज्ञात ने बीच बचाव करते समय मारपीट कर दी। जिससे मेरे सिर में चोट आई है। तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट व घर से निकाल देने की पुलिस से शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी महिला ने पति द्वारा मारपीट करने व घर से निकाल देने की तहरीर पति के खिलाफ थाने में दी है। तथा कार्यवाही किए जाने की मांग की है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी महिला श्री मती रज्जन देवी पत्नी सत्यपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पति शराब पीकर गाली गलौज करता है। तथा खाना नहीं खाने देता है। शुक्रवार की रात में वह शराब के नशे में घर आया तथा गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी तथा मोबाइल छीनकर नाली में फेंक दिया । बच्चो के साथ भी मारपीट करता है। तीन बच्चे है। दो अपनी ननिहाल में रहते है। एक बच्चा मेरे साथ गांव में रहता है। पीड़ित ने थाने में पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** चिकासी थाने के जिगनी गांव में लोहे की खिड़की पर आ रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। जिगनी निवासी गुलखान ने बताया कि शनिवार सुबह उसका बड़ा पुत्र 24 वर्षीय मलखान नहाने के लिए लोहे की खिड़की में फैली अपनी अंडरवियर को उठाने गया। तभी खिड़की से निकली विद्युत तार की डोरी में आ रहे करंट की चपेट में आकर वह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक अपने पिता की सात बीघा जमीन में खेती किसानी का सहयोग करता था। अचानक हुई घटना से मृतक के भाई रहीमए सलीमए विवाहित बहन रुबीना व मां वती सहित परिजनों का रोगों का बुरा हाल है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** चिकासी थाने के जिगनी गांव में एक महिला ने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। कानपुर देहात जिला के थाना गजनेर के ग्राम कटेठी निवासी सरबन चौहान ने बताया कि चिकासी थाने के जिगनी निवासी उसकी बुआ 38 वर्षीय रेनू सिंह पत्नी दिनेंद्र सिंह ने शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालत में अपने घर पर रखी सल्फास की गोलियां खा ली। जब तक स्वजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा अभी घटना की शिकायत नहीं की है। अचानक हुई घटना से मृतका के पुत्र मयंकए पुत्री माही सहित स्वजनों का रो.रो कर बुरा हाल है।

### नवविवाहिता की मौत के मामले में आया नया मोड़, पति हिरासत में

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पचखुरा बुजुर्ग में शुक्रवार को नवविवाहिता के फांसी लगाकर मौत को गले लगाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतका के पिता ने दामाद के अवैध संबंध होने के सनसनीखेज आरोप लगाने के बाद पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं।पचखुरा बुजुर्ग निवासी संजय कुटार की पत्नी अंजना 21 वर्ष ने शुक्रवार को सूना घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति ने घटना की सूचना पुलिस के साथ ससुरालीजनों को दी थी। दोनों की चार माह पूर्व ही शादी हुई थी। मृतका के पिता छिद्दू कुटार निवासी कैथी का आरोप है कि पुत्री के पति के अवैध संबंध शादी के पूर्व से हैं। इसी को लेकर उसकी पुत्री विरोध करती थी। दोनों ने मिलकर उसकी पुत्री की हत्या करके शव को फांसी में लटकाकर आत्महत्या दर्शाने की कोशिश की है। फिलहाल तहरीर नहीं दी गयी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी। पति को हिरासत में लिया गया है।

# बंगाल हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति शासन लगाने की उठाई मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




बुंदेलखंड के महोबा जिले में वीरांगना लक्ष्मीबाई हिन्दू रक्षा समिति के बैनर तले इकट्ठा हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप बंगाल राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने सहित हिंसा की सीबीआई जाँच कराने की माँग की है।

वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

हिंसा पर रोक लगाने एवं बंगाल में राष्ट्रपति शासन सहित हिंसा की सीबीआई जाँच कराने की माँग को लेकर वीरांगना लक्ष्मीबाई हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले मुख्यालय में एकत्रित हुए संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सदर तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर जीतेन्द्र कुमार को सौंप हिंसा पर तत्काल रोक लगाने और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की माँग की है।

# कमिश्नर-डीआईजी ने फरियादियों की समस्याएं सुन निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मंडलायुक्त चित्रकूट धाम अजीत कुमार की अध्यक्षता में किया गया।इसमें मंडलायुक्त अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसी प्रकार तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में 20 में से 2 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 16 में से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# एडीएम नमामि गंगे के सामने ही जल जीवन मिशन की हुई सबसे ज्यादा शिकायतें

- केवल चार शिकायतों का हुआ निस्तारण, पानी की टंकी का टूटा पाइप, समस्या सुनने वाला कोई नहीं

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में चार दर्जन शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी ने मात्र 4 शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर सकें। इस बीच नमामि गंगे समेत राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की शिकायतों की भरमार रही।

नगर के तहसील परिसर में स्थित सभागार कक्ष में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुबह दस बजे से शुरू हुए समाधान दिवस में कुल 45 शिकायतकर्ताओं ने दोपहर दो बजे तक अपनी.अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। इस दौरान ज्यादातर शिकायतें नमामि गंगे योजना में हुए भ्रष्टाचार राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित रहीं। इसी क्रम में ग्राम करहिया की रानी पत्नी बिंदाजली ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही दुर्गेश पुत्र गया प्रजापति उसके पास दस हजार रूपये मांगने आया तभी मैंने पैसा न होने का हवाला दिया तो मुझे गंदी गालियां देने लगा और रात को शराब के नशे में चूर होकर आया और मेरा हांथ पकड़कर मुझे बुरी नियत से पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारने पीटने लगा। मारपीट का शोर सुनकर जब मेरे पति व लड़के आए तो उक्त दुर्गेश ने तमंचा लहराते हुए मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसी तरह अधिवक्ता राजन परिहार ने एडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि पिछले कई दिनों से तहसील परिसर स्थित पानी की टंकी का पाइप टूटा होने के चलते लीकेज होने की समस्या है जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इस समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए अधिवक्ता ने भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने की बात कहकर उ समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। हालांकि चार दर्जन शिकायतों में मात्र 4 शिकायतों का निस्तारण होना ही अधिकारियों की कार्यप्रणाली की दशा और दिशा दर्शाता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता क्षेत्राधिकारी विनीता पहल समेत नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त न्यायाधीश सशस्त्र सेना न्यायाधिकरण के सदस्य मनोनीत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर निवासी सेवानिवृत्त न्यायाधीश को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सशस्त्र सेना न्यायाधिकरण लखनऊ खंडपीठ में न्यायिक सदस्य मनोनीत किए जाने पर नगर में खुशी का माहौल व्याप्त है बुंदेलखंडी उच्च पदों पर आसीन होकर राष्ट्र सेवा के लिए अपना योगदान दे रहे हैं।

इसी क्रम में नगर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुरेश गुप्ता को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र सेना न्यायाधिकरण की लखनऊ पीठ में न्यायिक सदस्य मनोनीत किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी से प्राप्त इस विश्वास और महान उपलब्धि के लिए न्यायमूर्ति सुरेश जी के परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है और बधाई देने वालों का तांता लगा है।

# 44 हजार का डीजल-पेट्रोल भरवाकर फरार हुआ वाहन चालक, एफआईआर दर्ज

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बांदा मार्ग स्थित टेढ़ा गांव के समीप राम फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार तड़के एक अज्ञात वाहन चालक पेट्रोल.डीजल भरवाकर करीब 43 हजार 993 रुपए की चपत लगाकर फरार हो गया। मामले में पंप मालिक ने अज्ञात के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना 16 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे की है जब एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी पेट्रोल पंप पर पहुँची। गाड़ी में रखे छोटे जरीकेनों में चालक ने 40,572 हजार रुपए का डीजल भरवाया और गाड़ी में 3,421 रुपए का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद चालक ने गाड़ी को किनारे लगाने का बहाना किया और मौका पाकर बिना भुगतान किए फरार हो गया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि पंप कर्मी कुछ समझ पाते उससे पहले ही गाड़ी आंखों से ओझल हो गई। घटना के समय पंप पर कर्मी संदीपए संजू उर्फ ओम और दरबारी मौजूद थे। पंप कर्मचारियों ने तत्काल घटना की सूचना पंप संचालक नीलम सिंह को दी। पंप मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धोखाधड़ी और चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वाहन की पहचान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने कवरेज के लिये गये मीडियाकर्मी के खिलाफ ही लिख दी रिपोर्ट

- समाधान दिवस में पत्रकारों ने एसपी व डीएम से की शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस डीएमए एसपी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डीएम ने अधिकारियों को समय पर शिकायतों का निस्तारण करने के आदेश दिए।

सिकंदपुरा मोहल्ला निवासी शमीम खान ने बताया कि वह मीडिया से जुड़ा है। 15 अप्रैल को जरिया थाने के करही गांव में युवती की मौत की खबर कवरेज करने के लिए गए थे। जहां पर युवती के स्वजनों ने बंधक बनाते हुए मारपीट की और बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए जान से मारने की धमकी दी। अन्य पत्रकार मौके पर पहुंचे पर पुलिस की मौजूदगी में कमरे से बाहर निकाला।

मृतका के स्वजनों की तहरीर पर पुलिस ने उल्टा ही उस पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे से नाम वापस लिया जाए और आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया जाए। एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी तरह पनवाड़ी बिलरायां राज्य मार्ग 21 के तीन किमी ;उरई नहर बाईपास से डाकबंगलाद्ध तक के दुकानए मकानों के चिन्हित होने और निर्माण कार्य शुरू होने से घबराये आधा सैकड़ा लोगों ने डीएम को ज्ञापन देकर होने वाली टूट फूट रुकवाये जाने की मांग की है। लोगों ने डीएम को बताया कि किसी का आधा तो किसी का पूरा मकान या दुकान इस टूट.फूट के दायरे में आ रही है। जिससे हजारों लोग बेघर और बेरोजगार होंगे। अन्य विकल्प पर ध्यान देकर होने वाली टूट फूट रूकवाई जाए। इसी तरह प्रगतिशील किसान बलरामए प्रेम नारायण सिंह ने डीएम को बताया कि तीनों तहसीलों की मंडियों में गेहूं खरीद केंद्र बनाए हैं। लेकिन चना अरहर आदि दलहन का सरकारी खरीद केंद्र नहीं है। जिले के किसानों का दलहन आ गया है और दलहन खरीद केंद्र बनाये जाने की मांग की।

# भूमि संरक्षण अधिकारी के दफ्तर में न बैठने से शासकीय योजनाएं फेल

- खेत-तालाब योजना में हुआ नाम मात्र का काम, बीएसए का दावा वह प्रदेश में लाये हैं पहला स्थान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भूमि संरक्षण अधिकारी दिवतीय ओपी रावत के दफ्तर में न बैठने से शिकायतो का अंबार लगा हुआ है,यही नही खेत तालाब व केएसवाई योजना मे नाम मात्र का काम पूरा हुआ है,जिससे इकाई का पूरी तरह अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है।

जानकारी के मुताबिक खेतो में नमी संरक्षण व अधिक पैदावार के लिये जिले में खेत तालाब योजना के अलावा केएसवाई व अन्य योजनाएं संचालित है, मगर भूमिसंरक्षण अधिकारी दिवतीय के दफ्तर में न बैठने के कारण दूर दराज से आने वाले किसानों को किसी योजना का लाभ नही मिल पा रहा है,वह इधर उधर भटकने के बाद घर वापस लौट जाता है। श्री रावत के पास हमीरपुर दिवतीय व राठ इकाईत का भी चार्ज है, खेत तालाब योजना में पिछले वित्तीय वर्ष में 240 तालाबों के खुदवाने का लक्ष्य रखा गया जिसमे मात्र 35 तालाब ही खुद पाये है, इसी प्रकार अन्य योजनाए पूरी तरह फेल हो चुकी है,जबकि बीएसए ओपी रावत का दावा है कि वह प्रदेश में अपने काम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, किसानों ने बताया कि योजनाओं की जानकारी लेने के लिये जब भी वह दफ्तर में जाते है तो वहा का मौजूद स्टाफ यह कहकर भगा देता है कि जब बीएसए दफ्तर में आये तभी आना सौ किलोमीटर दूर से आने वाला किसान तपती गर्मी में वापस चला जाता है यही नही कर्मियों का कहना है कि जब अधिकारी दफ्तर में न बैठेंगे तो वह कोई जानकारी नही दे सकते है। जिले में भूमि संरक्षण विभाग दिवतीय में एक साल पहले पूर्व बीएसए भी विवादित रहे है कार्य बद से बद्तर में शासन स्तर पर चर्चा होती है। पिछले दिनों तकनीकि जांच कमेटी आयी थी तो ढेर सारी अनियमितताएं पायी गयी है। भाजपा के वरिष्ठनेता ने इस मामले की शिकायत कृषि मंत्री से की है। लोगो का कहना है कि यदि इस इकाई के पिछले तीन माह के कार्यो की जांच करा ली जाये तो वित्तीय अनियमितताओं में चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में बीएसए ओपी रावत का कहना है कि वह किसी भीदल के जनप्रतिनिधि से नही डरते है वह कही बाहर के रहने वाले नही है।

### बीएसए को दफ्तर में बैठने के लिये निश्चित किये जायेंगे तीन दिन : सीडीओ

बीएसए के दफ्तर में न बैठने के मामले में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि बीएसए ओपी रावत को हमीरपुर दफ्तर में तीन दिन हरहाल निश्चित कर दिये जायेगे क्योकि कोई भी किसान निराश होकर न जाने पाये,सीडीओ का मानना है कि भूमिसंरक्षण इकाई एक महत्वपूर्ण विभाग जो किसानों के लिये बहुत ही उपयोगी है।

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 10 लोग नामजद

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के देवगांव मार्ग में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया गया है।थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि देवगांव मार्ग में एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को झगड़ा हुआ था। इसमें एक पक्ष के संतोष यादवए चेतन यादव राम आसरे गंभीर रूप से घायल हुए थे। संतोष पक्ष की ओर से पृथ्वीराज की तहरीर पर दूसरे पक्ष के रज्जू यादव राजन यादव मुन्ना यादव सहित 10 लोगों को नामजद करके मुकदमा दर्ज कर रज्जू राजन व मुन्ना यादव को शांति भंग के आरोप में जेल भेजा गया है। इस जमीनी विवाद की चर्चा कस्बे में चारों तरफ हो रही है।

# एडीएम, एसडीएम व तहसीलदार ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, पांच का हुआ मौके पर निस्तरण

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार कक्ष में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एडीएम आपूर्ति, एसडीएम व तहसीलदार ने बारी-बारी से फरियादियों की शिकायतें सुनी। पहले एसडीएम अविचल प्रताप सिंह व एडीएम आपूर्ति ने शिकायतें लेकिन दोपहर बाद यमुना तटवर्ती गांव लहुरी मऊ में बने पावर प्लांट में रविवार को मुख्यमंत्री के आने की खबर पर वहा सबेरे पहले जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे इसके बाद एडीएम आपूर्ति तथा एसडीएम घाटमपुर भी पावर प्लांट पहुंचे जिसके चलते तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने आए हुए फरियादियों की शिकायत कैसे करें समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 48, पुलिस विभाग 25, खंड विकास अधिकारी 15, आपूर्ति 05, नगर पालिका 03, अधिशाषीं अभियंता 03, चकबंदी अधिकारी 02, चिकित्सा अधिकारी 01 सहित कुल 102 शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील समाधान दिवस में पहुंची रूमा देवी पत्नी बृजेंद्र सिंह घाटमपुर थाना व तहसील क्षेत्र के जलाला गांव निवासिनी ने घाटमपुर जिलाधिकारी के नाम लिखित शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया की गांव के कोटेदार रंजना सिंह के चचेरे ससुर व जेठ राशन वितरण का कार्य करते हैं जो एकराय होकर राशन वितरण में घटतौली व राशन कार्ड धारकों को यूनिट घटाकर राशन सप्लाई देते हैं। और विरोध करने पर अभद्रता व मारपीट करके करते हैं। मेरे राशन कार्ड में पांच यूनिट है जबकि कोटेदार द्वारा हर माह केवल 20 किलो राशन दिया जाता है। जबकि 5 यूनिट पर 25 किलो राशन मिलना चाहिए। व राशन कोटेदार भाड़े के नाम पर 100 रूपए कार्ड धारकों से भी वसूल करते हैं।

# राज्यमंत्री ने स्कूल चलो अभियान रैली को किया रवाना

## शिक्षकों से की अपील, अधिक से अधिक नामांकन कराएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने शनिवार को रामसनेहीघाट के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मां वीणा वरदायिनी की पूजा.अर्चना के उपरांत एसडीएम अनुराग सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव के साथ उन्होंने संयुक्त रूप से स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा असतो मा सद्गमय अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाली विद्या ही समाज को शिक्षित और संस्कारवान बनाती है। भाजपा सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालयों की स्थिति में लगातार सुधार कर रही है।

उन्होंने कहा कि पहले जहां शैक्षिक सत्र के अंत तक किताबें मिलती थीं वहीं अब सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, पुस्तकें और बैग वितरित किए जा रहे हैं। श्री शर्मा ने शिक्षकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक नामांकन कराएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। समारोह को पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव और खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नरेंद्र प्रकाश मिश्रा, सोम प्रकाश मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, श्रीश चतुर्वेदी, सुधीर तिवारी, राजेश सिंह गिरीश रावत, सुशील यादव समेत गणमान्यजन उपस्थित रहे।




# जिले को मिली 325 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

## राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने बांटे 121 नियुक्ति पत्र



**बाराबंकी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बाराबंकी द्वारा डीआरडीए सभागार में समस्त 16 बाल विकास परियोजनाओं के नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री बाल विकास विभाग को अत्यन्त प्रमुखता देते है जो कि गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष की आयु तक बच्चे के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए कार्य करता है। उन्होंने आशा जताई कि नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आंगनबाड़ी कार्यक्रम के संचालन में गतिशीलता आयेगी और विकसित सुपोषित बाराबंकी का सपना सकार हो सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया और नव चयनित कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने आये हुए जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। चयनित आंगनबाडी कार्यकत्रियों के चहेरों पर हर्ष देखते हुए समस्त अतिथियों द्वारा सामूहिक तस्वीरे भी ली गयी। जिला विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी भूषण कुमार द्वारा बताया गया कि आज 325 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में से उपस्थित 121 को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये शेष नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यालय से नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया जायेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** तहसील के पारिजात सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार शरद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस दिवस में कुल 23 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तहसीलदार शरद सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेयए चेतराम और रंजीत कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा सतीश श्रीवास्तव, आशीष कुमार वर्मा, अर्चना वर्मा, उपनिरीक्षक सुरेश और वन दरोगा तुषार भी मौजूद रहे। समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# छप्पर गिरने से तीन महिलाएं घायल, कराया भर्ती



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तुरकानी गांव में शुक्रवार देर रात एक हादसा हुआ। तेज आंधी के कारण एक छप्पर गिर गया। इस हादसे में तीन महिलाएं घायल हो गईं। घटना में 65 वर्षीय बाबादेई उनकी बहू 45 वर्षीय रामरति और पोती 20 वर्षीय रामवती घायल हुईं। तीनों महिलाएं छप्पर नुमा मकान में रहती थीं। हादसे के समय वे छप्पर के नीचे सो रही थीं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत मदद की। उन्होंने तीनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया। तहसीलदार शरद सिंह के निर्देश पर लेखपाल रविकांत ने घर का निरीक्षण किया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों महिलाएं अब खतरे से बाहर हैं। उनका इलाज जारी है। शुक्रवार की देर शाम को आई तेज आंधी से क्षेत्र में अन्य नुकसान भी हुआ है।

## आम के पेड़ों पर वन माफिया चला रहे आरा, मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते हरे फलदार आम के पेड़ों पर लगातार आरा चलाया जा रहा है। थाना बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम अद्रा में शुक्रवार को एक आम की बाग में फलदार आम का पेड़ लकड़ी ठेकेदार द्वारा काटा गया है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हरे आम की कटी हुई लकड़ी वाहन सहित बरामद करके मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली बदोसराय के अद्रा गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे महेंद्र कुमार की बाग में एक आम का फलदार वृक्ष को बोटा काटकर उसे वाहन पर लादा जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आम के पेड़ की कटी हुई लकड़ी व वाहन बरामद करके कोतवाली ले आई। कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने ठेकेदार शकील के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम सहित चार धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की देर शाम अयोध्या लखनऊ राजमार्ग पर दो किशोरों की दुर्घटना में हुई मृत्यु से शनिवार को भोजपुर गांव में सन्नाटा पसरा रहा।

ज्ञात हो कि भोजपुर मजरा सादुल्लापुर निवासी प्रिंस तथा अमित वर्मा अपने मित्र शिवम के साथ एक मोटरसाइकिल से शुक्रवार की शाम निमंत्रण में जाने के लिए निकले थे लेकिन अयोध्या लखनऊ राजमार्ग पर सामने से आ रहे कैंटर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी जिससे प्रिंस और अमित की मौके पर ही मौत हो गई थी कैंटर चालक कैंटर खड़ा करके फरार हो गया था। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था शनिवार को दोनों युवकों का शव गांव पहुंचते ही महिलाओं की चीख पुकार से पूरा गांव थर्रा उठा। कोई उस क्षण को कोस रहा था जब वह लोग गांव से मोटरसाइकिल द्वारा निमंत्रण में जाने के लिए निकले थे तो कोई कैंटर ड्राइवर को कोसता नजर आया। पूरे गांव में हर कोई चुप था किसी के यहां कल से अब तक चूल्हा नहीं जला था। गलियों में केवल मातमी सन्नाटे को तोड़ती महिलाओं की चीखें ही सुनाई पड़ रही थी। जब दोनों युवकों की चिताएं एक साथ जली तो हर किसी की आंखें नम हो गई। इससे पूर्व खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुये शीघ्र पोस्टमार्टम करने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया था। श्री शर्मा ने परिजनों से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।

# सभासदों ने पात्रों को अपात्र करने की जांच रिपोर्ट पर उठाए सवाल, जताया रोष

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री आवास योजना मे नगर पंचायत जैदपुर मे सभासदो ने लापरवाही और अशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा आनन फानन मे जाँच कर पात्रो को अपात्र किये जाने पर हुई शिकायतों पर कोई कार्यवाही न होने और शासन की योजना पर पानी फेरने पर अधिशाषी अधिकारी की कार्यशैली से नाराज सभासदो ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ कर नारेबाजी की और अपना रोष व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार आवेदको ने दो महीने पहले अधिशाषी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था इस पर कोई कार्यवाही न होने से सभासदो ने नगर पंचायत परिसर मे धरना देने पर विवश होना पडा।रमजान के महीने मे आनन फानन मे हजारो आवेदको की लिस्ट को अशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा जाँच मे महज आवेदको के सम्पर्क न होने पर सैकडो पात्रो को अपात्र कर दिया गया।

इसकी शिकायत सभासदो ने कई बार अध्यक्षा और अधिशाषी अधिकारी से की परन्तु कोई कार्यवाही न होना सरकार की मंशा पर पानी फेरने के समान है। अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा ने इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया और कहा सोमवार को तहसील स्तर से पुनः जाँच कराई जाऐगी। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम, सभासद मो कासिम, शाह आलम मो ताहिर, मो कलीम, मो सुफियान, साऐम मेहदी, मो अबसार, सुमन कुमार, निजामुद्दीन शाह, मो आरिफ आदि सभासद मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत परसिया गूदर वि.ख. इटियाथोक गोण्डा

पत्रांक संख्याः मेमो/विविध/2025-26 — दिनांकः 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर.जी.एस.ए. के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण,आंगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते है आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन की तिथि से लेकर दिनांक 21.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक कर्मी से दिनांक 26.04.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह तिथि 3 बजे तक प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईंट | 02 | सीधा खंजड़ ईंट |
| 03 | सफेद मौरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मौरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईंट की रोड़ी 40 एम.एम. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम.एम. इन्टरलाकिंग ईंट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेन्ट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| | | 19 | अन्य निर्माण सामग्री |

**श्री शिव नरायन**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. परसिया गूदर**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

**दिलीप कुमार उपाध्याय**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. परसिया गूदर**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

## खबरें एक नजर में

### आंधी-तूफान में बस के सामने गिरा पेड़, टला हादसा

**जैदपुर बाराबंकी।** शनिवार सुबह करीब 3 बजे एक बार फिर अचानक आई आंधी तूफान के चलते एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। जहाँ तेज रफ्तार डबल डेकर बस के सामने अचानक एक पेंड़ भरभरा कर गिर गया। जिससे तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने पुल से टकरा गयी जिससे बस का अगला हिंस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालाँकि ड्राइवर की सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। जानकारी के अनुसार मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गाँव के पास नेशनल हाइवे 28का है। बस कंडेक्टर नें जानकरी देते हुए बताया कि दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गाँव के पास हादसे का शिकार हो गईं। बस के सभी यात्री सुरक्षित है सभी को अन्य वाहन से उनके स्थान तक भेज दिया गया है।

### शादी समारोह में हुई मारपीट, चले लाठी-डंडे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** थाना बदोसराय के अमनियापुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफथाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे की है। पुनीत शुक्ला के घर पर आयोजित शादी समारोह में यह विवाद हुआ। एक पक्ष के दीपक मिश्रा का कहना है कि शिवम और अंशू बाजपेई, लाल बाबू, हरिओम और मनोरमा देवी ने उन पर और उनके भाई आदर्श पर लाठी-डंडों से हमला किया। दोनों भाइयों को सिर और शरीर पर चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष की मनोरमा देवी का आरोप है कि शिवमुरली मिश्रा के पुत्र अंकुर मिश्रा और दीपक मिश्रा, अनुरुध मिश्रा के पुत्र गोलू और आदर्श, लल्लू मिश्रा का पुत्र विजय विशाल, अनुरुध मिश्रा और गिरजा मिश्रा ने लाठी-डंडे से हमला किया। इस हमले में मनोरमा देवी और उनकी बेटी मानसी को चोटें आईं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संपूर्ण समाधान में 27 शिकायतों में चार का हुआ निस्तारण

**कालपी,जालौन।** शनिवार को उप जिलाधिकारी की अगुआई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें महज 27 शिकायतें जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में ज्यादातर जमीन संबंधी शिकायतें आई जिस पर उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को समस्याओं को गम्भीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान में समय और गुणवत्ता का विशेष ख्याल किया जाए क्योकि महज खानापूर्ति से फरियादियों का भला नही हो सकता है। इस दौरान सी ओ अवधेश कुमार सिंह चौहान, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार नीलमणि, चन्द्रमोहन शुक्ला के अलावा सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदार भी मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में 273 मरीजों का हुआ उपचार

**जालौन,उरई।** आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील परिसर में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुरलीमनोहर के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 273 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. पूजा राजपूत ने कहा, आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के आमजन को आयुर्वेद की प्रभावशीलता से जोड़कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए। यह शिविर इसी दिशा में एक प्रयास है, जिससे लोग प्राकृतिक चिकित्सा से लाभान्वित हो सकें। इसमें सबसे अधिक लाभ महिलाओं व बुजुर्गों को होता है जिन्हें चिकित्सालय तक पहुंचने में दिक्कत होती है।

# लंबित प्रकरण 15 दिन में निपटायें अधिकारी : डीएम



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में 39 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिनमें नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेश कुमार पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी 15 दिनों में अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही पत्थर गड़ी की प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से पूरी कराई जाए। धारा 34 के अंतर्गत नामांतरण से जुड़े तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था की जाए। गेहूं खरीद केंद्रों की व्यवस्था पर भी जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने एसडीएम और बीडीओ को निर्देश दिए कि वे केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसानों की उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर न खरीदी जाए। साथ ही दलालों की भूमिका पर सख्त निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, एसडीएम विनय मौर्य, एसडीएम (न्यायिक) विशेश्वर यादव, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पांडेय, सीओ शैलेंद्र बाजपेयी, बीडीओ गजेंद्र सिंह, एसडीओ राम सुधार, जेई नवीन कुमार कंजोलिया, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# किशोर व बच्चों पर माताएं रखें विशेष ध्यान, संगत में पड़कर सीखते है नशा : अनूप कुमार शुक्ला



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जेबीएस महाविद्यालय, दुलहदेपुर सातवें चरण का एक युद्ध, नशे के विरुद्ध नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषयक जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह के आदेश पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों पर माताएं विशेष ध्यान दें, उनकी यह उम्र बहकने की होती है, इसी आयु में संगत में पड़कर नशा सीखते हैं। प्राचार्य बाल गोविंद वर्मा, प्रवक्ता निशा पांडेय, पुष्पा यादव, पूर्णिमा त्रिवेदी, अंशिका सिंह, प्रमिला सिंह, विद्यावती, ज्ञानवती, साक्षी श्रीवास्तव, आनंद सिंह, सुधीर वैश्य, आमोद, मो सुएब, हिमांशु सिंह, विनय शुक्ला, वशिष्ठ वर्मा, मो आकिब, संस्था के कार्यकर्ता राम कैलाश, पूनम रत्नाकर सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व कालेज की छात्र छात्राओं सहित 120 की संख्या में बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली, अनूप कुमार शुक्ला ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता और नशा उन्मूलन पर कार्यक्रम करने के लिए एक दर्जन महिलाओं, छात्रों को सम्मानित किया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हरदैइयां भटपुरवा वि.ख. इटियाथोक गोण्डा

पत्रांक संख्याः मेमो/विविध/2025-26 — दिनांकः 19.04.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2/आर.जी.एस.ए. के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण,आंगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते है आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन की तिथि से लेकर दिनांक 21.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक कर्मी से दिनांक 26.04.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह तिथि 3 बजे तक प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईंट | 02 | सीधा खंजड़ ईंट |
| 03 | सफेद मौरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मौरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईंट की रोड़ी 40 एम.एम. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम.एम. इन्टरलाकिंग ईंट | 12 | पेन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेन्ट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| | | 19 | अन्य निर्माण सामग्री |

**श्री सूर्य नरायन**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. हरदैइयां भटपुरवा**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

**दिलीप कुमार उपाध्याय**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. हरदैइयां भटपुरवा**
**वि.ख. इटियाथोक, गोण्डा।**

# अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने की सूचना पर प्रशासन सतर्क

**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।**

भांवरकोल थाना क्षेत्र के मसोन गांव में आंबेडकर मूर्ति स्थापित करने की शिकायत पर भांवरकोल पुलिस और उप जिलाधिकारी डॉ हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह तहसीलदार राम जी, नायब तहसीलदार भगवान पांडेय क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मूर्ति स्थापित करने से रोक दिया। घटना शनिवार की सुबह की बताई जा रही है।




मसोन गांव में दलित समुदाय के लोग आंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की तैयारी में थे। जिस जमीन पर लोग मूर्ति स्थापित करने की तैयारी में थी इसमें अन्य लोगों की भी जमीन है तथा उसका क्षेत्रफल बहुत है। उसमें कुछ बस्तियां भी बसी है। इस वजह से कुछ लोगों ने विरोध जताया। नायब तहसीलदार भगवान पांडेय ने बताया कि मौजा मसोन मैं स्थित आराजी नंबर 182 रकबा 655 एआर जिसमें से 379 एआर अंबेडकर पार्क के नाम से सरकारी अभिलेख में दर्ज। क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक से पूरे आरजी का सीमांकन किया जा रहा है और अंबेडकर पार्क वाली जमीन को चिन्हित किया जाएगा। उप जिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी के निर्देश पर पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम द्वारा सीमांकन का कार्य किया जा रहा है।पुलिस और तहसील प्रशासन ने मूर्ति को स्थापित करने पर रोक लगा दिया। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन मूर्ति स्थापित नहीं होगी। नायब तहसीलदार भगवान पांडेय ने बताया लोगों को समझाया गया है कि बिना परमिशन वह मूर्ति नहीं रखेंगे और नहीं कोई भी विवाद करेंगे। इस मौके पर तहसीलदार राम जी, थानाध्यक्ष भांवरकोल संतोष कुमार राय, थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर वीरेंद्र कुमार बरवार दलबल के साथ तथा राजस्व टीम मौके पर मौजूद है।

## ट्राली समेत ट्रैक्टर खाई में पलटा, बालक की मौत

**जगम्मनपुर,जालौन।** शनिवार को खेत पर हार्वेस्टर से कतरे गेहूं को भरने के लिए जा रहा ट्रैक्टर ट्राली समेत रास्ते के किनारे खाई में गिरकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर पर बैठे नौ वर्षीय बालक की दबकर ठौर मौत हो गई है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम लिड़ऊपुरा निवासी अवनीश सिंह सेंगर उर्फ गप्पू सेंगर के खेतों पर हार्वेस्टर से गेहूं की फसल की मड़ाई हो रही थी अतः हार्वेस्टर से निकले गेहूं भरने के लिए वह अपने निजी सोनालिका ट्रैक्टर को ट्राली समेत लेकर खेत पर जा रहे थे इससे पूर्व भी एक दो चक्कर लगा ट्राली भरकर घर पर गेहूं लाकर पलट भी चुके थे। शनिवार को पूर्वान्ह समय करीब 11 बजे जब वह खेत से गेहूं भरने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे इसी समय लिटावली के हार में अचानक यांत्रिकी खराबी के कारण ट्रैक्टर असंतुलित होकर गुलटाई खाता हुआ सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया।

# संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाएं सतर्कताः एसपी

## सभी थाना प्रभारियों को विवेचना में तेजी लाने और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के दिए निर्देश


अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते एसपी विनोद कुमार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना एवं अपराधों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में एसपी विनोद कुमार की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई।

जिसमें एएसपी, समस्त क्षेत्राधिकारी , समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी एवं जनपद के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर चर्चा की गई। जिनमें विशेष रूप से गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। कि विवेचना में तेजी लाएं और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, और विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के

निर्देश दिए गए। इस क्राइम बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद को अपराध मुक्त बनाना और आमजन के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सैनिक सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस बल के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करना और उनके कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाना है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और जनसेवा में उनकी निष्ठा और समर्पण की सराहना की।

## पुत्री से छेड़छाड़ कर परिजनों को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर मोहल्ले के लोगों ने घर में घुसकर महिला, उसके पुत्र व पुत्री से गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट की और बुरी नियत से पुत्री की कुर्ती फाड़ कर जमीन पर पटक दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

नगर के एक मोहल्ला निवासिनी पीड़ित महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 14 अप्रैल की शाम करीब 07 बजे पड़ोस के अमर सिंह, आकाश, विकास, राजू किसी बात को लेकर उसके घर में घुस आए और मां, बेटे, बेटी से जाति सूचक गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट शुरू कर दी और उसकी पुत्री की बुरी नियत से कुर्ती फाड़ कर जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# गलत तरीके से शिकायत का हुआ निस्तारण तो होगी कार्रवाई


फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम-एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 52, पुलिस विभाग की 8, विकास विभाग की 2, व अन्य विभागों सहित कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर 07 प्रकरणों का निस्तारण हुआ एवं 05 प्रकरणों में पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर शिकायतों का निस्तारण करने हेतु भेजा गया। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष 79 शिकायतों के समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। शिकायतकर्ता संतोष कुमार रामनाथ निवासी दन्नापुर्वा मौजा फखरपुर बरेवा द्वारा ग्राम फखरपुर बरेवा की आराजी गाटा संख्या- 1354 मि0 व 37 मि0 जो वर्तमान खतौनी में विलुप्त है। जिसको अभिलेखों में दर्ज किये जाने की शिकायत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही कर सम्बन्धित व्यक्ति की शिकायत का निस्तारण करते हुये खाता पुनः कायम कराने की कार्यवाही करायी गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में शिकायत का निस्तारण किसी भी अधिकारी /कर्मचारी द्वारा विधिविरूद्ध एवं निर्धारित समय सीमा के पश्चात् न किया जाए। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गलत तरीके से शिकायत का निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। डीएम ने पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कुल-45 शिकायतें अनिस्तारित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये गये कि आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से 03 दिन पूर्व ही समस्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कर आख्या उपलब्ध करायी जाये।इस मौके पर एसपी विनोद कुमार, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, एसडीएम अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवसः 105 शिकायतों में आठ निस्तारित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला अधिकारी आशीष कुमार व एडिशनल एसपी अजय कुमार के पास 105 शिकायतें आईं। इनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम मौके पर भेजी गई, जिसमें 8 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व की 73, पुलिस की 17, विकास की 8, पूर्ति की 2, चकबंदी की 2, शिक्षा की 1, एलएमडी की 1 तथा क्षेत्रीय वन विभाग की 1 सहित 105 शिकायतें आई। इनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम को मौके पर भेजा गया, जिसमें राजस्व की 6 तथा पुलिस की 2 सहित 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वहीं संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अधिकारियों ने भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने तथा अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कहा कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को भेजा जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट, सुधाकर अग्निहोत्री, वैभव शुक्ला, वैभव गुप्ता, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, अखिलेश कश्यप, अमित कुमार राजपूत एवं योगेंद्र यादव एडवोकेट आदि ने ज्ञापन देकर सभी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू करने एवं अभिभावकों से अवैध धन उगाही पर रोके लगाने की मांग की।

# आदेश गुप्ता व राजू ठाकुर अध्यक्ष, रोबिन यादव व संगीता गुप्ता बने महामंत्री

- दोनों पदों का डेढ़-डेढ़ वर्ष रहेगा कार्यकाल
- गल्ला आलू व्यापारी संघ का चुनाव

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नवीन मंडी में हुई व्यापारियों की बैठक में गल्ला आलू व्यापारी संघ का चुनाव निर्विरोध कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव समिति के इस प्रस्ताव को आम सहमति से स्वीकार करते हुए अध्यक्ष पद के लिए आदेश कुमार गुप्ता व राजू ठाकुर एवं महामंत्री पद के लिए रोबिन यादव व संगीता गुप्ता को निर्विरोध चुना गया।

चुनाव समिति के राजीव सिंह गौर उर्फ पुच्ची ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू, नागेंद्र प्रसाद दुबे, मोनू यादव, मोनू रहमानी, हरिभान सिंह एवं पंकज प्रसाद दुबे के अनुसार अध्यक्ष और महामंत्री दोनों पदों का कार्यकाल डेढ़ डेढ़ वर्ष रहेगा इस वर्ष 1 जून से प्रारंभ होने वाले पहले डेढ़ वर्ष के लिए आदेश कुमार गुप्ता उर्फ चच्चा अध्यक्ष पद का एवं रोबिन यादव महामंत्री पद का दायित्व संभालेंगे। इनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को समाप्त हो जाएगा। तत्पश्चात 1 जनवरी 2027 से 31 मई 2028 तक अध्यक्ष राजू ठाकुर एवं महामंत्री संगीता गुप्ता का कार्यकाल डेढ़ वर्ष तक रहेगा। इसके बाद ही अगले चुनाव की रूपरेखा तय की जाएगी। अध्यक्ष एवं महामंत्री अपनी कमेटी के शेष पदों पर आम सहमति से पदाधिकारी मनोनीत करेंगे। मालूम हो कि वर्ष 2018 में मतदान की प्रक्रिया से अनुज गुप्ता जॉनी अध्यक्ष चुने गए थे। इसके बाद 2023 में हुए चुनाव में भी मतदान की प्रक्रिया से पियूष गुप्ता अध्यक्ष बने थे।

इस वर्ष चुनाव के लिए व्यापारियों की पहली बैठक में अनुज गुप्ता जॉनी ने सुझाव दिया था कि आदेश चच्चा और राजू ठाकुर दोनों को एक-एक वर्ष का कार्यकाल देकर अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया जाए लेकिन तब उसे स्वीकार नहीं किया गया और चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। गौतम बाबू दुबे ने भी निर्विरोध निर्वाचन का सुझाव दिया था। 17 अप्रैल को सदस्यता को लेकर हुए विवाद के बाद चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी।

## सट्टा पर्ची के साथ युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते समय दबोच लिया। कस्बा इंचार्ज ज्ञानेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास छापेमारी एक युवक को सट्टे की खाईबाडी करते समय हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आए। पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम आदिल पुत्र आसिफ निवासी मोहल्ला विजय नगर बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 520 रुपये नगद और पेन व सट्टा पर्ची बरामद हुई। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

# कार न मिलने पर विवाहिता को पीटा

- महिला ने सात लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट
- दहेज में कार की हुई थी मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे बेघर कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मिरगावां निवासिनी फ़हीन फातमा पुत्री मुनव्वर हसन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 अप्रैल की दोपहर लगभग 02 बजे ससुराल में उसके पति नौशाद, ससुर नजमुद्दीन, देवर इरशाद, शमशाद व एज़ाद, ननद नूरी निवासी गाना गजना थाना अरौल व मोमीन आए और अतिरिक्त दहेज में उससे कार की मांग कर गाली गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से बेघर भी कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं: प्रिया शाक्य

- अंडर-19 क्रिकेटर अश्वनी शाक्य को किया सम्मानित
- अश्वनी शाक्य के 126 रनों ने रचा इतिहास

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट की संरक्षक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया ओम शाक्य ने अपने गांव लक्षीराम नगला निवासी अंडर-19 क्रिकेटर अश्वनी शाक्य को सम्मानित करते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्रों से उभरती प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी स्थान की मोहताज नहीं होती। अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में युवा बल्लेबाज अश्वनी शाक्य ने शानदार 126 रनों की पारी खेलकर न केवल अपनी टीम को जीत दिलाई, बल्कि दर्शकों का दिल भी जीत लिया। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने अश्वनी सहित उसके पिता नरेंद्र शाक्य व माता सीमा शाक्य को सम्मानित करते हुए कहा अश्वनी जैसे युवा खिलाड़ी हमारी प्रेरणा हैं और यह साबित करते हैं कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा हमारी सरकार और प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

अश्वनी जैसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना हमारा दायित्व है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर सकें। अश्वनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवार को देते हुए कहा, ÷मेरे कोच ने मुझ पर हमेशा भरोसा किया और मेरे परिवार ने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

यह मेरे लिए शुरुआत है, मैं और मेहनत करूंगा ताकि अपने जिले और देश का नाम रोशन कर सकूं। मालूम हो कि छिबरामऊ के लक्षीराम नगला गांव के रहने वाले एक किसान के बेटे ने इस समय चल रही अंडर-19 टी20 क्रिकेट में मेरठ मार्कन टीम की ओर से खेलते हुए गोरखपुर के खिलाफ 41 गेंद में ताबड़तोड़ 126 रन बनाकर अपनी टीम को जहां एक और जीत दिलाई, वहीं छिबरामऊ का नाम भी उत्तर प्रदेश में रोशन कर दिया। उसकी इस शानदार पारी को देखते हुए बीसीसीआई के अध्यक्ष ध्यक्ष राजीव शुक्ला ने उसे मैन ऑफ दी मैच के पुरस्कार से नवाजा था।

# गैस सिलेंडर में लगी आग से मां-बेटा बुरी तरह झुलसे

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अतिराजपुर गांव में उस समय चीख पुकार मच गई, जब अचानक गैस सिलेंडर में लगी आग की चपेट में आने से मां-बेटा बुरी तरह झुलस गए।

उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अतिराजपुर गांव निवासी समरपाल के बेटे सचिन की गुरूवार को बारात लौटकर आई थी। शुक्रवार को घर में रिश्तेदारों और परिजनों के लिए गैस चूल्हे पर खाना बन रहा थी, अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीकेज हो गया। जिससे उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में गैस सिलेंडर से आग की लपटें काफी तेजी से उठने लगी।

यह नजारा देख वहां हड़कंप मच गया। आग बुझाने के प्रयास में दूल्हे सचिन की 50 वर्षीय मां कांती और 28 वर्षीय भाई रंजीत सिंह आग की चपेट में आने से झुलस गए। सौ शैया अस्पताल पहुंचे घायलों के तीमारदारों ने इलाज के दौरान हंगामा करना शुरू कर दिया। यहां तक कि उन लोगों ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ ही अभद्रता कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे दो युवकों को पकड़ लिया और उन्हें कोतवाली ले गई। बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## पुत्रियों को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर गांव के लोगों ने पीड़ित की पुत्रियों से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम द्वारिकापुरी निवासी कुरेंद्र सिंह पुत्र पातीराम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे गांव के ही विजय कुमार, स्वदेश, संदीप उर्फ बैदुल, गीता देवी ने उसके घर में घुसकर बेवजह उसकी पुत्रियों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य शिविर में 339 मरीजों को मिला उपचार

- चिकित्सकों ने बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की मरीजों को दी सलाह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


फ़रिकापुर गांव में मरीजों को परामर्श देते चिकित्सक

क्षेत्र के ग्राम फ़रिकापुर में राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के पब्लिक हेल्थ आउटरीच कैम्प कार्यक्रम के अन्तर्गत पब्लिक हैल्थ आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुर्वेद के डॉ दीपक यादव, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट कुश यादव एवं, यूनानी के डॉ नीलम वर्मा फार्मासिस्ट कमरुद्दीन खान होम्योपैथ के डॉ कोमल राठौर, आलोक कुमार फार्मासिस्ट योग प्रशिक्षक शिव प्रताप के द्वारा कुल 339 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में आयुर्वेद विधा से 79, यूनानी में 93, होमियोपैथ विधा से 115, योग में 52 कुल 339 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक नागेन्द्र सिंह कुशवाह, रिजवान सहित आदि रहे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर पीड़ित से युवक ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी कल्लू पुत्र सगीर ड्राइवर ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की सुबह 11 मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी एक युवक ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर के पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

# महिला की उपचार के दौरान मौत, हत्या का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर के बाहर कमरे में सो रही महिला की अचानक तबियत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां चिकित्सक ने चिंताजनक हालत में उसे कानपुर रेफर कर दिया। जिसकी उपचार के दौरान दूसरे मौत हो गई। इसके बाद मृत महिला के भाई ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिरगावां निवासी मनीष जोशी पुत्र उदय नारायण ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 03 बजे उसकी बहन अंजलि घर के बाहर वाले कमरे में सो रही थी। तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा पहुंचे। वहां हालत चिंताजनक देख डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतका के भाई ने बताया कि गांव के ही एक युवक ने उसकी बहन को कोल्ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

## किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रिश्तेदारों के सहयोग से युवक किशोरी को भगा ले गया। जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। सुराग न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 अप्रैल की शाम करीब 05 बजे फर्रुखाबाद के थाना मऊदरवाजा ग्राम सिरमौर निवासी शिशु पुत्र धनपाल कश्यप उसकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव निवासी रिश्तेदारों के सहयोग से कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया। इसके बाद पर परिजनों ने युवक व किशोरी की काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं सुराग नहीं लग सका। पीड़ित मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने युवक व किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# गुड फ्राइडे पर फादर का संदेश, प्रेम और बलिदान की सीख

- सेंट पॉल कैथोलिक चर्च लालकपुर में हुआ कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम लालकपुर स्थित कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे पर फादर संतोष सेलेस्टिन ने प्रभु यीशु को याद कर प्रेम और बलिदान की सीख देने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। सेंट पॉल चर्च में शुक्रवार को दोपहर बाद प्रार्थना की गई। इससे पहले गुरुवार की रात से प्रभु यीशु की आराधना शुरू हुई।

शुक्रवार सुबह से सभी ने उपवास किया और फिर प्रार्थना सभा हुई। इसमें फादर संतोष सेलेस्टीन ने गुड फ्राइडे के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा जब हम प्रभु यीशु की इच्छा के अनुसार नहीं चलते हैं या जरूरतमंदों की सहायता नहीं करते हैं अथवा सच बोलने वालों का समर्थन नहीं करते हैं तब हम एक तरह से प्रभु यीशु के उपदेश को मानने से इनकार करते हैं। हमें खुद को विनम्र बनाना चाहिए और एक दूसरे की सहायता हमेशा करनी चाहिए। फादर ने कहा प्रभु ईसा मसीह ने शुक्रवार के दिन ही अपने जीवन का बलिदान दिया था। यही वह दिन था जब तमाम शारीरिक यातनाएं देकर प्रभु ईसा मसीह को सूली पर चढ़ा दिया गया था। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान को प्रेम और क्षमा का प्रतीक बताते हुए श्रद्धालुओं से करुणा का जीवन जीने का आह्वान किया। ÷यीशु का क्रूस हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम दूसरों के लिए त्याग मांगता है। चर्च में सैकड़ों श्रद्धालु मौन प्रार्थना और भक्ति में डूबे रहे। प्रवचन के बाद मोमबत्तियां जलाकर यीशु के बलिदान को याद किया गया। श्रद्धालु मनोज कुमार ने कहा, ÷फादर का संदेश हृदयस्पर्शी था, इसने मुझे अपने जीवन में बदलाव लाने की प्रेरणा दी। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म में यीशु के दुखभोग और बलिदान का स्मरण कराता है। प्रवचन के बाद चर्च परिसर में क्रूस का जुलूस भी निकाला गया। फादर के संदेश ने श्रद्धालुओं को ईस्टर की तैयारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सिस्टर आंसिन, सिस्टर रोशना, सिस्टर लिस, विनीस, रजी, जीवन, रमेशचंद्र, राजीव कुमार, रानी, पुष्पा, जितेंद्र कुमार, कुसुम, विमल एवं कुंवरपाल आदि मौजूद रहे।

## नगर में 170 अवैध कालोनियों पर कार्यवाही शुरु


अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करती जेसीबी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भूमाफियाओं पर शिकंजा कसते हुए जिला प्रशासन ने नगर में 170 अवैध कालोनी पर कार्यवाही करनी शुरु कर दी है।इसी क्रम में आज थाना कादरीगेट के अंतर्गत मोहल्ला अंडियाना में अवैध रुप से की गयी प्लाटिंग पर बुलडोजर गरजा।इस दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन उनकी पुलिस के आगे एक नहीं चली। थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस को अपना काम करने दीजिए अन्यथा कार्यवाही की जायेगी।बताते चलें कि एक हफ्ता पूर्व मोहल्ला अंडियाना में दो लोगों की दीवार के नीचे दबकर मौत हो गयी थी।जिस पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने नगर मजिस्ट्रेट को तत्काल अवैध कालोनियों को ध्वस्त करने के निर्देश दिये थे।इसी के चलते आज कार्यवाही की गयी। जिससे भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।

# नक्शबंदियों के सूफियाना ज्ञान की खुशबू से महक रही महात्मा रामचंद्र की समाधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



महात्मा रामचंद्र जी महाराज के सालाना जलसे में दूसरे दिन उनके अनुयायियों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी तादात में देश भर से आये हजारों श्रद्धालुओं ने समाधि पर आन्तरिक अभ्यास व शान्तिपाठ कर सजदा किया। नक्शबंदियों के सूफियाना ज्ञान की खुशबू से महात्मा रामचंद्र की समाधि महक रही है।

फतेहगढ़ के नवदिया क्षेत्र में चल रहे महात्मा रामचंद्र के सौ वें सालाना जलसे में लोग महात्मा जी के बताये सूत्र के अनुसार निरंकार ब्रह्म से जुड़ने के लिए शान्तिपाठ करते नजर आये। यहां हर कोई महात्मा जी की याद में डूबकर रुहानी ताकत से जोड़ने के लिए साधना कर रहा है। यहां आने वालों के बीच मजहब या धर्म जाति की कोई दीवार नहीं है। उनकी सिर्फ एक ही पहचान है सिर पर सफेद टोपी और माथे तक पल्लू डाले महिलाएं और संगमरमर से बने समाधि स्थल पर ध्यान में बैठे लोग। सबका सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि रुहानी ताकत से खुद को जोड़ना। किसी से नजर मिली भी तो खामोशी से अभिवादन के बाद फिर तसव्वुफ के समंदर में गोता लगा दिया। यह नजारा नक्सबंदिया सिलसिले के अंतिम गुरु महात्मा रामचंद्र जी महाराज की समाधि पर चल रहे जलसे में नजर आया। सूफी संत विनय सक्सेना ने महात्मा रामचंद्र की साधना पद्धति पर प्रकाश डाला कहा कि निरंकार ब्रह्म से जुड़कर ही जीवन का उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है। भोगांव से आये मौलाना शहनवाज अहमद खाँ ने कहा कि महात्मा जी ने इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म बताया और नेकी के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। महात्मा जी पर लगी पुस्तक प्रदर्शनी पर लोगों ने खरीददारी की। रामचंद्र के पैतृक निवास तलैया लेन पर भी लोगों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। रामचंद्र जी की पौत्र वधू माधुरी सक्सेना से भक्तों ने आशीर्वाद हासिल किया।

# ट्रक का कट लगने से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौत

**फर्रुखाबाद/समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर राधा रानी पेट्रोल पंप पर तेज रफ्तार कार की ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं अन्य चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी मोनू सिंह उम्र 20 वर्ष अपनी कार से अपने साथी हिमांशु पुत्र मुकेश निवासी हरिहरपुर और उमंग गुप्ता निवासी राजेपुर कस्बा और हिमांशु पुत्र सतेंद्र और अंकुर पुत्र सुनील कुमार निवासी बिरसिंहपुर के साथ कार से हिमांचल प्रदेश जा रहे थे। वहां उनकी शिमला मंसूरी घूमने की योजना थी। जब थाना अमृतपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर गाड़ी पहुंची, तभी ट्रक का कट लग गया। जिससे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व कार सवारों के परिजन पहुंच गये। स्वीफ्ट कार का इतना बुरा हाल हो गया था की घायलों को निकालने के लिए कार के गेट काटने और तोड़ने पड़े। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मोनू को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।


मृतक का फाइल फोटो


मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त कार

## बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र से सटे गांव पितौरा निवासी अरशद उम्र 18 वर्ष अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक द्वारा किसी काम से क्षेत्र के गांव अहमदगंज गया था। वहाँ से वापस अपने घर के लिए लौटते समय रास्ते में गांव भुड़िया के पास सामने से बाइक द्वारा आ रहे क्षेत्र के गांव महमदीपुर निवासी रिषी पाल की आमने-सामने बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार अरशद और रिषीपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद ऋषिपाल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# आकांक्षा समिति को लोहिया में चिकित्सा व्यवस्था मिली चौपट

- शौचालय में ताला पड़ा देख जतायी नाराजगी, सीएमएस नहीं थे मौजूद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के निरीक्षण में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। जिस पर उन्होंने क़ड़ी नाराजगी जाहिर की। शनिवार को लोहिया अस्पताल का निरीक्षण आकांक्षा समिति की अध्यक्ष वंदना द्विवेदी व उनके साथ समिति की उपाध्यक्ष डॉ. रजनी सरीन ने किया। इस दौरान अध्यक्ष को लोहिया में काफी अव्यवस्थायें देखने को मिलीं। मरीजों के पास गंदगी व चादर भी साफ नहीं बिछी थीं।

मरीजों से बातचीत करने पर समिति की अध्यक्ष को बताया कि कई बार बुलाने पर देखने आते हैं। समय पर दवाई नहीं दी जा रही है। जिस पर उन्होंने नाराजगी जतायी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि लोहिया अस्पताल के स्टाफ की जगह मरीज को खुद तीमारदार स्ट्रेचर पर ले जाते दिखे। जिस पर उन्होंने संबंधित स्टाफ से पूछा कि यह काम कर्मचारियों का है, तो तीमारदारों से स्ट्रेचर क्यों खिंचवाया जा रहा है, तो कोई जवाब नहीं था। दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला पड़ा था। उस पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कई वार्डों का निरीक्षण किया। वहां पर भी उन्हें गंदगी के अलावा कई समस्यायें देखने को मिलीं। आकांक्षा समिति के निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी मौजूद नहीं थे। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने बताया कि हमारी समिति ने निरीक्षण किया। अनेकों खामियां देखने को मिलीं। इन सबकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जायेगी।


लोहिया का निरक्षण करतीं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता मिला महिला का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजन कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला पाठक नई कालोनी निवासी मधू पाल उम्र 32 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार का शव उसके ही कमरे मे संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फन्दे पर लटका मिला।

परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र, कांस्टेबिल विजय गुर्जर के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की तथा मृतका के शव का पंचमामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पर बच्चे अनामिका 12 वर्ष, अर्पित 10 वर्ष, दिव्याश 4 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतका के ससुर जयसिंह पाल ने बताया की पति-पत्नी, बच्चे अलग कमरे में रहते थे। पति बीते दिनों किसी काम से जयपुर गया था। सुबह बहू ने फांसी लगा ली।


रोते बिलखते परिजन व इन्सेट में मृतका का फाइल फोटो

## पत्नी बनी हैवान, पति को मौत के घाट उतारने की करी कोशिश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी ने पत्नी को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। मरणासन अवस्था में उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जैनापुर निवासी राजकुमार 45 वर्ष पुत्र वीरेंद्र सिंह को उसकी पत्नी स्वेता ने किसी बात को लेकर जमकर लाठी-डंडों से पीटा। जिससे वह लहूलुहान होकर मरणासन की स्थिति में पहुंच गये। गम्भीर रुप से घायल राजकुमार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घायल के भतीजे ने बताया कि मेरी चाची स्वेता लगातार कई दिनों से चाचा के साथ मारपीट करती चली आ रही हैं। आज भी उन्होंने बुरी तरह से लाठी-डंडों से पीटा। फिलहाल घायल का लोहिया अस्पताल में उपचार चल रहा है।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 14 समस्याओं का डीएम ने किया निस्तारण

- विभिन्न विभागों से संबंधित 136 आये शिकायती प्रार्थना पत्र
- ससमय निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा सम्पूर्ण सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण मे देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दूरदराज से आये फरियादियों कि समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना। साथ ही कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग पुलिस, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की कुल 136 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमे से 14 .का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार मिश्रा, डी.एफ.ओ. प्रत्युष कटियार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार, कायमगंज उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा, कम्पिल नगर पंचायत अधिशासी अधिशाषी अधिकारी अखलेश कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सूचना प्रभारी अधिकारी ओमवीर सिंह, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवावगंज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


शिकायतें सुनते डीएम, एसपी आदि

## खबरें एक नजर में

### आग की चपेट में आकर अधेड़ झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी अधेड़ रामपाल उम्र (54) वर्ष आग की चपेट में आकर झुलस कर घायल हो गया गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मझोला निवासी पवन कुमार उम्र 32 वर्षीय पुत्र गजराज सिंह की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

### गिट्टी मौरम से लदे दो डम्परों को ऑनलाइन नोटिस निर्गत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खनन विभाग द्वारा प्रवर्तन के दौरान जाँच में 2 डम्पर मय गिट्टी एवं मोरम लदे को अवैध परिवहन में ऑनलाइन नोटिस निर्गत किया गया। उक्त नोटिस से विभाग को लगभग 1,15000/- राजस्व प्राप्त होगा। जिसमें एक मोहम्मदाबाद और दूसरा सेंट्रल जेल के पास पकड़ा गया। बताते चलें कि मध्य प्रदेश से गिट्टी और मौरम लादकर ला रहा था।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित थाना क्षेत्र के ग्राम कल्लू नगला (बहोरनपुर टप्पा हवेली) थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को दिनांक 15 अप्रैल की रात्रि गांव का ही निवासी दीपू पुत्र मुन्नालाल बहला फुसलाकर अपने साथियों के साथ भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है।

### अनियंत्रित वैन एचटी लाइन के पोल से टकरायी, बनी आग का गोला


धू-धू कर जलती स्कूली वैन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय के बच्चे छोड़कर आ रही वैन अनियंत्रित होकर हाईटेशन लाइन के पोल से टकरा गयी। जिससे पोल टूटकर वैन के ऊपर ही गिर गया। देखते ही देखते कार में आग लग गयी। कार काफी देर तक धू-धू कर जलती रही। बाद में पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही की वैन में बच्चे नहीं बैठे थे नहीं तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के अलबलपुर तकीपुर मार्ग पर स्थित एक स्कूल की बैन छुट्टी के बाद बच्चे लेकर निकली थी। बच्चे छोड़कर वैन वापस आ रही थी। वैन को चालक सविनय कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार निवासी हरकमपुर मोहम्मदाबाद चला रहा था। अचानक ग्राम नवादा दोयम से कुछ दूर वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल से टकरा गयी। जिससे लोहे का पोल टूटकर वैन पर गिर गया। आनन-फानन में चालक कार के बाहर आया। कुछ देर में ही वैन में आग लग गयी। वैन धूं-धूं कर जलने लगी। जिसे देखकर मौके पर भीड़ लग गयी। ग्रामीणों नें डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 व दमकल मौके पर पहुंची। दमकल ने आग पर काबू पाया। हल्का इंचार्ज अरविंद अवस्थी मौके पर पहुंचे।

# रिटायर्ड कैप्टन के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने का प्रयास, एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाग में चर रहीं भैसों को भगाने पर दबंग ने सेवानिवृत्त कैप्टन पर लाठी चला दी। पीड़ित ने बाग से बाइक से भागकर किसी तरह अपनी जान बचायी। घटना के संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है।

पीड़ित दिनेश चन्द्र दुबे पुत्र सुरेश चन्द्र दुबे भारतीय सेना से सेवानिवृत आनरेरी कैप्टन सुभाष नगर कस्बा व थाना कमालगंज का निवासी हैं। पीड़ित दिनांक 24.03.2025 को मोटर साइकिल से दिन में समय करीब 2:30 बजे बरुआ बाग स्थित अपने बाग की देखरेख करने गया था। मौके पर जाकर देखा की बाग में 8-10 भैसें चर रही थीं। जो बाग में आम के छोटे पेड़ों तथा आम के पेड़ों पर आये बौर को नुकसान पहुंचा रही थी। यह देखकर पीड़ित ने भैसों को ललकार कर भगाने का प्रयास किया। उसी समय बाबा पुत्र बादाम सिंह निवासी धारा नगला थाना कमालगंज आ गया तथा पीड़ित को गाली-गलौज करते हुये बाग से चले जाने को कहने लगा। पीड़ित ने उससे कहा कि तुम जान बूझकर बाग में भैसों को चराकर फसल व पेड़ों का नुकसान करा रहे हो। इस पर बाबा ने पीड़ित पर लाठी चला दी।ष प्रहार रोकने के प्रयास में पीड़ित के हाथ में चोट आई। बाबा पीड़ित को लाठी लेकर मारने के लिये दौड पड़ा। पीड़ित ने मोटर साईकिल से मौके से भागकर अपने को बचाया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2025 धारा-108/352/351(3) बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्त आशीष उर्फ अंकित पुत्र सोबरन निवासी ढकेलापुर बिलाबलपुर थाना मऊदरवाजा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आशीष उर्फ अंकित को शनिवार 1:20 बजे काशीराम कालोनी से जाने वाले चिलसरा रोड तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली थाना क्षेत्र के बादशाहपुर गुड़गांव निवासी अवनीश उम्र 24 वर्षीय, प्रेम उम्र 27 वर्षीय, प्रशांत उम्र 26 वर्षीय व सुबोध कार से अपनी रिश्तेदारी कायमगंज आये थे। वापस घर के लिए लौटते समय रास्ते में थाना भोगांव के गांव मीरपुर के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे कार में बैठे उक्त चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज सुन ग्रामीण उधर दौड़े और घायलों के रिश्तेदारों को सूचना दी। रिस्तेदार मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कायगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

# मारपीट में घायल दिव्यांग की हालत बिगड़ी, मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट में घायल दिव्यांग की तबियत बिगड़ गई। स्वजन उसको इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। स्वजनों ने पुलिस पर भी दबाव बनाकर फैसला कराने का आरोप लगाया।

क्षेत्र के गांव गौरखड़ा निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि उनके 36 वर्षीय दिव्यांग देवर राजीव जोशी गुरुवार दोपहर घर के बाहर परिवार के ही सुखवीर के साथ हंसी मजाक कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के ही चार लोग मौके पर आ गए। उन्होंने घर के सामने गाली-गलौज करने की बात कहकर लाठी-डंडों से राजीव को मारपीट कर घायल कर दिया। स्वजन राजीव का इलाज गांव में ही कराते रहे। शनिवार दोपहर राजीव की हालत बिगड़ने पर स्वजन उसको सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मृतक की भाभी ने बताया गुरुवार देर रात उन्होंने चौकी पुलिस से शिकायत की। मगर पुलिस ने फरियाद नहीं सुनी। पीड़ित महिला ने पुलिस पर विरोधियों से घूस लेकर कार्यवाई न करने का भी आरोप लगाया। महिला ने बताया की पुलिस ने दबाव बनाकर समझौता करवा दिया। युवकों ने ही देवर की हत्या की है। मृतक राजीव तीन भाइयों राजेश, दीपू, राकेश मे सबसे छोटा था। पिता रामप्रकाश, माता चमोली देवी की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक राजीव भाभी पुष्पा और भाई के साथ रह रहा था। सिवारा चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया मृतक शराब पीने का आदी था। गांव के ही युवकों से विवाद हो गया था। महिला रात मे आयी होंगी। मगर उनसे नहीं मिली। लिखित में कोई शिकायत भी दर्ज नहीं करवाई। अगले दिन समझौता होने की जानकारी पर कोई कार्यवाई नहीं की गयी। सीओ संजय वर्मा ने बताया तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

## भाकियू महाशक्ति की पंचायत में उठायी गयीं मांगें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक नवाबगंज के गांव ज्योना में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत हुई। जिसमें बिजली विभाग की तानाशाही को लेकर रोष जताया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी भी किसान, मजदूर के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया, तो आंदोलन किया जायेगा, जर्जर विद्युत लाइन को ठीक कराने व सिंचाई के लिए 12 घंटा बिजली देने की मांग की गयी। युवा लखन प्रताप व तहसील अध्यक्ष युवा अभय सिंह के नेतृत्व में विपिन यादव को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत करते हुए आनंद पाल सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज, चंद्र प्रकाश जिला सचिव, विनोद कुमार को शमशाबाद ब्लॉक अध्यक्ष, अंजुल को ब्लॉक अध्यक्ष युवा नवाबगंज सहित सैकड़ों लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गयी। इस मौके पर प्रदेश प्रचार महामंत्री ठाकुर सुनील सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, प्रदेश संगठन मंत्री सतेंद्र चौहान, जितेश, नितेश, अर्जुन, निखिल ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, रामकरन, जयकरण, विशाल तोमर आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपियों पर दोष सिद्ध,न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष 8 दीपेंद्र कुमार सिंह ने हत्या के मामले में गणेश चतुर्वेदी पुत्र श्रीराम निवासी गदनपुर तुर्रा को दोष सिद्ध करते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिंदुओं पर 22 अप्रैल को सुनवाई होगी। बीते 30 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज में योगेंद्र नाथ ने 23 मई 1995 को मुकदमा दर्ज कराया था कि मैं तथा मेरे दरवाजे पर अवध किशोर तिवारी, शिवानंद व लल्ला सिंह ठाकुर तथा मेरा नौकर महेश कटहल के पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी लगभग दोपहर 12 बजे दिन में घर के सामने जीप सड़क पर से होती हुई हाते के अंदर घुस आई। उसमें उतरे बबुआ बाजपेई के हाथ में एक नाली बंदूक थी तथा संजीव बाजपेई के हाथ में राइफल थी तथा राकेश मिश्रा के हाथ में राइफल थी तथा प्रमोद अवस्थी व गणेश चतुर्वेदी व अन्य जिन्हें सामने आने पर पहचान सकता हूँ नाजायज हथियारों से लैस थे। बबुआ वाजपेई ने अवध बिहारी उर्फ छोटे से कहा कि बहुत प्रधान बनता है आज तुझे प्रधान बना दें और सभी लोगों ने अपने-अपने हथियारों से छोटे को जान से मारने की नीयत से फायर किए। जिससे छोटे घर के अंदर की तरफभागे। छोटे को बचाने के लिए शिवानंद व हम लोग भी दौड़े। इन लोगों की फायरिंग से छोटे के गोली लगी। बचाने में शिवानंद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली लगने के उपरांत यह लोग जीप में बैठकर भाग गए। इस घटना में फायर की आवाज सुनकर बहुत से लोग आ गए। जिन्होंने घटना देखी। घायलों को मैं टेंपो में डालकर थाने लाया। थाने लाते समय अवध किशोर की मृत्यु हो गई। बबुआ वाजपेई की अवध किशोर से ग्राम प्रधानी की रंजिश थी। जिस कारण हत्या की गई।

साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। जिसमें बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता अनिल बाजपेई, अभिषेक सक्सेना की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र ने गणेश चतुर्वेदी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 22 अप्रैल की तिथि निहित की गयी है। इसी मुकदमे में बबूआ बाजपेई, प्रमोद अवस्थी, गिरिराज को दोष मुक्त कर दिया गया, जबकि राकेश मिश्रा संजीव बाजपेई की फाइल पृथक है।

# एहि धनु पर ममता केहि हेतु, सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू



**परशुराम जयंती पर विशेष**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हिन्दू धर्म में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के दिन मनाया जाता है। जब धरती पर बुराई फैली तो उसका संहार करने के लिए परशुराम ने भगवान विष्णु के छठे अंश के रुप में जन्म लिया।



### भूपेश प्रकाश पाठक

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने बताया कि भगवान परशुराम ने समस्त जगत का कल्याण व धरती पर वैदिक संस्कृतिक का प्रचार कर लोगों में आस्था जगायी थी। वे न्याय प्रिय थे। अन्याय को कभी उन्होंने सहन नहीं किया और उन्होंने 21 बार पृथ्वी से आताताइयों का संहार किया व भगवान शिव के अनंत भक्त थे। अक्षय तृतीया के दिन उनका अवतरण हुआ था।



### मनोज कुमार शुक्ला

शिक्षक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि महाभारत और विष्णू पुराण के अनुसार परशुरामजी का मूल नाम राम था, किन्तु भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया, भी से उनका परशुराम हो गया। वह अपने पिता व माता के आज्ञाकारी पुत्र थे। अपने पिता के कहने पर अपनी मां का सिर धड़ से अलग कर दिया और पिता से वरदान में अपनी मां का पुनः जीवन दान मांग लिया था।



### स्नेहा बाजपेयी

समाजसेवी व ग्राम गुसरापुर की प्रधान स्नेहा बाजपेयी ने बताया कि भगवान परशुराम ने अत्रि की पत्नी अनुसूइया, अगस्त की पत्नी लोपा मुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी जागृति अभियान का संचालन भी किया था। वे पुरुषों के लिए आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने बुराईयों का पृथ्वी से अंत किया। हम सब मिलकर जन्मोत्सव मनायेंगे।

# कानपुर जोन की पुलिस प्रतियोगिताओं का एसपी ने किया समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर जोन कानपुर की पुलिस कुश्ती क्लस्टर (पुरुष/महिला) (कुश्ती, बॉक्सिंग, आर्म रेसलिंग एवं बाडी बिल्डिंग) तीन दिवसीय प्रतियोगिता वर्ष-2025 का शनिवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में समापन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने किया। इस प्रतियोगिता में जोन के जनपद कमिश्नरेट कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फतेहगढ़, झाँसी, ललितपुर एवं जालौन की टीमों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में कुल 104 पुरूष/महिला खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया।

जिसमें बॉक्सिंग प्रतियोगिता जनपद फतेहगढ़ के पुरूष खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 24 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की। फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद इटावा के पुरूष खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 34 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की एवं जनपद कन्नौज के महिला खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 17 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की। ग्रीकोरोमन कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद ललितपुर के पुरुष खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 69 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की। बाडी विल्डिंग प्रतियोगिता में जनपद इटावा के पुरुष खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 36 अंक प्रात्र कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में जनपद इटावा के पुरुष खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 66 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की एवं जनपद कन्नौज की महिला खिलाड़ियों द्वारा अपने वर्ग में कुल 43 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान की चल वैजन्ती प्राप्त की। जोन टीम हेतु चयन समिति द्वारा प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23.04.2025 से दिनांक 26.04.2025 तक 6 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ में प्रस्तावित है।

प्रतियोगिता में टीमों की आवासीय व्यवस्था पुलिस लाइन प्रांगण में की गयी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त टीम मैनेजर, कैप्टन एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। निर्णायक मण्डल में कर्मवीर सिंह जिला क्रीड़ाधिकारी फतेहगढ़, संजीव कटियार, अरूण यादव, कुलदीप यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, करन कुशवाहा, सचिन सिंह, अरविन्द शर्मा, चेतना कुमारी, निशा परिहार एवं नेहा सिंह द्वारा प्रतियोगिता को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने में निष्पक्ष एवं निर्विवाद निर्णय देकर अहम भूमिका अदा की।



चल वैजन्ती के साथ फतेहगढ़ की टीम

# रहमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मेधावी हुईं सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में 10वीं वार्षिकोत्वसव आयत बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रार्थना से हुई। साथ ही बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें स्व्च्छता अभियान, पढ़ाई वाली कव्वाली और आनन्दी बाई आदि कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नोडल अधिकारी व श्रम विभाग के कोआर्डिनेटर सैय्यद रिजवान अली ने मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें

उन्होंने विद्यालय में पोजीशन होल्डर बच्चों को सम्मानित किया और उन्होंने अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाया। इसके साथ ही शिक्षा हासिल करने में समय का कितना महत्व है, इसके बारे में विस्तृत चर्चा की। स्वच्छ भारत अभियान पर बच्चों द्वारा नाटक प्रस्तुत किये गये। गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को समझाया। इखलाक खान उर्फ मुंशी ने बताया कि शहर में उनके द्वारा आकाश इंस्टीट्यूट की फ्रेंचाइजी खोली गयी है। जिससे बच्चों को इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए अब उन्हे शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। डायरेक्टर एमएच सिद्दीकी ने मोबाइल के बढ़ते उपयोग पर गंभीर चर्चा करते हुए बताया किस प्रकार बच्चे मोबाइल के एडिक्ट हो रहे है और किस तरह ज़्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों के अन्दर कैसी भयानक बीमारियों पैदा हो रही है।

मोबाइल से कैसे छुटकारा पाया जाये, इस पर मौजूद अभिभावकों का उन्होंने मार्ग दर्शन किया। मैनेजर हाजी मुज़फ्फर हुसैन रहमानी ने सीनियर सेक्शन में स्कूल टॉपर रही कक्षा 7 की जोया खान को ट्राफी देकर सम्मानित किया। जूनियर सेक्शन में कक्षा 4 के सिफत अंजुम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने कहा जो भी बच्चे स्कूल में अच्छी पोजीशन लायेंगें। इसके बाद उन्हें आगे की पढ़ाई करने के लिए अगर कोचिंग की जरूरत पढ़ती है तो उसने उनकी मदद की जायेगी। अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की। छात्र-छात्राओं की एक दिन की अनुपस्थिति उनके लिए कितनी नुकसान दायक है और एक दिन की उपस्थिति उनके जीवन में कितना महत्व रखती है इस पर विस्तृत से समझाया। इस दौरान अनीस अहमद, मलिक बख्तियार खान, रफत हुसैन, असलम कुरैशी, वसीमुज्जमा खां, अनवर जमाल, तौसीफ, फैसल रईस, आकिल खान आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर प्रिंसिपल इरम खान, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जैदी, रेहान खान, महविश खान एवं हिफ्ज़ा इस्लाम व इफस इमरान मौजूद रही। संचालन मिर्जा आकिब कादरी ने किया।

# मेजर एस.डी. सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व यकृत दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व यकृत दिवस के उपलक्ष्य पर मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालाय में रचना शरीर विभागाध्यक्ष डॉ. अविधा देवराज सिंह ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिये व्याख्यान आयोजित किया।

इस वर्ष विश्व यकृत दिवस की थीम-फूड इस मेडिसिन है। व्याख्यान डॉ. निरंजन एस. विभागाध्यक्ष कायचिकित्सा द्वारा प्रस्तुत किया। उन्होंनें यकृत से जुड़ी बीमारियों जैसे हेपेयटिस, फैटी लिवर, जॉन्डिस, सिरोसिस, यकृत वृद्धि, हेपेटिक फेल्योर आदि के बरे में विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि खान-पान एवं जीवन शैली में सुधार करके इन बीमारियों से बचा जा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने बताया कि सभी का संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। ज्यादा तले भुने खाद्य पदार्थो का सेवन नहीं करना चाहिए तथा नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे यकृत सम्बन्धी विकारों से बचा जा सकता है। डॉ. अविधा सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्रा व शिक्षक उपस्थित रहे।


प्रशिक्षु चिकित्सकों को सम्बोधित करते चिकित्सक

# सड़क सुरक्षा जागरुकता के तहत निकाली गई रैली, बच्चों को दिलायी शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड शमशाबाद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद में प्रधानाध्यापक ब्लाक स्काउट मास्टर राजकुमार ने सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। साथ ही जागरुकता रैली निकालकर अभियान चलाया गया। हेलमेट लगाने वाले बाइक सवारों को पुष्प भेंट किये गये।


सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ लेते बच्चे

कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया और पुष्प दिये गये। ब्लाक स्काउट मास्टर राजकुमार ने बताया कि सभी प्रतिज्ञा करते है कि हम सब यातायात नियमों का पालन करेंगे और सुरक्षित यात्रा हेतु दो पहिया वाहन चलाते समय दूसरों को भी हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। कार चलाने वाले को सीट बेल्ट व ड्राइविंग के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल व नशा आदि का प्रयोग न करें। साथ ही स्लोगन लिखे नारे लगाये गये। सुरक्षित समाज, सुरक्षित प्रदेश बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर हरीश कुमार, अतुल कुमार, अभिषेक कुमार, सत्यम, सुधीर कुशवाहा, सेजल, अंशुल, आरके, अयान, आंशी, सोनाक्षी, काजल आदि लोग मौजूद रहे।

# अभिव्यंजना द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ बार-बार चुनाव होने से आर्थिक संसाधनों पर पड़ता है प्रभावः डॉ. रजनी सरीन

साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना के तत्वाधान में डॉ. रजनी सरीन के आवास पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। मेरा देश सबसे श्रेष्ठ और एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आधारित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. शशी किरण सिंह रही। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य आरएस परिहार ने की। अनिल भदौरिया ने कहा कि हिंदी एकमात्र ऐसी भाषा है जो पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो सकती है। उन्होंने कहा कि हमको अपने प्राचीन संस्कृति से जुड़ने के लिए हिंदी और संस्कृत का ज्ञान बहुत आवश्यक है। राजीव वाजपेई ने कहा की हिन्दी गंगा नदी के समान है। जिसमें मिलकर सभी नदियां गंगा के समान पवित्र हो जाती है, उसी प्रकार हिन्दी से जुड़कर सभी भाषाएँ संतृप्त होती हैं। अनिल सिंह राठौड़ ने कहा कि एक देश एक चुनाव इस वक्त की मांग है, क्योंकि आर्थिक और मानव संसाधनों का उपयोग यदि सीमित मात्रा में होगा तो इसके सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय उत्थान में देखने को मिलेंगे।

डॉ. पारुल मिश्रा ने कहा कि हमें अपने बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करने की आवश्यकता है, मां प्रथम गुरु है जो अपने बच्चों और विशेषतः लड़कियों को यह संस्कार दे कि वह किस तरीके से रहे क्या पहने और क्या देखें। उन्होंने मोबाइल और रील की संस्कृति के बढ़ने दुष्प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। महेश पाल सिंह उपकारी ने कहा कि यदि हम आध्यात्मिक रूप से अपने आप को जागृत करेंगे, तभी हम अपने समाज का भला कर पाएंगे। डॉ. प्रभात अवस्थी ने कहा कि वर्ष 2015 में उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार दिया था और इसकी मांग की थी उनका यह विचार आज राष्ट्रीय स्तर पर एक स्वीकार्यता की ओर बढ़ रहा है। संस्था प्रमुख डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव ही इस देश को राजनीतिक स्थिरता की ओर ले जा सकता है। बार-बार चुनाव होने से देश के आर्थिक संसाधनों पर प्रभाव पड़ता है और पूरी प्रशासनिक मशीनरी विकास कार्यों को छोड़कर इसमें ही व्यस्त हो जाती है। जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने अभिव्यंजना के गत वर्ष के कार्यों को बताते हुए भविष्य की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि चंद्रपाल सिंह यादव (मयंक) जो प्रसिद्ध बाल रचनाकार थे की जन्म शताब्दी समारोह बाल साहित्य दिवस के रूप में अभिव्यंजना द्वारा इस वर्ष मनाया जाएगा। उनकी पुत्री डॉ. उषा यादव ष्पद्मश्री भी उपस्थित रहेगी। उदय बाथम ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल प्रताप सिंह, संजय गर्ग, आलोक रायजादा, प्रीति रायजादा, प्रीति तिवारी, शीश मेहरोत्रा, निमिष टंडन आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद डॉ. रजनी सरीन

# नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में मनायी गई अम्बेडकर जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान उत्सव विकास भवन के सभागार व शमशाबाद ब्लाक तथा नगर पालिका फर्रुखाबाद, नगर पालिका कायमगंज व ब्लाक, नगर पंचायत कमालगंज, नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर में मनाया गया।


अम्बेडकर चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद


शपथ दिलाते बीडीओ

इसी के तहत विकास खण्ड शमशाबाद में डॉ0 बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जयंती के उपललक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने अम्बेडकर चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विधायक अमृतपुर व ब्लाक प्रमुख उपस्थित रही। सांसद ने बताया कि बाबा साहब एक युग पुरुष थे, उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बाबा साहेब द्वारा देश के प्रति किया गया कार्य आज भी देश को मजबूती प्रदान कर रहा है। भारतीय संविधान को विश्व का सबसे मजबूत संविधान माना जाता है। यह बाबा साहेब की दूरदर्शिता का ही परिणाम है। जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में प्रस्तावना एवं संविधान की शपथ दिलायी गई। गोष्ठी में ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। **साथ ही विकास भवन में** हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान उत्सव के तहत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रस्तावना एवं संविधान की शपथ दिलायी गई। मौजूद अधिकारी ने बताया कि अंबेडकर जयंती का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा और न्याय के विचारों को फैलाना है। डॉ0 अंबेडकर ने संविधान निर्माण में जो योगदान दिया, वह भारत को एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र बनाने की नींव था। उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गों और दलित समुदाय को अधिकार दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनका कहना था, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। सभी नगर पंचायतों में प्रस्तावना एवं संविधान की शपथ दिलायी गई।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों ने वेतन वृद्धि व पीपीओ उपलब्ध कराने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बेसिक शिक्षाधिकारी को सम्बोधित नेशनल वेतन वृद्धि हेतु व सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिकायें एवं पीपीओ उपलब्ध कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों की काल्पनिक वेतन वृद्धि व शासन द्वारा पेंशन संसोधन आदेश निगृत किया जाये। 2006 से 2012 तक कार्यालय द्वारा ही वेतन वृद्धि देनी थी। अभी तक पूर्ण रुप से लंबित है। 2006 से 2015 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिकायें सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन संसोधन हेतु भेजी गई थी। विकास खण्ड के लिपिको द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश सेवा पुस्तिकायें वापस कार्यालय को नहीं हो पायी है। 17 दिसम्बर 2024 को मांग पत्र जिलाधिकारी को दिया गया था कि सेवा पुस्तिकायें उपलब्ध करायी जाये। सेवानिवृत्त शिक्षकों की अधिकांश सिलेक्शन ग्रेड की वृद्धि धनराशि का भुगतान लंबित है। कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया, परन्तु लिपिकों की उदासीनता का कारण बना हुआ है। कार्यालय द्वारा पीपीओ उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है आदि सेवानिवृत्त शिक्षकों की मांगों को पूरा किया जाये। इस मौके पर राजेश निराला, नेत्रपाल सिंह, ओमपाल सिंह, जागेश्वर सिंह, नौसे, रामसनेही, मुनीश चन्द्र दीक्षित आदि सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त शिक्षक

# सनातनी जागो, एक रहो और अपनी सनातन संस्कृति को बचाओः महामण्डलेश्वर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक कलश मिशन यात्रा को लेकर जनपद में पधारे महामण्डलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने बताया कि यात्रा जनवरी में कश्मीर से शुरु हुई थी, जो आगे बढ़ रही है। बीच में कुछ दिनों के लिए प्रयागराज मेले के कारण रुक गयी थी, पुनः शुरु हो गयी है। उन्होंने बताया कि कलश मिशन का उद्देश्य है कि सनातनी जागे, एक रहे और अपनी संस्कृति को बचाये। स्वराज कुटीर स्थित पत्रकार वार्ता में कृष्णानंद महाराज ने बताया कि 150 हिन्दुओं की घर वापसी करायी है। मेरा उद्देश्य है कि हिन्दुओं को जगाना, सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वक्फ संसोधन बिल पास किया है उसमें मुस्लमानों का फायदा है। मोदी सरकार ने सबसे ज्यादा मुस्लमानों का विकास किया है, चाहें वह राशन हो, आवासीय योजना हो, पेंशन हो, इसमें सबसे ज्यादा मुस्लमानों को ही लाभ मिल रहा है। एक देश एक चुनाव की बात चल रही है वह सही है। सब लोग एकत्र होकर सहयोग करें। सरकार देश के लिए व सनातन के लिए बहुत कुछ कर रही है। सभी सनातनी व हिन्दू पार्टियां एकजुट होकर देश को मजबूत करें। आज हमारे घर में ही घुसकर हमले हो रहे है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। जो लोग गलत फायदा उठा रहे है उन लोगों को इस देश से बाहर निकाला जाये। कलश मिशन यात्रा का उद्देश्य है कि प्रकृति, जल, पृथ्वी, गगन आदि है। यही सब चीजों से सब कुछ बना हुआ है। इस यात्रा के माध्यम से संस्कृति व परम्परा व धर्म के प्रति जागरुक करना है। सब कुछ हमारे वेदों में लिखा है। सारे चीजों का सार वेद है। इस मौके पर अम्बरीश महाराज, आशीष मिश्रा भईयन, रवि तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


वार्ता करते कृष्णानंद महाराज

# हिन्दूवादी नेताओं ने की बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

▸ कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी आदि हिन्दुवादी संगठनों ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे है।

ममता सरकार के खिलाफ कार्यवाही की जाये और राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि वक्फ कानून विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिंसा, आगजनी हो रही है। हिन्दुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। राष्ट्र विरोधी और हिन्दू विरोधी तत्वों को निर्बाध रुप से अपने षड्यंत्रों को क्रियांवित करने की खुली छूट दी जा रही है। भीषण हिंसा सम्पूर्ण बंगाल में फैलती दिख रही है। शासकीय तंत्र दबंगई के सामने निष्क्रिय है। केंद्र सरकार नियंत्रण कर संचालन अपने हाथ में लेते हुए कठोर कार्यवाही करें और हिन्दुओं को प्रताड़ित करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाये। हिन्दुओं की 200 से अधिक दुकानों को लूटा गया है। निर्मम हत्या की गई है, दर्जनों महिलाओं के साथ बलात्कार व अत्यार हुआ है। 500 से ज्यादा हिन्दू परिवार मुर्शीदाबाद से पलायन कर चुके है। ममता सरकार द्वारा भटकाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में उनकी सुरक्षा उपलब्ध करायी जाये और जिहादी गुंडो पर कार्यवाही हो और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बड़ी संख्या में हिन्दूवादी नेता व बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के लोग मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते हिन्दूवादी नेता

## अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह बने नोटेरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह को नोटेरी बनाये जाने पर उनके अधिवक्ता साथियों ने उन्हें बधाई दी। जानकारी के अनुसार उप विधिक सलाहकार विधि एवं न्याय मंत्रालय विधि कार्य विभाग नई दिल्ली ने अधिवक्ता देवेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मानिकपुर पोस्ट जैतपुर थाना मऊदरवाजा को नोटेरी के रूप में नियुक्त किया है। अधिवक्ता देवेंद्र को नोटरी के रूप में संपूर्ण जनपद में व्यवसाय करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया है। अधिवक्ता देवेंद्र यादव के नोटेरी बनने पर उनके अधिवक्ता साथियों ने उन्हें बधाई दी।

## अधिक शुल्क लेने वाले स्टाम्प वेंडरों का होगा लाइसेंस निरस्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला बार एसोसिएशन में सभी स्टाम्प वेंडरों को अवगत कराया है कि निर्धारित शुल्क से अधिक स्टाम्प व कोर्ट फीस विक्रय किये जाने की शिकायत लगातार वादकारियों द्वारा बार एसोसिएशन को मिल रही थी। इस प्रकरण में गंभीरता लेते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव ने सभी स्टाम्प वेंडरों को चेतावनी दी कि किसी स्टाम्प वेंडर के विरुद्ध निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क में स्टाम्प, कोर्ट फीस विक्रय किये जाने का मामला पाया गया तो इसकी शिकायत अपर जिलाधिकारी से की जायेगी और स्टाम्प वेंडर का लाइसेंस निरस्त करवाया जायेगा।


बैठक में मौजूद न्यायिक व अन्य अधिकारी

## लोक अदालत के लिए कुल 67465 मामले चिन्हित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज नोडल अधिकारी अभिनीतम उपाध्याय की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले योग्य, राजस्व, चकबंदी, लघु, फौजदारी, विद्युत विभाग के मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। राजस्व वाद के 239 मामले, फौजदारी वाद के 698 मामले, प्रकीर्ण वाद के 66528 मामले, कुल मामले 67465 प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये है। बैठक में नायब तहसीलदार सृजन कुमार, मुकेश राव, मनीष वर्मा, उमाशंकर, राधारमन गौतम, दीपेन्द्र कुमार सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# निष्क्रिय खंड शिक्षा अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के डीएम ने दिये निर्देश


बैठक लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।डीएम ने निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान में नामांकन की संख्या कम है, इसकी प्रतिदिन समीक्षा कर इसको बढ़ाने के निर्देश दिये। अपार आईडी में जनपद की स्थिति कमजोर है। राजेपुर ब्लॉक सबसे पीछे है, खंड विकास अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करें। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि निष्क्रिय खंड शिक्षा अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर अवगत करायें। जहां भी कायाकल्प के कार्य अधूरे है, उनको तुरंत पूरा कराये। कायाकल्प में मोहम्मदाबाद सबसे पीछे है। डीबीटी का सत्यापन कराये, बीएसए ने अवगत कराया कि जनपद में 14 लाख किताबों की जरूरत है, जिसमें से 11लाख 25 हजार प्राप्त हो गई है। जिलाधिकारी ने इनका तुरंत वितरण सुनिश्चित करने व जनपद की सभी लर्निंग लैब सही कराये जाने व सभी नामांकित 2133 दिव्यांग बच्चों के प्रमाणपत्र बनबाने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, पी0डी0 डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम को प्रा.वि. शुक्ररुल्लाहपुर में शैक्षणिक गुणवत्ता मिली चौपट


निरीक्षण करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय शुक्ररुल्लाहपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 31 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 15 बच्चे उपस्थित पाये गये। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता अत्यंत खराब पाई गई। बच्चों में सामान्य जानकारी का भी अभाव पाया गया। विद्यालय में बने मिड-डे-मिल की गुणवत्ता भी अत्यन्त खराब पाई गयी व मिड-डे-मील की मात्रा उपस्थित बच्चों के सापेक्ष अत्यन्त कम पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई गई। डीएम ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्वयं इस मामले का संज्ञान लेकर प्रधानाध्यापक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र अमित कुमार के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे व बुरे कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
राजवीर पुत्र नंदराम निवासी ग्रा0 हथौड़ा, पो0 पैथान, थाना मेरापुर, फर्रुखाबाद।

# मोदी के नेतृत्व में विकसित हुई नई खेल संस्कृति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। पहले भारत के खिलाड़ी जीतने से अधिक भागीदारी से संतुष्ट हो जाते थे मगर आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहाँ कहीं जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। इस बदलाव के पीछे बड़ी वजह सरकार की स्पोर्ट्स फ्रेंडली नीतियां भी है।

शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया के माध्यम से आज के बदलते भारत में गांवों व छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। खेलो इंडिया के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिमाह 50 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जो उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, आवश्यक उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों में हज़ारों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे है।

रक्षामंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। वहीं, अन्य विश्व स्तरीय खेलों का भी आयोजन भारत में हो, इसके भी प्रयास चल रहे हैं। जहाँ तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अगले नेशनल गेम्स के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। आज पूरा देश, नेशन फर्स्ट को पहले रखकर खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। खेल और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदलीराजनाथ सिंह ने कहा कि आज खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज माता-पिता अपने बच्चों को लिएंडर पेस, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा, पीवी सिंधु, गुकेश और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी और एथलीट के रूप में देखना चाहते है। लखनऊ स्पोर्टिंग कल्चर के लिए विख्यातउन्होंने कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश-विदेश में जाना जाता था। जिन महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडियम जाना जाता है, उन्होंने यहाँ काफ़ी लम्बा समय बिताया। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद ने भी लखनऊ की खेल संस्कृति को सँवारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और विख्यात ओलंपियन जमन लाल शर्मा की यह कर्मभूमि रही है। भारत का पहला एस्ट्रो टर्फ भी इसी लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में अस्सी के दशक में लगाया गया। लखनऊ में आजकल इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के मुकाबले हो रहे हैं, मगर एक समय था जब इसी डीसिंह बाबू स्टेडियम में शीशमहल ट्रॉफी नाम से एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता था और टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ी लखनऊ में खेलते नजर आते थे। आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर में जुड़ गया है।

### स्वहित के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध कर रहे कुछ दल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की नेता व नई दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अपने राजनीतिक हितों के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव का कुछ राजनीतिक दल विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव अपने आप में एक नीति है। एक विचार है और एक समाधान है। वह लखनऊ में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। बांसुरी स्वराज ने कहा कि समाधान के बढ़ते चुनावी खर्च का जहां जीडीपी का 1.5 प्रतिशत सिर्फ चुनावों में खर्च होता है। किसी भी चुनाव के प्रबंधन में जितनी भी चुनौतियां आती हैं उसका बहुत ही सरल और आसान समाधान एक राष्ट्र एक चुनाव में है। इसका 32 दलों ने समर्थन किया है। केवल 15 राजनीतिक दलों ने अपने राजनीतिक हितों के कारण लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

# भारत के चिंता जताने के बाद श्रीलंका ने रद्द किया पाक के साथ नौसैनिक अभ्यास

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत की ओर से चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने पाकिस्तान के साथ नौसैनिक अभ्यास रद्द कर दिया है। यह अभ्यास श्रीलंका के त्रिंकोमाली तट पर किया जाना था। भारत ने पाकिस्तानी नौसेना के चीन की पीएलए नौसेना के साथ घनिष्ठ सहयोगऔर त्रिंकोमाली में पाकिस्तानी युद्धपोतों की यात्रा को लेकर श्रीलंका के सामने चिंता जताई थी। त्रिंकोमाली श्रीलंका के उत्तर पूर्वी तट पर स्थित है और इसे भारत के समुद्री सुरक्षा हितों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 04 अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने भारत की वित्तीय सहायता से पूरी हुई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी की इस यात्रा से पहले श्रीलंका और पाकिस्तान की नौसेनाओं ने अपनी नियमित गतिविधियों के अनुरूप त्रिंकोमाली के तट पर अभ्यास करने की योजना बनाई थी। इसकी जानकारी मिलने पर भारत ने प्रस्तावित अभ्यास पर श्रीलंका के सामने अपनी चिंताएं रखी थीं। भारत का कहना था कि पाकिस्तान और श्रीलंका की नौसेनाओं के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के युद्धपोत युद्धाभ्यास के अलावा नियमित रूप से एक-दूसरे के बंदरगाहों पर जाते हैं।

भारत ने इस बात पर भी चिंता जताई थी कि अगस्त, 2022 में हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज युआन वांग के डॉकिंग ने श्रीलंका कूटनीतिक विवाद को जन्म दिया था। इसके बाद अगस्त, 2023 में कोलंबो बंदरगाह पर डॉक किए गए एक अन्य चीनी युद्धपोत ने भी नई दिल्ली में कुछ चिंताएं पैदा की थीं। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में भारत त्रिंकोमाली के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को विकसित करने में श्रीलंका को सहायता देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हालांकि, श्रीलंका या पाकिस्तान की ओर से इस योजना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन श्रीलंका के सामने भारत की ओर से चिंता जताए जाने के बाद यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई। सैन्य विशेषज्ञों ने भारत के लिए त्रिंकोमाली के रणनीतिक महत्व को समझाते हुए कहा कि इसमें बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर हिंद महासागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दबदबा बनाने की क्षमता है, इसलिए भारत ने प्रस्तावित अभ्यास पर चिंता व्यक्त करके सही किया है।

# वन रूपी क्लीनिक के फाउंडर डॉ राहुल ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की मुलाकात



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** मुंबई के जाने-माने चिकित्सक डॉ राहुल घुले ने दिल्ली पहुंच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखा। डॉ घुले मुंबई के साथ ही पूरे देश में सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दे रहे हैं। इसको लेकर हाल ही में उन्होंने मुंबई में एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किया है। वन रूपी क्लीनिक की ब्रांचेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के साथ ही पूरे देश में अपना स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान दे रही हैं।

तमाम रेलवे स्टेशनों पर वन रूपी क्लिनिक से तत्काल लोगों को प्राथमिक इलाज मिल रहा है।वन रूपी क्लीनिक पर एक रुपये के पर्चे पर मरीज देखे जाते हैं तथा सबसे सस्ती जाँच भी होती है। ऐसे में एक ऐसा तबका जो अक्सर महंगे इलाज और महंगे जांचों की वजह से अपना जान गवा बैठता था अब उसे एक उम्मीद की किरण वन रूपी क्लीनिक में नजर आ रही है।

## शादी का निमंत्रण न मिलने पर युवक ने किया कीटनाशक का सेवन

**मिर्जापुर।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक मामा के घर से शादी का निमंत्रण न मिलने पर शुक्रवार को नाराज कीटनाशक का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।थाना क्षेत्र के गांव के निवासी युवक के मामा के पुत्र की शादी 20 अप्रैल को है। जिसमें मामा ने पुत्र की शादी का निमंत्रण भांजे को नहीं दिया। युवक पूरे जोर-शोर से शादी की तैयारी में सहयोग में लगा। लेकिन किसी बात को लेकर मामा ने भांजे को अपने पुत्र के शादी में निमंत्रण नहीं दिया।जिससे नाराज 20 वर्षीय भांजे ने शुक्रवार की शाम को निमंत्रण न मिलने की नाराजगी व्यक्त करते हुए घर में रखा कीटनाशक पी लिया। देर शाम उल्टी होने व मुंह से झाग निकलने पर वह घर में बेहोश हो गया। परिजनों को युवक के जहर पी लेने की जानकारी हुई।

# ड्रमंडगंज क्षेत्र के ढेढ़ी पहरी पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, जिम्मेदार मौन

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के नौगवां ग्रामसभा के ढेढ़ी पहरी पर पत्थर खनन का अवैध कारोबार दिनरात फल फूल रहा रहा है। इससे जहां राजस्व को भारी क्षति हो रही है, वहीं पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। अवैध खनन की जानकारी होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। अवैध खनन कराने वाले स्थानीय मजदूरों को दुगुनी मजदूरी का लालच देकर पत्थर खनन करा रहेहैं। रात-दिन ट्रैक्टर ट्राली से पत्थरों और गिट्टियों को धड़ल्ले से दुलाई हो रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस भी इस पर अंकुश लगाने में नाकाम है। अवैध खनन के पत्थरों स ेगिट्टी तोड़वा कर क्षेत्र मेंबन रहे आवास आरसीसी सड़क, इंटरलाकिंग और पक्के मकान के निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है। ठेकेदार भी स्थानीय स्तर पर कम दाम पर गिट्टी मिलने से खनन माफियाओं से साठ-गांठ कर पत्थर और गिट्टी खरीद लेते हैं।

जिस जगह पर पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा है पूरी जमीन ग्रामसभा की है। पत्थर खनन से पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है। स्थानीय लोगों ने सरकारी भूमि पर कियेजा रहे अवैध खनन पर अंकुश लगाने और खननकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की जिलाधिकारी से मांग की है। इस संबंध में एसडीएम लालगंज तहसीलदार सीखा पाण्डेय बताया कि पत्थर खनन मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन यदि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा है तो मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## खुलेआम काटे जा रहे सागौन और शीशम के हरे पेड़

**छानबे (मिर्जापुर)।** वन एवं वन्य जीव सुरक्षा माह मेंशीशम,सागौन जैसी बेशकीमती लकड़ी के सौदागरों का खेल वनाधिकारियों को आइना दिखा रहा है। सांप गुजरनेके बाद लकीर पर लाठी पीटने की कहावत सौ आना सच साबित हो रहा है। वन प्रभाग लालगंज अंतर्गत नरोइयां गाँव के नकूपुर मजरा में एक सप्ताह के दौरान सागौन के कई पेड़ धराशाई हुए हैं। रात के अंधेरे में अफरा-तफरी मची रहती है। वन क्षेत्राधिकारी कृष्ण सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह वन कर्मियों कीटीम मौके पर भेजी गई। नकूपुर मजरा में बागान मालिकों के खिलाफ केश दर्जकिया गया है। जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। बीते आठ अप्रैल को इसी मजरेमेंपेड़ों की अवैध कटान पर बाग मालिकों पर 30 हजार जुर्माना किया गया था। इसके पहलेबौंता विशेषर गांव में सागौन के सैकड़ों पेड़ सौदागरों की भेंट चढ़ गए।

# 179 शिकायतों में मात्र 24 शिकायतें निस्तारित

समृद्धि न्यूज



**फरेंदा, महाराजगंज।** शासन के मंशा के अनुरूप आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आज शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 179 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई, फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष कुल 179 विभिन्न विभागों के मामले लाये गये थे। मौके पर 24 मामलों का निस्तारण कर शेष 155 जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करने के लिए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

प्राप्त शिकायतों/आवेदनों में 90 राजस्व विभाग, 30 पुलिस,12 ग्राम्य विकास और शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। 05 प्रकरणों में जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और निस्तारण आख्या को विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर देखें, ताकि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जा सके।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्या सुनने के साथ ही उनको मिलने वाली पेंशन, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जिनको उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था, उनके पात्रता की मौके पर जांच करवाते हुए आवेदन करवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। फरियादियों की समस्या के निस्तारण के साथ-साथ योजनाओं का लाभ मिलने मिलने से संतुष्ट देखे गए।

आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, जिला विकास अधिकारी करुणाकर अदीब, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा, सीएमओ के.के. शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी, एसडीएम मुकेश सिंह तहसीलदार फरेंदा नायब तहसीलदार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी तथा तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही साथ आयुर्वेद, होम्योपैथ, सप्लाई के लोग अपना अपना स्टाल लगाए हुए थे।

# नवनियुक्त प्रधानाचार्यों का हस्ताक्षर नहीं हुआ प्रमाणित

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त छह इंटर मीडिएट विद्यालय के 31 मार्चको प्रभारी के रूप में नियुक्त प्रधानाचार्यके हस्ताक्षर प्रमाणित न होने से प्रशासनिक कार्यके संचालन में दिक्कत हो रहा है। महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज, सुंदर-मुन्दर नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज मिर्जापुर, मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया, शंकर आश्रम इंटर कॉलेजसीखड़, जय हिंद विद्या मंदिर अहरौरा, शिव इंटर कॉलेज मिर्जापुर के प्रधानाचार्यों को 31 मार्चको अवकाश प्राप्त करने के बाद वहां के वरिष्ठ प्रवक्ताओं को नियमानुसार प्रधानाचार्य बनाया गया।

विभागीय कार्य के लिए उनके हस्ताक्षर के प्रमाणन के लिए पत्रावली तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को एक माह पहलेही प्रेषित कर दिया गया, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक की उदासीनता और कार्यालय के लापरवाही के कारण उनके हस्ताक्षर प्रमाणित नहीं किया गया। जिसके कारण विद्यालय के कार्य एमडीएम के खाते से पैसे का आहरण शिक्षकों के वेतन बिल पर हस्ताक्षर, विभिन्न छात्र निधियों का बैंक में जमा किया जाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहेहैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघपांडेय गुट के मंडलीय अध्यक्ष रमेश कुमार द्विवेदी नेकहा कि जिला विद्यालय शिक्षक प्रतिनिधियों का फोन भी नहीं उठाते हैं, यदि समस्याओं का समय से तत्काल समाधान नहीं किया जाता है और शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह समय सेवेतन, इनकम टैक्स कटौती का शिक्षकों एवं कर्मचारियों पेन मेंशो करना, एनपीएस के शिक्षक अंश और राज्य अंश को उनके खातेमेंप्रदर्शित करना, चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान का निस्तारण समय से नहीं किया जाता है।

# एसपी ने लगाई पुलिस की पाठशाला

समृद्धि न्यूज़

**अमेठी।** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज अमेठी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा विद्यालय की छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जागरूक किया गया।

महिलायें आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं, छात्राओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा,1076 -मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइन् आदि के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ यातायात नियमों, ओवर स्पीड वाहन न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर चलने आदि यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करने के बारे में बताया गया। जितनी जल्दी सूचना देंगे, आपके धन को वापसी होने की संभावना उतनी अधिक रहती है।

सिम ब्लॉक संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें। किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें।

## विवाहिता की मां की तहरीर पर पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजारी खुर्द गौरवा गांव निवासी इंद्रकली पत्नी रमाशंकर ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्री की देहज को लेकर प्रताड़ित कर हत्या करने के आरोप में विवाहिता के पति सहित छह लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की अपनी पुत्री 25 वर्षीय सुनीता की शादी मई 2019 में हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी कमलेश के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार किया गया था। शादी के समय क्षमतानुसार दान दहेज दिया गया था शादी के छह माह से विपक्षी पति कमलेश साकेत व सासु, देवर विमलेश, देवरानी तथा मौसा बचन व मौसी द्वारा मिलकर दहेज में मोटर साइकिल तथा अंगूठी न मिलने को लेकर प्रताड़ित करते चले आ रहे थे कि 17 अप्रैल को दिन में मारपीट कर फंद्दे पर लटका दिया गया और समय लगभग 7 बजे शाम दूरभाष से मुझे पुत्री कि तबियत खराब होने की सूचना दिया। जिस पर मेरी बहन के पहुंचने पर मौत की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## नवागत जिलाधिकारी ने ग्रहण किया कार्य भार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को जिला कोषागार पहुंचकर जिलाधिकारी अमेठी के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद के अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। नवागत जिलाधिकारी 2014 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी हैं, इससे पूर्व नगर आयुक्त सहारनपुर एवं स्मार्ट सिटी सहारनपुर के सीईओ के पद पर कार्यरत थे। नवागत जिलाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को हर-घर नल योजना से नहीं मिल रहा पानी

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिलेके हलिया ब्लाक के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों को हर घर नल योजना से पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इन गांवों मेंकभी एक घंटे तो कभी दो सेतीन दिन बाद नल से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए पहाड़ी नदी व नालों के चुआड़ मेंजुटे पानी लाना पड़ रहा है। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक रिंकी कोल नेजल निगम के इंजीनियरों के साथ इन गांवों का भ्रमण करनेपहुंची तो ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर जल निगम के इंजीनियरों को जमकरखरी खोटी बातेंसुनाई। हलिया ब्लाक के बस्कोप, निनवार दक्षिण, बरगड़ा, तिलाव नम्बर चार, अहुंगी कला, निनवार डगमगपुर और गजरिया आदि गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए हर घर नल की पाइप लाइन बिछा दी गई।

गांव में आधा अधूरा कनेक्शन देकर पानी की आपूर्ति चार माह पूर्व शुरु करा दिया गया। जब गर्मी शुरु हुई तो इन गांवों मेंपानी की आपूर्ति ही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कभी एक घंटे तो कभी दो से तीन दिन बाद पानी की आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए मजबूरन आसपास के नदी, नालों सेपानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण हैण्डपम्पों का जलस्तर काफी नीचेचला गया है।

वहीं खराब हैण्ड पम्पों की मरम्मत भी नहीं करायी जा रही है। शासन से हैण्ड पम्पों की मरम्मत करानेके लिए बजट ही नहीं दिया जा रहा है। इसी के कारण ग्राम प्रधान भी हैण्ड पम्प की मरम्मत नहीं करा रहेहै। वहीं कुछ गांवों में ग्राम प्रधानों की तरफ स ेटैंकर से पानी की आपूर्ति कराया जा रहा हैलेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है।

## नये डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** जनपद में जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनि वार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, तहसील तिलोई में 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 2 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिर खाना में 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**फरेंदा, महाराजगंज/समृद्धि न्यूज।** लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कॉलेज आनंदनगर के बी.एड्.विभाग के तत्वाधान में बी. एड्.द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक/ छात्राध्यापिकाओं के अनिवार्य पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षु सदैव अपने भावी जीवन हेतु तैयार होते हैं तथा उसका समुचित उपयोग करते हुए सामाजिक उन्नयन में अपनी भागीदारी का निर्वहन करते हैं। समापन के अवसर पर सभी अतिथियों को बी.एड्. विभाग की तरफ से विभागाध्यक्ष डॉ. महीप कुमार पांडेय द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में दीनदयाल शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महराजगंज, रोहन यादव प्रशिक्षक, देवानंद भारती प्रशिक्षक, समन्वयक डॉ शुभम श्रीवास्तव, डॉ वैभव मणि त्रिपाठी, डॉ संजय कुमार पाण्डेय, राजबहादुर सिंह, राकेश मिश्रा, राजेश कुमार एवं प्रशिक्षु आकाश, आंचल, अर्चना अनुभा, अमरनाथ, प्रशांत, त्रिपुरानंद ,संतोष, बृजेंद्र,इंदु, तनुश्री, अभिजीत आदि उपस्थित रहे।

## न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है सीताराम

**फरेंदा,महराजगंज/समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नंबर 15 निवासी सीताराम पुत्र रमाशंकर आज़ कई वर्षों से अपने भूमि की पैमाइश करवाने के लिए राजस्व से जुड़े उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिला। पुनः न्याय पाने के लिए आज जिलास्तरीय आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महराजगंज को अपनी पीडा सुनाते हुए शिकायती पत्र सौंपकर मुजहना में स्थित अपने उक्त भूमि की पैमाइश करवाने की मांग की है, जब कि इसके पूर्व उपजिलाधिकारी फरेंदा से पैमाइश करवाने के लिए शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन आज तक उक्त भूमि की पैमाइश नहीं हो पा रही है। जब कि उन्होंने अपने दिए शिकायती आवेदन पत्र में उल्लेख किया है कि एसओसी चकबंदी के आदेशानुसार मेरे विवादित भूमि की पैमाइश कराईं जाएं। लेकिन आज तक न्याय के लिए दर–दर भटक रहा सीताराम को न्याय नहीं मिल रहा है ।

## अनुप्रिया ने की नवीन मण्डी का निर्माण कराने की मांग

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर कृषि आधारित राज्य की अर्थव्यवस्था एवं किसानों की आयवृद्धि सुनिश्चित करनेके लिए नवीन एवं अत्याधुनिक मण्डी स्थल का निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है। कहा है कि कृषकों के कृषि उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने, उन्नत भंडारण एवं संरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजगढ़ या नरायनपुर में नवीन मण्डी की जरूरत है। नवीन मण्डी मेंआधुनिक उपकरणों एवं परीक्षण प्रयोगशालाओं की सुलभव्यवस्था के साथ ही कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए उपयुक्त वातावरण सृजित करनेएवं कृषक कल्याण योजनाओं केप्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है।

## समस्याओं को सुन कर करें निष्पक्ष निस्तारण : डीएम

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जनता को त्वरित और मौके पर न्याय दिलानेके लिए शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान आयोजित किया गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुछ का मौके पर तो अन्य शिकायती पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए मौके पर जाकर दोनों पक्षो को सुननेके बाद निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी तरह सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल में लोगों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर सदर में एसडीएम गुलाब चंद व अन्य अधिकारी रहे।

## हिंसा के विरोध में विहिप ने सौंपा ज्ञापन




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** जनपद में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई द्वारा विश्व हिंदू परिषद जनपद की जिला अध्यक्ष डॉ सरिता सिंह की अध्यक्षता में सरकार द्वारा वक्त वक्फ बोर्ड खत्म करने पर देश में जगह–जगह हो रही हिंसा के विरोध में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ नवागत जिलाधिकारी को राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला इकाई द्वारा देश में जगह–जगह हो रही हिंसा पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा सरकार से यह माँग की गयी है कि देश में जगह जगह हो रही हिंसा को रोका जाए अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अभिमन्यु कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथ रहे।

## दिव्यांग न्यायालय का आयोजन गौरीगंज तहसील सभागार में

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक जनपद के जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर, निकट विकास भवन गौरीगंज के स्थान पर तहसील सभागार, गौरीगंज में न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ मोबाइल कोर्ट की बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि आयोजित बैठक में जनपद के समस्त विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे जिसमें दिव्यांगजन उपस्थित होकर अपनी शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निराकरण उक्त तिथि को ही करा सकते हैं।

## हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर निकाली प्रभात फेरी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शासन द्वारा 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न तिथियों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जनपद की सभी ग्राम सभाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर एवं झंडों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरांत सभी ग्राम सभाओं के पंचायत भवनों में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर संबंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं अन्य ग्रामीण स्तर के कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया साथ ही वाद–विवाद प्रतियोगिता, गोष्ठी एवं सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।